आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया 03:47 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 14 जून 2025
वर्ष 6, अंक 204, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार, शिक्षा का केंद्र 12

कई देशों के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर 14

## एक नजर

### ओडिशा में दो नक्सली कमांडर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और ओडिशा पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान में मलकानगिरी जिले के जंगलों में मुठभेड़ के बाद दो नक्सली कमांडरों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि कांगेरघाटी क्षेत्र के एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) केसा कवासी (32) और आंध्र-ओडिशा सीमा माओवादी सैन्य प्लाटून के एसीएम राकेश उर्फ सानू कुंजम (30) को सुरक्षा बलों ने उक्त जिले के सोडिगुडा और तेंतुलीगुडा गांवों के निकट से गिरफ्तार किया। दोनों नक्सलियों से एक पिस्तौल, दस इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक वॉकी-टॉकी और एक रेडियो, छह राउंड गोलियां, दो चाकू और कुछ अन्य सामान बरामद किया गया है।

### सीबीआई ने साइबर अपराधी को दबोचा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक साइबर अपराधी गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है जो भोले-भाले लोगों को धोखाधड़ी की साजिश में फंसाने के लिए सिम कार्ड मुहैया कराता था। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि धोखाधड़ी की इस साजिश के तहत आरोपियों ने प्रतिष्ठित सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों को लोगों को रियायती दरों पर बेचने की पेशकश की।

### परिषदीय विद्यालयों में 30 तक ग्रीष्मावकाश

**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 15 दिन बढ़ा दिया गया है। विद्यालय अब 30 जून तक बंद रहेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। भीषण गर्मी के चलते यह फैसला लिया गया है। वहीं शिक्षकों और कर्मचारियों को 16 जून से तय समय सारिणी से ही स्कूल आना होगा। सचिव की ओर से जारी पत्र के अनुसार परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश था। जिसे 30 जून तक बढ़ाया गया है।

# ब्लैक बॉक्स मिला, एनआईए ने शुरू की जांच

**अहमदाबाद में विमान हादसा**

## जांच एजेंसी एएआईबी ने बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की छत से किया बरामद

## शवों की कराई जा रही डीएनए जांच, गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान नहीं

**अहमदाबाद, एजेंसी**

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने शुक्रवार को कहा कि एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। विमान का ब्लैक बॉक्स बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। वहीं, एनआईए और अन्य केंद्रीय एजेंसियों ने भी अहमदाबाद पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जांच में सहयोग के लिए ब्रिटेन, अमेरिका के दल भी पहुंचे हैं। उधर, हादसे में मारे गए लोगों में से 6 की पहचान के बाद उनके शव परिजनों को सौंप दिए गए जबकि अन्य शवों की पहचान के लिए डीएनए जांच की जा रही है। हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की भी पहचान नहीं हो सकी है।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग-787 विमान एआई 171 हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ही बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। एक अधिकारी ने बताया कि ब्लैक बॉक्स आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। एएआईबी ने कहा कि हमने जांच का काम तुरंत काम शुरू कर दिया। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारियों ने दुर्घटनास्थल पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय की टीमों के साथ जांच में भाग लिया। छत से डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) बरामद कर लिया गया है।



अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने विमान हादसे के बारे में जानकारी ली। ● एजेंसी

### मोदी ने दुर्घटनास्थल का जायजा लिया, घायलों से मिले

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद में उस जगह पहुंचे जहां गुरुवार को एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। प्रधानमंत्री ने विमान हादसे में घायल हुए लोगों से भी मुलाकात की। हादसे में मारे गए लोगों में से छह की शिनाख्त करने के बाद शुक्रवार को उनके शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि अन्य शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल है इसलिए उनकी शिनाख्त के लिए डीएनए जांच की जा रही है। प्रधानमंत्री सुबह यहां सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां से सीधे मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने करीब 20 मिनट दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने प्रधानमंत्री को विमान के मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी दी। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी थे। मोदी ने विमान दुर्घटना में घायल हुए लोगों से सिविल अस्पताल में मुलाकात की। उन्होंने एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश से भी मिले। प्रधानमंत्री ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री वियज रूपाणी के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। रूपाणी दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार थे। मोदी ने अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास गुजरात राज्य विमानन अवसंरचना कंपनी लिमिटेड के दफ्तर में प्रदेश के और नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस निरीक्षक चिराग गोसाई ने कहा, हमने शवों की पहचान के लिए डीएनए के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 215 मृतकों के रिश्तेदारों ने नमूने देने के लिए हमसे संपर्क किया है।

ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण है जो उड़ान के दौरान विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह विमानन दुर्घटनाओं की जांच में मदद करता है।

वहीं, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने शुक्रवार को अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया। लंदन के लिए रवाना हुआ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई171) विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मेघाणी नगर क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें यात्री और चालक दल के सदस्यों समेत 280 से अधिक लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में केवल एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी।

### ब्रिटेन और अमेरिका के जांच दल भी पहुंचे

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान के तत्काल दुर्घटनाग्रस्त होने को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन है और भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों इसके लिए सुरक्षा पर ही सबसे ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। चंद्रशेखरन ने कहा कि पूरा समूह सदमे और शोक में है। कहा कि हम हर स्तर पर घायलों और पीड़ितों के साथ हैं। ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल भी अहमदाबाद पहुंच चुके हैं। उन्हें हमारी तरफ से पूरा सहयोग रहेगा और इस दुर्घटना के निष्कर्षों को लेकर हर कदम पर पारदर्शी रहेगा। कहा कि दुर्घटना को लेकर लोग बहुत सारे अनुमान भी लगा रहे हैं, लेकिन अभी धैर्य रखने की जरूरत है।

### ड्रीमलाइनर विमानों की सुरक्षा जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का शुक्रवार को आदेश दिया। डीजीसीए के विस्तृत निरीक्षण के तहत टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की विभिन्न प्रणालियों की जांच और 'टेक-ऑफ' (उड़ान भरने संबंधी) मापदंडों की समीक्षा की जाएगी।

एयर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया को जीईएनएक्स इंजन से लैस अपने बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करने का तत्काल प्रभाव से



निर्देश दिया है। ये कार्रवाई डीजीसीए के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के समन्वय से की जाएंगी।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति जीवित बचा। नियामक ने 15 जनवरी से बोइंग 787 विमानों की विभिन्न एकबारगी जांच के आदेश दिए हैं।

### मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया

● **विमान में एकमात्र जिंदा बचे यात्री रमेश की आपबीती**



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहे एयर इंडिया की दुर्घटनाग्रस्त उड़ान एआई 171 के एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश ने कहा कि उन्हें अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि कैसे वह चमत्कारिक रूप से उस हादसे में बच गए हैं जिसमें 280 से अधिक लोगों की जान चली गई है। ब्रिटिश नागरिक रमेश ने कहा कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद ही रुक गया तथा हरी और सफेद बत्तियां जल उठीं। दूरदर्शन को दिए साक्षात्कार में लीसेस्टर निवासी रमेश ने कहा कि यह सब मेरी आंखों के सामने हुआ। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया। उन्होंने कहा, एक पल के लिए मुझे लगा कि मैं मरने वाला हूं, लेकिन जब मेरी आंखें खुलीं तो मैं जीवित था। मैंने सीट से अपनी बेल्ट खोली और बाहर निकल आया। रमेश ने कहा कि मेरी आंखों के सामने एयरहोस्टेस और अंकल-आंटियों की मौत हो गई। एक मिनट के भीतर ऐसा लगा कि विमान रुक गया है... और विमान एक इमारत से टकरा गया। रमेश विमान की सीट संख्या 11ए पर बैठे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती रमेश से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा।

# इजराइल का हमला, ईरान ने भी दागे ड्रोन

## ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड प्रमुख, मिसाइल कार्यक्रम के संचालक और सैन्य प्रमुख मारे गए

● **ईरान के परमाणु और मिसाइल ठिकानों पर एयर स्ट्राइक, 18 की मौत**

**दुबई, एजेंसी**

इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए शुक्रवार को सुबह देश की राजधानी पर हमले किए जिनमें तीन शीर्ष सैन्य अफसरों की मौत हो गई जबकि पूर्वी अजरबैजान प्रांत में 11 सैन्य स्थलों पर हुए हमले में 18 लोग मारे गए हैं। इन हमलों से पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधी मुल्कों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है।



ईरान के तेहरान शहर में विस्फोट के बाद उठता धुआँ। ● एजेंसी

यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा तनाव के मध्य हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने हमले के बाद कहा कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। इजराइल की सेना ने कहा है कि ईरान उस पर किए गए हमलों के जवाब में इजराइल पर ड्रोन दाग रहा है।

इजराइल के मुख्य सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने कहा कि पिछले कुछ घंटों में ईरान ने इजराइल की ओर 100 से अधिक ड्रोन दागे हैं। डेफ्रिन ने कहा कि लगभग 200 इजराइली लड़ाकू विमान अभियान में शामिल थे और लगभग 100 लक्ष्यों पर हमला किया गया तथा हमले अब भी जारी हैं। ईरान भर में कई स्थानों हमला किया गया जिसमें ईरान का मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र भी शामिल है। इजराइल के हमले में ईरान के अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी और गार्ड के मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हजीजादेह तथा सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी भी मारे गए।

### ईरान समझौता करे या विनाश का सामना : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह परमाणु समझौता करने पर राजी हो या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के कट्टरपंथी नेताओं को समझौते पर पहुंचने की जरूरत है, नहीं तो उन्हें विनाश का सामना करना पड़ेगा।

### अनाथ बच्चों को आरक्षण देगा इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय

● **शैक्षणिक सत्र 2025 26 से पूर्ण शुल्क माफी की घोषणा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) ने 2025-26 सत्र से अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों में अनाथ बच्चों को आरक्षण प्रदान करने की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार एकल बालिका संतान के लिए आरक्षण लागू करने के एक वर्ष बाद यह कदम उठाया गया है जिसका लक्ष्य समावेशी शिक्षा प्रदान करना है तथा उसे विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद ने मंजूरी दी है।

प्रत्येक विश्वविद्यालय स्कूल और कार्यक्रम में अनाथ आवेदकों के लिए एक अतिरिक्त सीट आरक्षित की जाएगी। ये छात्र विश्वविद्यालय की आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) योजना के तहत पूर्ण ट्यूशन फीस माफी के भी पात्र होंगे। इस पहल पर प्रकाश डालते हुए कुलपति महेश वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य सभी को शिक्षा प्रदान करना है, जिसमें कोविड-19 महामारी या अन्य कारणों से अनाथ हुए बच्चे भी शामिल हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन विद्यार्थियों को सरकारी वित्तीय सहायता योजनाओं का भी लाभ मिले। आईपी विश्वविद्यालय ऐसा आरक्षण लागू करने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय है।

### एयर इंडिया के विमान की थाईलैंड में आपात लैंडिंग

● **फुकेट से दिल्ली आ रहे विमान को मिली थी बम रखा होने की धमकी**

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड के रिसॉर्ट द्वीप फुकेट से शुक्रवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। फुकेट हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 379 को बाद में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि विमान के उतरने के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

रिपोर्ट में बताया गया कि विमान की सघन जांच के बाद उसके अंदर से कोई बम नहीं मिला। थाईलैंड हवाई अड्डे के अधिकारी उस यात्री से पूछताछ कर रहे हैं जिसने विमान पर बम की धमकी वाला नोट दिखाया था। विमान में 156 यात्री सवार थे। विमान ने आज स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े नौ बजे फुकेट हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ान भरी।

### पठानकोट में आपात स्थिति में उतरा अपाचे

**पठानकोट।** भारतीय वायुसेना के एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पंजाब के पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हलेड़ गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है।

# नहाने गए छह बच्चे डूबे, चार के शव मिले, इनमें दो बच्चियां भी

● **सीतापुर में शारदा नदी में नहाने गए खीरी के 4 बच्चे डूबे दो के शव मिले**

● **शाहजहांपुर के सेहरामऊ क्षेत्र में दो बच्चियों की तालाब में डूबने हुई मौत**

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर/शाहजहांपुर/सेहरामऊ**

**अमृत विचार :** सीतापुर जनपद सीमा क्षेत्र से होकर गुजरी शारदा नदी में नहा रहे चार बच्चे गहरे पानी में डूब गए। तंबौर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव के छोर पर बहती नदी से दो शव देर शाम निकाले गए। अन्य की तलाश में पुलिस देर रात तक मौजूद रही।

मृतक और लापता बच्चे लखीमपुर खीरी जनपद के ईसानगर थाना क्षेत्र स्थित हसनपुर कटौली गांव के रहने वाले हैं। दूसरी घटना शाहजहांपुर जिले के सेहरामऊ की है। यहां तालाब में नहाने गईं दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। पहली घटना में लखीमपुर खीरी के ईसानगर थाना क्षेत्र स्थित हसनपुर कटौली निवासी अविनाश शुक्ला, राहुल शुक्ला, देवांश दीक्षित और उत्कर्ष मिश्रा सीतापुर सीमा पर शारदा नदी के दूसरी छोर पर नहाने के लिए आए थे। चारों नहाते हुए गहरे पानी में चले गए।

तट पर मौजूद ग्रामीणों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। खबर पाकर एसओ तंबौर राकेश सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से अविनाश शुक्ला (14) और उत्कर्ष मिश्रा (14) के शव निकाले जा सके। राहुल शुक्ला (14) और देवांश दीक्षित (14) की तलाश में दोनों जनपदों की पुलिस लगी हुई है।

वहीं, शाहजहांपुर के सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव गोरीखुर्द निवासी रामसेवक की 7 वर्षीय पुत्री मधु और दिलीप की 5 वर्षीय पुत्री सरोजनी शुक्रवार शाम अन्य बच्चों के साथ गांव के पास तालाब पर नहाने गई थीं।

इस दौरान दोनों गहराई में चली गईं और डूब गईं। करीब आधे घंटे बाद दोनों को बाहर निकाला जा सका जिन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# अगले हफ्ते प्रदेश में दस्तक दे सकता है मानसून

## मौसम विज्ञान विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान, 14-15 जून से होगी पूर्वी क्षेत्र में अधिकतम तापमान में गिरावट

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** गर्मी से हलकान लोगों को मॉनसून राहत देने की तैयारी में है। आने वाले दिनों में कई राज्यों में मानसून की ठंडी फुहारें पड़ सकती हैं। दरअसल, एक नया मानसूनी सिस्टम बंगाल की उत्तर खाड़ी में 14 जून के करीब तैयार होगा। इसे साइक्लोनिक सर्कुलेशन कहते हैं जो 48 घंटों में और मजबूत हो जाएगा।

फिलहाल यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान की सीमा तक पहुंचेगा। इस रास्ते में यह उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश का सिलसिला तेज करेगा।



हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि जोरदार बारिश 16 जून के बाद ही शुरू होगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मॉनसून प्रणाली के 22-23 जून तक दिल्ली पहुंचने की संभावना है, जो दिल्ली की सामान्य शुरुआत की तारीख (27 जून) से पहले है। चूंकि उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से पश्चिमी भाग, दिल्ली से सटा हुआ है, इसलिए मॉनसून के इन तारीखों के आसपास या उससे पहले ही प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है।

अनुमान है कि, जैसे ही यह सिस्टम पश्चिम की ओर बढ़ेगा, यह मानसून की धारा को और फैलाएगा। 19 से 21 जून के बीच मानसून छत्तीसगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश को कवर कर लेगा। इसके बाद, सप्ताह के अंत तक मानसून की धारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम और उत्तर मध्य प्रदेश, दिल्ली और पूर्वी राजस्थान तक पहुंचने की संभावना है।

### 19 से 25 जून के बीच उत्तर प्रदेश में होगी बारिश

**लखनऊ।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के विश्लेषण के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 19 से 25 जून के बीच उत्तर प्रदेश में दस्तक देने की संभावना है। यह सामान्य आगमन की तारीखों से कुछ दिन पहले हो सकता है, जिससे भीषण गर्मी से जूझ रहे प्रदेशवासियों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, मॉनसून ने इस सप्ताह फिर से तेजी पकड़ी है। यह 18 जून तक मध्य और पूर्वी भारत के शेष हिस्सों और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को कवर कर लेगा। इसके बाद, 19 से 25 जून के बीच यह उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश भी शामिल है।

> मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 जून तक पूर्वी उत्तर प्रदेश और 25 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून के प्रवेश की संभावना है। बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभाग आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कर लें।
> – **मनोज कुमार सिंह**, मुख्य सचिव (उप्र.)

## एक नजर

### तिलहर में भाई पर आग लगाने का आरोप

**तिलहर।** युवक ने पुलिस को तहरीर देकर भाई पर गन्ने के खेत में आग लगा देना व शिकायत करने पर गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया। थाना क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी ऋषिपाल ने पुलिस को गुरुवार रात करीब 7:30 बजे तहरीर देकर बताया कि वह रिश्तेदारी में बाहर गए थे। चार दिन बाद घर वापस आए और जब खेत में देखा तो उसके गन्ने के खेत मे उसके भाई ने आग लगा दी। जिससे युवक के खेत का गन्ना और लगे पेड़ जल गए। युवक बताया जब भाई से शिकायत करने गए तो भाई ने उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की। जिससे युवक के गुम चोटे लगीं। आरोप लगाया कि भाई ने भी गन्ने के खेत में आग लगाई है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

### मारपीट के मामले में छह नामजद गिरफ्तार

**रोजा।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर में शबनम और इकबाल के पक्ष के बीच मामूली बात को लेकर मारपीट हो गयी थी। दोनों पक्षों की तरफ से नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि एक पक्ष के नसीरुद्दीन, नसीम और दूसरे पक्ष के शाकिर, रहीम, नईम, सरताज निवासी मिश्रीपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी का चालान कर दिया।

# काल बन रहा तारबाड़ में दौड़ रहा करंट, जा चुकीं कई जानें

## फसलों की सुरक्षा को लेकर तारबाड़ में करंट दौड़ा रहे किसान, ब्लेड वाले तार के बाद किसानों में करंट दौड़ाने का चालान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** तारबाड़ में दौड़ रहा करंट किसानों के लिए काल बन रहा है। अब तक कई जानें जा चुकी हैं। इसके बाद भी तारबाड़ खेतों में लगी देखी जा रही है। हाल ही में कांट क्षेत्र में तारबाड़ में छोड़े गए करंट के चलते दो भाईयों की मौत हो जाने के बाद एक बार फिर तारबाड़ लगाने पर पाबंदी की मांग उठने लगी है। हालांकि किसानों का कहना है कि अगर तारबाड़ न लगाएं तो सारी फसल पशु चर जाएंगे। फसल तबाह होने पर भी किसानों के भूखे मरने की नौबत आ जाती है। लेकिन ज्यादातर किसान तारबाड़ में करंट छोड़े जाने के खिलाफ हैं। किसानों का कहना है कि तारबाड़ में करंट नहीं छोड़ा जाना चाहिए, इससे जनहानि होने की प्रबल आशंका रहती है। पशुओं से फसल रक्षा के लिए सिर्फ तारबाड़ ही काफी है। पहले किसान ब्लेड वाले तार का इस्तेमाल करते थे, लेकिन अब करंट छोड़ने का चलन बढ़ रहा है।

प्रतिबंध के बावजूद गोवंशीय पशुओं से फसल सुरक्षित करने के लिए लगाए जा रहे तार लोगों की जान पर भारी पड़ रहे हैं। तारों में करंट छोड़ देने से कई लोग अब तक जान गवां चुके हैं। फसल की रखवाली के लिए लगाई गई झटका मशीन के करंट से भी लोगों की जान खतरे में पड़ रही। इसके बावजूद न तो तार बेचने वालों पर कार्रवाई की जा रही है और न ही किसानों को जागरूक किया जा रहा है। फसल चरने के लिए खेत में घुसने का प्रयास करने पर ब्लेड या कंटीले तारों के कारण गोवंशीय पशु बुरी तरह से जख्मी हो जाते हैं। कई बार पशुओं की मौत भी हो जाती है।

अपर मुख्य सचिव रजनीश दुबे की ओर से 21 सितंबर 2022 को जारी शासनादेश में इन तारों पर प्रतिबंध लगाया गया था। 2023 में तत्कालीन डीएम उमेश प्रताप सिंह ने भी जिले में कंटीले व ब्लेड वाले तारों पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसी तरह से तारों में करंट छोड़ देने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। तारों के बेचे जाने पर भी कोई प्रतिबंध नहीं है। गांवों में सैकड़ों गोवंशीय पशु घूमते हैं। दिन-रात रखवाली के बावजूद जरा-सा मौका मिलने पर जानवर किसान की फसल चट कर जाते हैं। मजबूरी में करंट किसान खेत के आसपास तारों की बाड़ लगा देता है। खेतों में अवैध ढंग से करंट दौड़ा दिया जाता है।

दूसरी ओर झटका मशीन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। खेतों को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए किसान झटका मशीन लगा रहे हैं। झटका मशीन इन्वर्टर की तरह का उपकरण है और यह बैटरी से चलता है। झटका मशीन को खेत के चारों ओर तार की बाड़ के साथ लगाया जाता है। झटका मशीन एक उच्च वोल्टेज करंट उत्पन्न करती है, जिसकी सीमा 18 वोल्ट से लेकर 9,999 वोल्ट तक होती है। झटके से तारों में करंट प्रवाहित करती रहती है। किसानों का कहना है कि जब कोई जंगली जानवर तार को छूता है, तो उसे झटका लगता है और वह खेत में प्रवेश करने से डर जाता है। अगर कोई व्यक्ति तार पर गिर जाए तो उसे लगातार झटके लगते रहते हैं और इससे मौत तक हो सकती है।

### भारी नुकसान कर रहे छुट्टा पशु



क्षेत्र में छुट्टा घूम रहे पशुओं से किसानों का बहुत भारी नुकसान होता है। जिसके लिए किसानों को झटका मशीन लगानी पड़ती है। हालांकि इलेक्ट्रिक तारों में महज डीसी करंट दौड़ता है जिससे सिर्फ झटका लगता है। यह करंट जानलेवा नहीं होता। तारों में बिजली का करंट किसी हाल में नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

–बलदेव सिंह, किसान नत्थापुर

### सरकारों की नाकामी से घूम रहे पशु



सरकारों की नाकामी के चलते भारी संख्या में छुट्टा पशु सड़कों और खेतों में घूमकर किसानों और राहगीरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसके लिए किसान पहले कटीले तार लगाकर फसल बचाने का प्रयास करते थे, लेकिन उनसे जानवरों को चोट पहुंचती थी। इलेक्ट्रिक तार से जानवरों को झटका लगता है, लेकिन हानि नहीं होती। हम बिजली का करंट तारों में छोड़ने के खिलाफ हैं।

–जसपाल सिंह, किसान बेला

- हाल ही में कांट में हुई दो सगे भाइयों की मौत

> तारबाड़ में करंट छोड़ना प्रतिबंधित है। किसानों को इसके लिए जागरूक किया जाएगा। अगर इसके बाद भी सुधार नहीं होता है तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> –रजनीश मिश्रा, एडीएम प्रशासन।

### किसान बोले-पशुओं से फसल बचाने को कर रहे जतन

**पुवायां।** अपनी फसलों को बचाने के लिए किसान कई तरह के नुस्खे अपनाते रहते हैं। कभी तारबाड़ तो कभी कटीले तारों को लगाकर छुट्टा पशुओं से फसलों को बचाने का प्रयास करते हैं। वर्तमान में किसानो ने इलेक्ट्रिक तारों को लगाने नया रास्ता निकाला है। किसानों के अनुसार सरकारों ने छुट्टा पशुओं के लिए गोशाला तो बनवा दीं, लेकिन उनका संचालन करने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं मुकम्मल नहीं हैं। तमाम गोपालक भी दूध निकालकर अपने पशुओं को सड़क पर छोड़ दे रहे हैं, जो हादसों का कारण बन रहे हैं।

### बिजली और ब्लेड वाले तार से यह हुए हादसे

- 13 जनवरी 2025 को मिर्जापुर के गांव संगहा में 10 वर्षीय सुमित यादव का हाथ खेत में लगे तार से छू गया था। करंट लगने से उसकी मौत हो गई थी।
- 22 मार्च 2025 को बंडा के रामदेवरी गांव के बृजेश बृजेश खेत पर लगाए गए बिजली के तार की चपेट में आ गए थे। उनकी मृत्यु हो गई थी।
- 24 दिसंबर 2024 को खुदागंज क्षेत्र के ग्राम सूथा निवासी भगवत सरन पाल के दो बेटे विक्रम (15 वर्ष) और विकास (12 वर्ष) बाइक सेजा रहे थे।
- रास्ते में बाइक फिसलने से खेत पर ब्लेड वाले तार पर गिरगए। विकास की गर्दन कटने से मौत हो गई। विक्रम गंभीर रूप से घायल हुआ था।
- 26 जुलाई 2024 को बिहारीपुर नगरिया के सत्यपाल का 18 वर्षीय बेटा केसर सिंह नलकूप से पाइप डालने गया था। गन्ने में लगे कंटीले तारों में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी।
- 12 जून 2023 को जलालाबाद क्षेत्र के चितरऊ गांव निवासी प्रदीप कुमार की पूजा सिटी कॉलोनी के सामने से आ रहे वाहन से टकराकर खेत में बंधे ब्लेड वाले तारों पर गिर जाने से मृत्यु हो गई।
- तीन मई 2023 को निगोही क्षेत्र के कुदिन्ना गांव निवासी रमनपाल की मृत्यु हो गई थी। घर से कुछ दूरी पर स्कूल वैन की टक्कर से रमनपाल ब्लेड वाले तारों पर गिर गए थे।
- पुवायां क्षेत्र के जारमानो गांव निवासी किराना व्यापारी दिनेश श्रीवास्तव की जनवरी 2020 में ब्लेड के तारों पर गिरने से मृत्यु हो गई थी।

## अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर दलित समाज में रोष


**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया की एक बैठक पुवायां रोड पर बुद्ध बिहार में संपन्न हुई। बैठक में सोसाइटी के प्रदेश सचिव सुरेश पाल सिंह ने बताया कि विगत सप्ताह स्वीटी गुप्ता द्वारा बहुजन समाज के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर अनेक सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराया था। उसके बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की गयी और मामला शांत हुआ। इसी क्रम में 11 जून को निगोही थाना के गांव घूर खेड़ा के आकाश, राजपाल और विजय ने अपनी आईडी से एक वीडियो वायरल किया है, जिसमें युवकों द्वारा अंबेडकर को पीटते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग कर अपमानित करने का दुस्साहस किया गया है। सोसाइटी के जिलाध्यक्ष एवं शहबाजनगर ग्राम प्रधान महेश चंद्र गौतम ने निगोही थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके पूछताछ कर रही है। बैठक में कवि ज्ञानेंद्र मोहन, रामसेवक गौतम, वेदपाल सुमन, धर्मवीर, राजेश कुमार, बाबूराम, रोहित, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

## गर्भवती पत्नी और मां को पीटने का आरोप

**तिलहर, अमृत विचार:** दलित युवक ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर गर्भवती पत्नी व मां को पीटने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। युवक ने पुलिस पर मुकदमा दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थना पत्र दिया।

घेरचौबा मोहल्ला के आशुतोष वर्मा ने बताया कि 11 जून की रात घर पर उसका परिवार था। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले का ही एक युवक अपने कुछ साथियों के साथ घर में घुस आया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी गर्भवती पत्नी, बीमार मां के साथ मारपीट की और जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मोहल्ले के लोगों के आ जाने पर आरोपी मौके से चले गए लेकिन कुछ देर बाद आरोपी साहिल अपने साथियों को लेकर आ गया और जमकर गाली-गलौज की।

आशुतोष वर्मा ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत कोतवाली में की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोपी लगातार उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जिससे उसका परिवार डरा हुआ है।




# प्रोबेशन कार्यालय में अनियमितताओं का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



डीएम के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपते युवा कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- युवा कांग्रेस ने डीएम के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा
- विभाग के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप

**अमृत विचार:** युवा कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) के कार्यकाल में हुई गंभीर अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और अनाथ बच्चों के साथ दुर्व्यवहार के मामलों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम जलालाबाद दुर्गेश यादव को सौंपा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि अनाथ बच्चों और महिलाओं के साथ हो रहा अन्याय असहनीय है। डीपीओ गौरव मिश्रा के भ्रष्टाचार और लापरवाही ने जिले में महिला कल्याण विभाग को बदनाम किया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कठोर सजा देने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष एनएसयूआई प्रत्युष मिश्रा ने कहा कि अनाथ बच्चों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अधिकारी स्वयं उनकी पीड़ा का कारण बन रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह पारदर्शी जांच कर जनता के सामने सच्चाई लाएं।

जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस के सईद अंसारी ने कहा कि डीपीओ के कार्यकाल में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। जिला युवा कांग्रेस ने मांग की है कि उपरोक्त सभी मामलों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। ताकि अनियमितताओं का खुलासा हो। इस अवसर पर शिव ओम मिश्रा, शावेज खान, शहनबाज खान, फरमान खान, सुधांशु मिश्रा, तस्लीम अंसारी, संतोख सिंह, जितेंद्र पाल, राहुल कुमार एड, मोहम्मद निहाल एड, संजय सक्सेना, उमंग त्रिवेदी, अंकुर दीक्षित, अनस आलम, रोहित जट, सागर गुप्ता, नितिन तिवारी, नितेश गुप्ता, सत्यम रस्तोगी, हिमांशु मुदगल, सुमित शर्मा, आकाश पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

## सुविधा: शाहजहांपुर-पीलीभीत के बीच चलेगी पैसेंजर ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद की मांग पर रेल मंत्री ने दी स्वीकृति
- जल्द शुरू होगा संचालन, दोनों जिलों की जनता को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर से पीलीभीत के बीच पैसेंजर ट्रेन चलने को मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने इसके लिए रेल मंत्री से अनुरोध किया था। जिस पर रेल मंत्री ने ट्रेन चलाने को मंजूरी दे दी है। इससे दोनों जिलों के हजारों लोगों का फायदा होगा। लोग कम पैसे में आसान यात्रा कर सकेंगे।

केंद्रीय मंत्री के प्रयासों से उनकी कर्मभूमि पीलीभीत व जन्मभूमि शाहजहांपुर के बीच एक नई पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू होने जा रहा है। मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने बताया कि जितिन प्रसाद ने दोनों जनपदों के लोगों के सुगम यातायात के लिए इस ट्रेन सेवा को प्रारम्भ करने के संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की थी। प्रसाद ने इस ट्रेन के संचालन को स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस नवीन ट्रेन संख्या 55363/64 पीलीभीत-शाहजहांपुर पैसेंजर की घोषणा अंत्योदय की भावना को चरितार्थ कर रही है।



जितिन प्रसाद।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि यह ट्रेन सेवा तराई के जिलों के बीच हर वर्ग की लाइफ लाइन बनकर न केवल उनकी दूरी कम करेगी बल्कि व्यापारिक संभावनाएं बढ़ाकर दोनों जनपदों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। प्रसाद ने कहा कि अति शीघ्र ही सेवा शुरू हो जायेगी।


**VARUN ARJUN UNIVERSITY**
V.A.U. The path to education
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307

ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

ADMISSIONS NOW!

**VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

**VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

**VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

**VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

**VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in


## मिश्रीपुर ढाबे के पास खड़े ट्रक में लगी आग

संवाददाता, रौसरकोठी

**अमृत विचार:** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मिश्रीपुर ढाबे के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देख लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि यह ट्रक पुवायां थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी रामाधार का है। घटना के समय ट्रक ढाबा के पीछे खाली पड़े मैदान खड़ा था। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट इसकी वजह हो सकता है। ट्रक मालिक रामाधार ने बताया ट्रक ढाबा पर खड़ा था वह ढाबे पर खाना खा रहे थे अचानक से आग लग गई। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त ट्रक में कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।



आग बुझाते दमकल कर्मी।

## पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

**तिलहर, अमृत विचार:** न्यायालय के आदेश पर पति समेत 5 पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीलीभीत थाना दियूरिया कलां गांव हिम्मतपुर मोहद्दीपुर निवासी रामरतन ने बताया कि उसकी बेटी पिंकी की शादी 6 मार्च 2024 को विवेक से हुई है। शादी के बाद से दामाद व उसके परिवार वाले दहेज के लिए मारपीट करते हैं। 21 अप्रैल 2025 को सुबह बेटी का फोन आया कि मुझे घर बुला लो मेरे पति सहित ससरुल वाले 3 लाख रुपए, फ्रीज, मोटर साइकिल और कूलर दहेज में दिलवाने का दबाव डालते हैं। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कंधरपुर अल्हदादपुर में भ्रष्टाचार की जांच करने पहुंचे अधिकारी

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार:** ब्लॉक बंडा की ग्राम पंचायत कंधरपुर अल्हदादपुर में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत पर जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट बनाई।

शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार की ओर से 28 मार्च 2025 को जिला अधिकारी से विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत की थी, जिस पर उन्होंने टीम गठित कर ग्राम पंचायत की जांच कराई है, जिसमें पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता महेंद्र पाल और एआर कॉपरेटिव अखिलेश सिंह ने जांच की। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन में मिट्टी भराव, यंत्र खरीद की जांच की। जिस पर ग्राम प्रधान और सचिव कोई साक्ष्य नहीं दिखा सके। साथ ही अमृतसरोवर पर जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने गुणवत्ता पर सवाल उठाए। साथ ही कराए गए कार्यों की फाइल उपलब्ध कराने की बात कही है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए गांव अल्हादादपुर में इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण में खड़ंजा की पुरानी ईटों को उखाड़ कर मानक विहीन ईंटों के इस्तेमाल पर नाराजगी जाहिर की। वहीं इस्तेमाल की गई मौजूद ईटों को लेब भेज कर जांच कराने की बात कही है। ग्राम प्रधान कंधरपुर अल्हदादपुर में बने विद्यालयों में रंगाई-पुताई की भी कोई फाइल नहीं दिखा सके। इससे उन्होंने पंचायत सचिव से निष्पक्ष जांच करने के साथ साथ सभी अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए कहा है।



स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारी। ● अमृत विचार




## एक नजर

### पिता-पुत्र पर फायरिंग से मची अफरा-तफरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली क्षेत्र में पिता और पुत्र पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। फायरिंग से अफरा-तफरी मच गयी। फायरिंग करने वाले भाग गए। चौक कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल रहमान अपने पिता के साथ शुक्रवार की रात पौने नौ बजे मिठाई की दुकान से लौट रहे थे। आंख के अस्पताल के सामने दबंगों ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिए। फायरिंग से अफरा-तफरी मच गयी। किसी के गोली नहीं लगी। आरोपी फायरिंग करते हुए भाग गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और जानकारी की। उन्होंने बताया कि अब्दुल रहमान का बच्चों को लेकर विवाद दूसरे पक्ष से हो गया था। इसलिए दूसरा पक्ष रंजिश मान रहा था। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कहीं अवैध कब्जे तो कहीं गंदगी से पटे तालाब

## महानगर के कई तालाब दुर्दशा का शिकार, अमृत सरोवर में चयन के बाद भी सौंदर्यीकरण से वंचित कई तालाब

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


चिनौर स्थित तालाब पर भवन का निर्माण करा दिया गया है। ● अमृत विचार


पक्का तालाब की खुदाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महानगर में अवैध कब्जे और गंदगी, तालाबों की सुंदरता को बट्टा लगा रही है। इस समय महानगर के तालाबों की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कहीं तालाब गंदगी से पटे पड़े हैं तो कहीं अवैध कब्जे हो रहे हैं। यह हाल शहर के ज्यादातर तालाबों का है। कुछ तालाब अमृत सरोवर योजना में चयनित होने के बाद भी उनकी बदहाली दूर नहीं हुई है। हालांकि पक्के तालाब में काम शुरू होने से आशा की किरण फूटी है कि शायद अब तालाबों की सूरत बदल जाए। महानगर के सभी तालाब अवैध कब्जों और गंदगी से मुक्त हो जाएं। यह काम कम तक हो पाएगा अधिकारी इसको लेकर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं।

अमृत 2.0 योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र में शहर के चार में से तीन तालाबों के सुंदरीकरण का कार्य ठप पड़ा है। अजीजगंज स्थित तालाब पर लोगों ने कब्जा कर रखा है। अभी तक इसको कब्जा मुक्त नहीं कराया जा सका है। तालाब सुंदरीकरण का कार्य समय पूरा होने के बावजूद अटका हुआ है।नगर निगम की ओर से शहर क्षेत्र में चिनौर में दो पक्के तालाब और

- **तालाबों पर किया जाना है पथ वे का निर्माण, इसके अलावा बैठने के लिए लगाई जानी हैं बेंच**

> नगर निगम क्षेत्र में चार तालाब अमृत 2.0 योजना के तहत चिह्नित किए गए हैं। इनका बजट स्वीकृत हो गया है। कुछ में काम चल रहा है। कुछ में कब्जों के चलते कार्य कराने में दिक्कत आ रही है।
> **-आशीष त्रिवेदी**, अधिशासी अभियंता, नगर निगम

अजीजगंज तालाब सुंदरीकरण के लिए अमृत योजना 2.0 के तहत चयनित किया गया था। तालाब की जमीन पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। अजीजगंज स्थित तालाब पर लोगों ने अवैध कब्जा करके मकान का निर्माण करा लिया है। नगर निगम अभी तक इसको कब्जामुक्त नहीं करा पाया है। यहां पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। नगर निगम की ओर से चिह्नित चार तालाबों के चारों तरफ पौधरोपण होना है। टहलने के लिए पाथ-वे, लोगों के बैठने के लिए सीट आदि का निर्माण कराया जाना है। यहां लोग सुबह-शाम टहल सकेंगे। अभी तक तालाबों की खोदाई का काम पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में तय समय तक इनका निर्माण पूरा होना संभव नहीं लग रहा है।

### अजीजगंज तालाब पर कब्जा कैसे हो सौंदर्यीकरण

अमृत सरोवर योजना के तहत चयनित अजीजगंज तालाब के सौंदर्यीकरण की राह में अवैध कब्जों का रोड़ा अटक गया है। नगर निगम ने इस तालाब का चयन अमृत योजना 2.0 के तहत कर तो लिया, लेकिन इसका सुंदरीकरण नहीं हो पा रहा है। सभी अफसर जानते हैं कि तालाब पर अवैध कब्जे हैं, लेकिन उसे हटा नहीं पा रहे हैं। इससे अभी तक सौंदर्यीकरण नहीं हो सका है। अमृत योजना 2.0 में शहर के चार तालाब चिन्हित किए गए हैं। इनका बजट भी स्वीकृत हो चुका है। इनमें तीन पक्का तालाब, अजीजगंज, चिनौर और नवाजपुर शामिल है। इन तालाबों का सौंदर्यीकरण कराया जाना है। अधिकारियों का दावा है कि चीन और पक्का तालाब में निर्माण कार्य चल रहा है। अजीजगंज तालाब पर कब्जे की बात अधिकारी भी स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा नवाजपुर में अमृत सरोवर की सफाई का कार्य करने की बात भी अधिकारी कह रहे हैं।

### पैसा जारी होने के बाद भी काम में देरी

नगर निगम की ओर से चिनौर में एक तालाब के 94 लाख 58 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं। निर्माण कार्य के लिए 13 लाख 92 हजार रुपये अवमुक्त हो गए हैं। 16 मार्च को कार्य का आदेश जारी हुआ था। 10 माह में निर्माण कार्य पूरा करना है। अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। चिनौर क्षेत्र में दूसरे तालाब के लिए 114.14 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। इसमें 16 लाख 88 हजार रुपये अवमुक्त हो चुके हैं। 15 मार्च 2024 को कार्य करने का निर्देश जारी हुआ था। निर्धारित 10 माह में निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। पक्का तालाब के लिए 216 लाख 69 हजार का बजट स्वीकृत किया गया था। यहां भी 15 मार्च 2024 को कार्य करने के निर्देश जारी हुए। पहली किस्त के रूप में 32.93 लाख रुपये अवमुक्त किया गया। 12 माह में निर्माण कार्य पूरा करना था। अभी तक 40 प्रतिशत निर्माण भी पूरा नहीं हो पाया है।

# जलालाबाद के एडीओ पंचायत निलंबित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **कलान और निगोही के एडीओ पंचायत पर होगी विभागीय कार्रवाई**
- **स्वच्छता समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश**

**अमृत विचारः** पंचायती राज विभाग की योजनाओं की स्थिति ठीक नहीं पाए जाने पर जलालाबाद के एडीओ पंचायत को निलंबित करने व निगोही और कलान के एडीओ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने दिये हैं।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक में शुक्रवार को डीएम ने योजनाओं की प्रगति देखकर नाराजगी जाहिर की और अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश दिये। इस रुख से अफसर भी सकते में रहे।

डीएम ने बीडीओ व एडीओ से कहा कि जिन परिवारों ने ओएसआर के लिए 100 रुपये जमा कर दिया है उन परिवारों को गीले व सूखे कूड़े के लिए दो बाल्टियां दी जाएं। उन्होंने बीडीओ, एडीओ व सचिव को एक एक गांव आवंटित कर आरआरसी संचालित कराने के निर्देश दिये। गांव में सप्ताह में एक दिन अभियान चलाकर गांव से प्लास्टिक एकत्रित कर प्लास्टिक यूनिट पर एकत्रित की जाये। ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालयों पर कार्यरत केयर टेकर को ही आरआरएसी सेंटर पर लगाये जाने के लिए निर्देशित किया। डीएम ने सभी सहायक विकास अधिकारियों को एक-एक ग्राम में आरआरसी संचालित व ओएसआर जमा कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग की बैठक करते हुए निर्देश दिए कि गौशाला में बाउंड्री वॉल कराई जाए। जिलाधिकारी ने बन चुकी 10 व 10 बन रहीं बृहद गौशालाओं की स्थिति के संबंध में खंड विकास अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि अगले तीन महीने में सड़कों पर गोवंश और नंदी घूमते नजर नहीं आने चाहिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा से अस्थाई गौशालाएं आवश्यकता अनुसार और बनाई जाए। जन सहभागिता में दिए गए गोवंशों का सत्यापन किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं से अटैच चरागाहों में नेपियर घास बुवाई जाए। उन्होंने कहा कि गौशाला में चारा, पानी, छाया आदि व्यवस्थाएं पर्याप्त होनी चाहिए।

# ट्रक से टकराई कार, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


घायल कपड़ा व्यापारी राधेश्याम।


हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

- **मऊ से बरेली के मनौना धाम जाते समय हुआ हादसा**
- **ओवरटेक करने के दौरान हुई दुर्घटना, छह लोग घायल**

**अमृत विचारः** कटरा में नेशनल हाइवे पर एक ढाबे के सामने ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को कटरा सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। परिवार मऊ से बरेली में मनौनाधाम के दर्शन करने जा रहे थे।


मृतक संगीता।

मऊ जिले के मधुबन थाना के गांव कटिघरा निवासी कपड़ा व्यापारी राधेश्याम ने पत्नी संगीता (45 ) और बच्चों के साथ बरेली में मनौनाधाम के दर्शन करने का प्लान बनाया और शुक्रवार की सुबह चार बजे मऊ से बरेली के आंवला में स्थित मनौनाधाम के दर्शन करने को निकल पड़े। कार को दुबारी का रहने वाला अंकित यादव चला रहा था। कटरा क्षेत्र में हाइवे पर एक ढाबे के सामने ट्रक चालक ने एक वाहन को ओवरटेक किया, जिससे ट्रक कार से टकरा गयी। कार में सवार कपड़ा व्यापारी राधेश्याम, उनकी पत्नी संगीता, उनका बेटा रोहित, गायत्री देवी, उनका बेटा शिवम और बेटी सपना और चालक अंकित यादव घायल हो गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने राहगीरों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर बमुश्किल से सभी को बाहर निकाला। पुलिस ने सभी घायलों को कटरा सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने संगीता को मृत घोषित कर दिया। डाक्टर ने सभी घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। कार का क्षतिग्रस्त हो गयी। चालक ट्रक लेकर भाग गया। पुलिस ने घायल कपड़ा व्यापारी के परिवार वालों को मऊ में फोन पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# धान लगाने जा रहे श्रमिकों से ठुंसा ई-रिक्शा पलटा

संवाददाता,पुवायां

- **वाहन पलटने की एक सप्ताह में दूसरी घटना**
- **प्रशासन की अनदेखी बन रही हादसों का कारण**

**अमृत विचारः** धान लगाने के लिए जा रहे मजदूरों से ठुंसा ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दो मजदूर गंभीर घायल हो गए।

शुक्रवार सुबह क्षेत्र के गांव सकरापुर निवासी जनासिब पुत्र पच्चू ई रिक्शा में सिंधौली के गांव लेखराम से मजदूरों को भरकर करनापुर जा रहा था। रास्ते मे तुलाराम बाबा स्थान के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। जिससे उर्मिला पत्नी विष्णुदयाल, रीना पत्नी पप्पू, प्रीति पत्नी अजीत, कमला पत्नी रामौतार, सावित्री पत्नी रामसहाय, दीपांशी पत्नी राजेश कुमार समेत अन्य मजदूर चोटिल हो गए।

दुर्घटना के बाद आनन फानन में राहगीरों ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां से उर्मिला और रीना को हालत खराब होने और जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मजदूरों के अनुसार चालक ई रिक्शा चलाते समेत बार बार मोबाइल चला रहा था। कई बार मना किया लेकिन वह नहीं माना और ई रिक्शा सड़क के किनारे उतर कर पलट गया।

**एक सप्ताह में दूसरी घटना :** धान लगाने जा रहे मजदूरों को ले जाने वाले वाहन पलटने की सप्ताह में दूसरी घटना है। पिछले सप्ताह भी मजदूरों को ले जा रहा एक पिकअप अनियंत्रित होकर गांव अनावा के पास पलट गया था। पिकअप में भी लगभग ढाई दर्जन मजदूर सवार थे। प्रशासन को ऐसे वाहनों पर लगाम लगानी चाहिए जिनसे लगातार मजदूरों को ढोया जा रहा था, ऐसे वाहनों में मजदूरों को भूसे की तरह भरा जाता है।

# बिहार से आई महिला की स्टेशन पर मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


पोस्टमार्टम हाउस पर सुदामा के परिजन। ● अमृत विचार

- **तिलहर की रहने वाली थी, संदिग्ध हालात में प्लेटफार्म पर मिली**


मृतक सुदामा।

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर पुराना आरपीएफ थाना के सामने एक महिला संदिग्ध अवस्था में बेहोशी की हालत में पड़ी थी। जीआरपी ने उसे मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला तिलहर क्षेत्र की रहने वाली थी और वह बिहार अपने मायके से आई थी।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव सरोवरनगर उर्फ संडी निवासी 60 वर्षीय सुदामा का मायका बिहार में है। 25 मई को वह अपने मायके बिहार जाने के लिए घर से निकली थी। उसका बेटा रोहित ट्रेन में बैठाकर तिलहर वापस लौट गया था। गुरुवार की दोपहर सियालदह एक्सप्रेस से बिहार से शाहजहांपुर लौट रही थी। उसने रास्ते में बेटे को तबीयत ठीक नहीं होने की बात कहते हुए स्टेशन पर आकर ले जाने की बात कही। वह प्लेटफार्म दो पर ट्रेन से उतरकर प्लेटफार्म एक पर आकर पुराना आरपीएफ कार्यालय के सामने लेट गई और बेहोश हो गयी। यात्रियों स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि एक महिला प्लेटफार्म पर अचेतावस्था में पड़ी है। आरपीएफ और जीआरपी पहुंची। जीआरपी ने महिला को मेडिकल कालेज भेज दिया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर उसका बेटा रोहित शाम छह बजे स्टेशन पर पहुंचा और मां की तलाश करने लगा। उसे पता चला कि जीआरपी ने एक महिला को अस्पताल भेजा है। वह जीआरपी थाना पर गया। जीआरपी के सिपाही ने मोबाइल पर फोटो दिखाया और कहा कि उसकी मां सुदामा का फोटो है। उसने परिवार वालों को जानकारी दी। परिवार वाले मेडिकल कालेज पहुंचे। उसका शव देखकर रोना पीटना मच गया। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रेहान अली ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# खुदागंज में आकाशीय बिजली से युवक की मौत

संवाददाता, खुदागंज/निगोही/ शाहजहांपुर


मृतक शिवम।

- **मकान की छत पर सफाई कर रहा था, बारिश में गिरी बिजली**

**अमृत विचारः** भर्री बसंतपुर गांव में एक युवक सुबह मकान की छत पर झाड़ू लगा रहा था। तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली उसकी मकान की छत पर गिरी। आकाशीय बिजली से युवक झुलस गया। परिवार वाले उसे लेकर सीएचसी पर गए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान मकान की छत का लिंटर एक स्थान पर चटक गया।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव भर्री बसंतपुर निवासी हेमराज का 30 वर्षीय पुत्र शिवम शुक्रवार की सुबह पांच बजे मकान की छत पर सफाई कर रहा था। अचानक तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली उसके मकान की छत पर गिर गयी। इससे शिवम झुलस गया। इस दौरान परिवार वाले मकान की छत पर गए और देखा कि वह झुलसा पड़ा था। परिवार वाले उसे सीएचसी पर ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आकाशी बिजली गिरने से एक स्थान पर लिंटर चटक गया। मृतक शिवम की पत्नी विमला और तीन साल का बेटा कलोक, एक वर्ष का अमन, सात वर्ष का अन्नू है। मृतक शिवम पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गयी है।

# चंडीगढ़ एक्सप्रेस में दो पक्षों में जमकर मारपीट, मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **बरेली से ट्रेन छूटने के बाद हुआ विवाद, हरदोई के यात्रियों के कपड़े पर गिर गयी थी चाय**

**अमृत विचारः** चंडीगढ़ से लखनऊ एक्सप्रेस में कपड़ों पर चाय गिर जाने से जनरल कोच में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इससे कोच में अंदर अफरा तफरी मच गयी। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर सोने की चेन और रुपये छीनने का आरोप लगाया है। कंट्रोल के आदेश पर जीआरपी और आरपीएफ ने दोनों पक्षों को नीचे उतार लिया। दोनों पक्षों में काफी देर तक पंचायत हुई और दोनों पक्ष चले गए।

चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस शुक्रवार की सुबह साढ़े पांच बजे आ रही थी। जनरल कोच में हरदोई जिले और कुरुक्षेत्र के लोग सीट पर ऊपर नीचे बैठे थे। बरेली से ट्रेन छूटने के बाद नीचे बर्थ पर बैठे हरदोई के यात्रियों के कपड़ों पर चाय गिर गयी। इस दौरान ऊपर की सीट पर बैठे कुरुक्षेत्र के लोगों से कहा कि दिखायी नहीं देता है और चाय कपड़ों पर गिरा दी। इस बात से दोनों पक्षों में कहासुनी हो गयी। कुरुक्षेत्र के यात्री सीट से नीचे उतर आए और हरदोई के यात्रियों से हाथापाई होने लगी। इस दौरान दोनों पक्षों की चलती ट्रेन में जमकर हाथापाई होने लगी। महिला यात्रियों ने एक दूसरे के बाल पकड़कर मारना पीटना शुरू कर दिया। कोच के अंदर अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी सीट से उठकर इधर-उधर भागने लगे। कुछ यात्रियों के जीआरपी और आरपीएफ के रेलवे कंट्रोल को फोन से सूचना दी गयी। ट्रेन को प्लेटफार्म एक पर लिया गया। आरपीएफ और जीआरपी कोंच में गयी और जानकारी की। कुरुक्षेत्र और हरदोई जिले के एक दर्जन से अधिक यात्रियों को कोच से नीचे उतार लिया। जीआरपी दोनों पक्षों को थाना पर ले आयी। हरदोई क्षेत्र के यात्रियों ने कहा कि कुरुक्षेत्र के यात्रियों ने उनके कपड़े पर चाय गिरा दी थी और मना करने पर झगड़ा करने लगे। दोनों पक्ष के यात्रियों ने सोने चेन और नगदी छीनने का आरोप एक-दूसरे पर लगाया। दोनों पक्ष में आपस में पंचायत करते रहे थे। हरदोई के लोग चंडीगढ़ में काम करते थे और अंतिम संस्कार में हरदोई जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक रेहान अली ने बताया कि चाय गिरने पर विवाद हो गया था और घटना बरेली क्षेत्र की है। दोनों पक्ष चले गए।

# इंस्टाग्राम पर आत्महत्या की पोस्ट से मचा हड़कंप

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को गुरुवार को आत्महत्या करने से संबंधित पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफार्म मीडिया सेल से प्राप्त हुई।

आत्महत्या से संबंधित मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया गया। पुलिस टीम घर पहुंची वहां उसे पोस्ट करने वाला व्यक्ति मिला। उसने बताया कि गलती से पोस्ट डाल दी थी। उसे गलत लगने पर स्टोरी से हटा दिया था। उसने दोबारा पोस्ट नहीं डालने की बात कही और माफी मांगी। टीम में उप निरीक्षक शंभू दयाल, मनोज कुमार आदि थे। उप निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि गुरुवार को मोबाइल नंबर के जरिए मौके पर गए तो युवक ने बताया कि दोस्तों से मजाक करने के उद्देश्य से पोस्ट डाल दी थी ।

# वाहन ने साइकिल को मारी टक्कर, कथा वाचक की मौत


पोस्टमार्टम हाउस पर परिजन मौजूद रहे । ● अमृत विचार

संवाददाता, रोजा/ शाहजहांपुर

- **परिवार का आरोप साइकिल, रुपये गायब, शहर के लिए निकले थे**


मृतक सतीश शुक्ला।

**अमृत विचारः** सीतापुर मार्ग पर जमुका दोराह पर अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने घायल व्यक्ति को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। मृतक कथा वाचक था। वह साइकिल से शहर आ रहा था। चालक वाहन लेकर भाग गया।

हरदोई जिले के थाना मझिला के गांव मझिला निवासी 40 वर्षीय सतीश शुक्ला कथा वाचक थे। वह कई साल से अपनी पत्नी के साथ रोजा थाना क्षेत्र में वरतारा आश्रम में रह रहे थे। गुरुवार की शाम पांच बजे वह साइकिल से शहर के लिए निकले थे। जमुका दोराह के पास अज्ञात वाहन ने साइड से साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे कथा वाचक घायल हो गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने कथा वाचक को मृत घोषित कर दिया। चालक वाहन लेकर भाग गया। इधर मृतक के परिवार मेडिकल कालेज पहुंचे और मृतक की शिनाख्त सतीश शुक्ला के रूप में की।

परिवार वालों ने बताया कि उनकी साइकिल और जेब में रखे दो हजार रुपये गायब थे। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि किसी वाहन से टकराकर उनकी मौत हुई है। मौके पर उनकी साइकिल नहीं थी और न ही जेब में रुपये थे। बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मौसी के लड़के को बचाने के लिए बताया उसके दोस्त का नाम

संवाददाता,पुवायां

- **नाबालिग से दुष्कर्म का पुवायां पुलिस ने किया खुलासा**


पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** दुष्कर्म के मामले में देहरादून की किशोरी ने अपने प्रेमी मौसेरे भाई को बचाने के लिए उसके दोस्त का नाम बता दिया। पुवायां पुलिस को जांच मिलने पर घटना का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

उत्तराखंड के देहरादून के थाना प्रेमनगर क्षेत्र निवासी एक किशोरी के परिजनों ने 14 मार्च को किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में विवेक राजपूत को नामजद कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। किशोरी ने घटनास्थल पुवायां क्षेत्र का बताया था। जिस कारण जांच पुवायां पुलिस को सौंपी गई।

पुवायां पुलिस के इंस्पेक्टर क्राइम राकेश सिंह ने इस मामले में गहनता से पड़ताल की तो पूरी घटना से पर्दा उठ गया। पुलिस के अनुसार किशोरी किसी वैवाहिक कार्यक्रम के लिए पुवायां आई थी, जहां उसके अपने प्रेमी मौसेरे भाई से संबंध बन गए। किशोरी के गर्भवती होने पर बात परिजनों तक पहुंची। परिजनों ने सख्ती दिखाई तो किशोरी ने अपने प्रेमी को बचाने के लिए उसके दोस्त विवेक राजपूत का नाम बता दिया। अभी कुछ दिनों पूर्व किशोरी ने देहरादून के एक अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि उक्त नामजद आरोपी झूठा है, पुलिस ने जब किशोरी से पूछताछ की तो वह अपने बयानों पर काबिज नहीं रह पाई जिससे शक और गहरा गया। पुलिस ने सोशल साइट्स की पड़ताल की तो सारी हकीकत सामने आई। जिसके बाद किशोरी ने सारी बात कबूल कर ली। उसने बताया कि किशोरी और उसका प्रेमी पुवायां क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में मिले थे। जब वह गर्भ से हुई तो वह घबरा गई और उसे कुछ नहीं सूझा तो उसने गलत नाम बताकर गुमराह करने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस ने मुख्य आरोपी बिजनौर निवासी रोहन पुत्र गुमानी जो इस समय देहरादून में ही रहकर काम करता है, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रोहन का पास्को समेत अन्य धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया है।

### किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**पुवायां,अमृत विचार :** पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को तीन दिनों में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस कार्रवाई के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने जनपद खीरी के मितौली के गांव खजननगर निवासी सोनू पुत्र ननक्के बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तीन दिन के भीतर ही सोनू को मोहम्मदी रोड पर ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याददाश्त कम होना, डिमेंशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लिनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400


# ट्रेन का इंतजार करने को बेंच तक नहीं

## ए श्रेणी के स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का अभाव, डीआरएम का आदेश भी बेअसर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म दो और तीन पर यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त बेंच नहीं है। प्लेटफार्म पर नाम मात्र की बेंच है। यात्री प्लेटफार्म पर धूप से तपी फर्श पर बैठकर और लेटकर ट्रेन का इंतजार करते हैं। प्लेटफार्म पर इधर-इधर बैठे और लेटे रहने से हादसे का खतरा बना रहता है। मंडल के अधिकारियों ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए थे कि यात्रियों के बैठने के लिए बेंच डाली जाए, लेकिन अधिकारियों के आदेशों का अमल नहीं हो रहा है।

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर एक साल से प्लेटफार्म दो और तीन पर कार्य चल रहा था। बरेली जाने वाली ट्रेनों को प्लेटफार्म चार लिया जाता था। प्लेटफार्म दो और तीन की बेंच को उठाकर प्लेटफार्म चार व पांच और प्लेटफार्म पर एक कर दिया गया था।अब प्लेटफार्म दो और तीन का कार्य पूरा हो जाने से बरेली की ओर जाने वाली ट्रेनों को प्लेटफार्म तीन पर लिया जा रहा है। प्लेटफार्म पर दो और तीन पर चार टीन शेड है। ठेकेदार एक शेड को उखाड़ दिया था, उसको दोबारा लगाने का प्रयास नहीं किया है। टीन शेड में यात्रियों के बैठने के लिए कुछ बेंच डाल रखी है और कुछ बेंच प्लेटफार्म के पश्चिम दिशा की तरफ डाल रखी है। जबकि ट्रेन से रोजाना सात हजार यात्री सफर करता है। यात्रियों की संख्या को देखते हुए प्लेटफार्म दो और तीन बेंच कम है। यात्री प्लेटफार्म पर फर्श पर बैठकर और फर्श चादर बिछाकर लेटकर ट्रेन का इंतजार करते है। जबकि तपती धूप में फर्श गर्म हो जाती है। साथ ही धूप में खड़े होकर यात्री ट्रेन का इंतजार करते है। जननायक एक्सप्रेस से सफर कर रहे यात्री सुनील कुमार, पवन कुमार और रामऔतार ने कहा कि रेल प्रशासन को यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त मात्रा में बेंच होनी चाहिए और यात्री जमीन में बैठकर ट्रेन का इंतजार करते है। मंडल के अधिकारियों ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए है कि प्लेटफार्म दो और तीन बेंच डाली जाए।


फर्श पर बैठकर व लेटकर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

- रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो और तीन पर पर्याप्त नहीं बैठने के लिए बेंच
- भीषण गर्मी में गर्म फर्श पर बैठने को मजबूर हो रहे यात्री अधिकारियों के आदेश का नहीं हुआ पालन

### प्लेटफार्म चार व पांच पर अधिक बेंच

प्लेटफार्म पर चार और पांच से मात्र तीन ट्रेनों का संचालन होता है। शाहजहांपुर-बालामऊ पैसेंजर, शाहजहांपुर- सीतापुर पैसेंजर, शाहजहांपुर-झांसी पैसेंजर का संचालन होता है। इसके अलावा अन्य कोई ट्रेन इस प्लेटफार्म पर नहीं आती है। प्लेटफार्म चार पर कभी-कभी मालगाड़ी खड़ी रहती है। इस प्लेटफार्म पर ट्रेनों की संख्या को देखते हुए बेंच अधिक मात्रा में है। पूरे दिन बेंच खाली पड़ी रहती है। यदि इन बेंचों को प्लेटफार्म पर दो और तीन पर लगा दिया जाए तो काफी राहत मिल सकती है। इसी प्रकार विश्राम अधिकारी गेट के बाहर अधिक बेंच पड़ी है।

### चार व पांच पर लगे दो फ्रीजर

यात्रियों ने बताया कि प्लेटफार्म चार व पाच पर शीतल पेयजल के लिए दो फ्रीजर लगे है। इस प्लेटफार्म से ट्रेनों का संचालन सुबह के समय होता है। पूरे दिन फ्रीजर खाली पड़े रहते है। यदि एक फ्रीजर को उखाड़कर प्लेटफार्म दो और तीन पर पश्चिम दिशा की तरफ लगाया जाए तो यात्रियों को पानी की काफी राहत मिलेगी।

> संबंधित अधिकारी को मेमो दिया गया है कि प्लेटफार्म दो और तीन पर यात्रियों के बैठने के लिए अधिक से अधिक बेंच डाली जाए। संबंधित अधिकारी ने बेंच लगवाने का कार्य शुरू कर दिया है।
> –एसके ठाकुर, सीएमआई

# शराब की ओवर रेट की शिकायत करने पर सेल्समैन ने पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जलालाबाद में अंग्रेजी शराब की दुकान के सेल्समैन ने एक ग्राहक को पीटकर घायल कर दिया।

ग्राहक ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि ओवररेट में शराब की बिक्री कर रहा है। जलालाबाद थाना क्षेत्र के काशीराम कालोनी निवासी मुकेश कुमार ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 10 जून को बारह पत्थर चौराहे पर स्थित एक अंग्रेजी शराब की दुकान पर शराब खरीदने के लिए गया। उसका आरोप है कि 350 रुपये देकर 8 पीएम ब्लैक का आफ मांगा।

सेल्समैन ने 240 रुपये कीमत का 8 पीएम सादा दे दिया। पीड़ित ने बचे पैसे वापस मांगे तो सेल्समैन ने पैसे देने से मना कर दिया। उसने ओवररेट की शिकायत की तो सेल्समैन ने गालियां देते हुए उसे मारा पीट की। उसने थाना पर शिकायत की तो पुलिस ने सेल्समैन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। उसने आबकारी विभाग से शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं की। एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश के मृतकों को दी श्रद्धांजलि


कैंडल जलाकर शोक व्यक्त करते सहयोग संस्था के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कैंडल जलाकर व्यक्त किया शोक

**अमृत विचार:** अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए सहयोग संस्था की ओर से एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन खिरनी बाग स्थित शहीद स्तंभ पर किया गया। जहां संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एकत्र होकर 230 यात्री, 12 क्रू मेंबर व 25 आवासीय लोगों की दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 241 कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

संस्था के संरक्षक शाहनवाज़ खां व अनिल गुप्ता प्रधान ने कहा कि यह हादसा पूरे देश को झकझोर देने वाला है। महासचिव विकास सक्सेना ने यह भी मांग की कि सरकार व विमानन प्राधिकरण इस दुर्घटना की गहन जांच कराए एवं भविष्य में हवाई यात्रा को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाए। डॉ. पुनीत मनीषी ने प्लेन क्रैश में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त कीं। इस मौके पर रजनी गुप्ता, जितेंद्र सिंह, निखिल महेंद्रु, सरदार हरजीत सिंह, महेंद्र दुबे, सफीकुद्दीन अंसारी, सईद अनवर मियां, नाजिम, अमरदीप खालसा, अतुल गुप्ता, मुदित सेठ, नुजहत अंजुम, स्तुति गुप्ता, शालू यादव, लायबा, अनाया, सुधीर, शबाब के साथ मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन के अलकमा, शहरोज, निशा नेहा इत्यादि लोगों ने मृतक आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA EYE AND LASER CENTRE
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ़ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ोदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# हाफिज मियां के उर्स में दूसरे दिन हुई जियारत कदम शरीफ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- हाथीथान स्थित खानकाह हाफिजिया में सालाना उर्स जारी

**अमृत विचार:** हजरत हाफिज़ अहमद हुसैन खां उर्फ हाफिज़ मियां रहमतुल्लाह अलैह के तीन दिवसीय 117 वें सालाना उर्स के चलते मोहल्ला हाथीथान स्थित खानकाह हाफिज़िया में ज़ायरीन को कदम शरीफ की ज़ियारत कराई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर मुकद्दस कदम शरीफ की अदब ओ एहतराम के साथ जियारत की और दुआ मांगी। सज्जादानशीन हाजी वकार अहमद मियां की सरपरस्ती में सालाना उर्स में दूसरे दिन शुक्रवार को खानकाह में अपरान्ह तीन बजे खानकाह परिसर में महफिल ए मीलाद हुई। जिसमें मीलाद ख्वां हाफिज मोहम्मद जीशान ने अपने साथियों के साथ नात व मनकबत पेश करते हुए जिक्र ए रसूल किया। इसके बाद क़दम शरीफ की जियारत कराई गई।

जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने जियारत की और दुआ मांगी। इस दौरान पार्षद पति नईम अहमद, हाजी वसीम खां, एहतिशाम खां, निजामुदीन खां, राशिद हुसैन, खालिद खां, मोहम्मद आमान खां, फीरोज अली, डा. रजी खां, मोहम्मद हसीब, शमशाद अली, मुश्ताक अहमद, असलम खां, मुकर्रम, अकरम, आजम खां, नसीम अहमद, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद शाहिद आदि तमाम लोग मौजूद रहे। सज्जादानशीन वकार मियां व नायब सज्जादा सिराजुद्दीन अहमद खां ने कौम व मिल्लत की खुशहाली और तरक्की की दुआएं की। देर रात में महफिल ए समा में मीर चौकी कव्वाल राजू मुरली ने सूफियाना कलाम सुनाकर जायरीन को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# मेहमानशाह में लगाई शुक्रवार की बाजार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मंडी में लगने वाली शुक्रवार की बाज़ार में कई व्यापारियों ने स्टॉल लगाए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने मौके पर पहुंच कर साफ-सफाई की स्थिति को देखा।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिस प्रकार से बुद्ध बाज़ार को सभी की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शिफ्ट किया गया, उसी प्रकार शुक्रवार की बाज़ार को भी मेहमान शाह मोहल्ले में बने मैदान में शिफ्ट कराया गया है। व्यापारियों को इसमें किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए नगर आयुक्त ने सफाई बेहतर रखने के निर्देश दिए। नगर निगम की ओर से प्रदान की जाने वाली आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को ठीक रखने के भी निर्देश दिये गए। इस मौके पर सम्पत्ति विभाग टीम व प्रवर्तन दल टीम उपस्थित रही। साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा ने शुक्रवार सुबह निसरजई वार्ड में विशेष सफ़ाई अभियान लगाकर सफ़ाई व्यवस्था दुरूस्त कराई गई।

वार्ड में साफ-सफाई, चूना छिड़काव, फागिंग व एंटीलार्वा छिड़काव इत्यादि का कार्य कराया गया। निरीक्षण में नाले-नालियों के किनारे-किनारे उगी घास व झाड़ियों की कटाई व सफाई के लिए सफ़ाई एवं खाद्य निरीक्षक संजीव वर्मा को निर्देशित किया गया व नाले से निकलने वाली सिल्ट/मलवा आदि को भी तत्काल उठाए जाने के निर्देश दिए गए। जिससे यातायात में किसी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो। मौके पर उपस्थित क्षेत्रवासियों से अपील की गई कि वे पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं व पौधे को बचाने की जिम्मेदारी भी लें। सफ़ाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार कटियार, संजीव वर्मा आदि रहे।


सफाई व्यवस्था देखते नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा।

- नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने सुबह जाकर देखी सफ़ाई व्यवस्था

# दो पक्षों में जमकर मारपीट, नौ घायल

**तिलहर, अमृत विचार:** दो पक्षों में गुरुवार रात गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों के 9 लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुरगवां कॉलोनी ब्लॉक गेट के पास निवासी सुल्तान और वेद पाल पाल से रात करीब 10:30 बजे गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। जिसमें प्रथम पक्ष के सुल्तान, जितेंद्र, क्रांति, शांति, रिंकी, धर्मेंद्र और दूसरे पक्ष के वेदपाल, सुनीता, अमर सहित नौ लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया।

# गहलुइया और रामदेवरी के बीच हुआ खुदाई कार्य

संवाददाता,पुवायां

**अमृत विचार:** भैंसी नदी को पुनर्जीवित करने के अभियान में दूसरे दिन पुवायां व बंडा के कई स्थानों पर खुदाई कार्य कराया गया।

पुवायां क्षेत्र के मीरपुर कुटी पर पूजन के बाद मीरपुर गंगाई व बरौना की ओर और बांदा के गहलुइया व रामदेवरी के बीच तथा मदारपुर बैवहा में एक साइड में खुदाई कार्य कराया गया। आठ जेसीबी से पन्ना घाट, झारसा, मीरपुर गंगाई, बरौना, करनापुर व मदारपुर में खुदाई कार्य कराया गया। इस कार्य में स्वामी रुद्र देवानंद ने पूजन कराया।


खुदाई करती जेसीबी।

# रेल नीर की जगह अन्य ब्रांड का पानी बेच रहे अनाधिकृत वेंडर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 20 रुपये की बेचते है बोतल रेल नीर खत्म हो गया, चलाया जाएगा अभियान

**अमृत विचार:** रेल मंत्रालय की ओर से स्टेशन पर रेल नीर ब्रांड पानी की बिक्री अनिवार्य कर दी गयी है।अनाधिकृत वेंडर रेल नीर ब्रांड की जगह प्लेटफार्म पर दूसरे ब्रांड का पानी बेच रहे है। वेंडर स्टेशन पर रेल नीर ब्रांड पानी को छिपा कर रखते है और यात्रियों से कहते है कि रेल नीर पानी खत्म हो गया है।अनाधिकृत वेंडर मालगोदाम रोड से आते है और बेचकर उसी तरफ भाग जाते है।

रेल मंत्रालय ने आदेश दिया है कि स्टेशन पर स्टाल पर रेल नीर ब्रांड के अलावा अन्य कोई पानी नहीं बिकेगा। रेल नीर के अलावा अन्य ब्रांड का पानी अनाधिकृत वेंडर प्लेटफार्म तीन पर बेचते है। वेंडर रात में आठ बजे के बाद प्लेटफार्म तीन आ जाते है। उनकी टोकरी में रेल नीर के अलावा अन्य ब्रांड का पानी होता है। कुछ वेंडर भीषण गर्मी का फायदा उठाते हुए रेल नीर ट्रेन में यात्रियों को रेल नीर 20 रुपये की बेचते है, जबकि प्रिंट रेट 15 रुपये है। गुरुवार की रात अयोध्या-नई दिल्ली एक्सप्रेस के समय वेडरों ने अन्य ब्रांड का पानी बेच रहे थे। कुछ यात्रियों ने कहा कि रेल नीर नहीं है। वेंडरों ने कहा कि रेल नीर की सप्लाई नहीं आ रही है। यात्रियों ने मजबूरन अन्य ब्रांड का पानी 20 रुपये की बोतल खरीदी। बताते है कि अनाधिकृत वेंडर मालगोदाम रोड से अन्य ब्रांड का पानी लेकर आते है और प्लेटफार्म तीन पर बेचकर मालगोदाम रोड की तरफ चले जाते है। इस बात की शिकायत अधिकृत वेंडरों ने भी की है। प्लेटफार्म पर आरपीएफ और जीआरपी के सिपाही ड्यूटी पर नजर नहीं आते है। स्टॉल संचालकों का कहना है कि रेल नीर पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहा है। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि स्टेशन परिसर में रेल नीर के अलावा अन्य ब्रांड का कोई पानी नहीं बिकेगा। यदि कोई रेल नीर के अलावा अन्य ब्रांड का पानी बेचते पकड़ा गया तो जुर्माना व लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। प्लेटफार्म तीन पर शीघ्र अभियान चलाया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### टीएससीटी की टीम पहुंची दिवंगत साथी के घर



**बंडा,अमृत विचार :** टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने शिक्षिका के असमायिक निधन पर उनके आवास पहुंचकर संवेदना प्रकट की। उनका निधन अक्टूबर 2024 को हुआ था। टीएससीटी के सदस्यों ने परिवार का सहयोग 15 जून से शुरु करने की बात कही है।टीचर्स सेल्फ केयर टीम शिक्षकों के लिए शिक्षकों ने बनाई है। जिसके सदस्यों की ओर से किसी साथी के दिवंगत होने पर उसके नॉमिनी को एक सम्मानजनक धनराशि सहयोग के रूप में प्रदान की जाती है। ममता देवी प्राथमिक विद्यालय पडरिया दलेलपुर ब्लॉक बंडा में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थीं। वह टीएससीटी की सक्रिय सदस्य थीं। टीएससीटी की प्रांतीय , जिला व ब्लॉक टीम ने लखराव स्थित उनके घर पर जाकर उनकी माता व उनके नॉमिनी भाई राहुल कुमार गौतम व पति गौरव कुमार दिनकर से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर विपुल मिश्रा, सतीश सिंह, मुमताज खान,वीर पाल, सुनील कुमार, देवेश शुक्ला, कौशलेश मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### महिला परामर्श केंद्र पर दो दंपती का समझौता

**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** महिला परामर्श केंद्र पर 27 पत्रावली की सुनवाई की गयी, जिसमें दो दंपती को समझौता हुआ। परामर्श केंद्र से दोनों दंपती को विदा किया गया। अल्हागंज थाना क्षेत्र के एक दंपती जिनकी शादी तीन साल पूर्व हुई थी। दोनों पति-पत्नी में कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। आवेदिका ने बताया कि उसका पति शराब पीकर आए दिन मारता पीटता था। महिला मायके में चार माह से रह रही थी। दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों पक्ष एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। इधर रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक दंपती जिनकी शादी को सात साल हो गए है। महिला दो माह से मायके में रह रही थी। दोनों में पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों दंपती को विदा किया गया। प्रभारी मधु यादव, सिपाही पूनम मिश्रा, कुरुणा आदि थे।

### दुकानदार ने बच्ची से की छेड़छाड़

**जैतीपुर,अमृत विचार :** थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के एक गांव में दुकान पर सामान खरीदने गई 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुकानदार ने छेड़छाड़ कर दी। लड़की ने रोते हुए घर जाकर घटना के बारे में बताया। जब उसकी मां शिकायत करने गई तो दुकानदार झगड़े पर आमादा हो गया। थाना पुलिस ने आरोपी दुकानदार राम प्रकाश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### जलालाबाद में अज्ञात शव मिला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि गुरुवार की दोपहर बाद याकूब तिराहे पर एक व्यक्ति नशे की हालत में बेहोशी की हालत में पड़ा था। उसे मेडिकल कालेज भेज दिया था। उसकी मेडिकल कालेज में मौत हो गयी। उसकी उम्र 40 साल है, जो नशा करता था और घूमा करता था।

**अमृत विचार आपके साथ....**

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।
ईमेल :budaun@amritvichar.com

## तीन लाख वार्षिक आय वालों को भी मिलेगा सामूहिक विवाह योजना का लाभ

# सामूहिक विवाह योजना में कन्याओं को दान में मिलेगा सिंदूर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर कन्या को दिया जाएगा सिंधोरा
- समाज कल्याण विभाग को मिला है 748 विवाह कराने का लक्ष्य

**अमृत विचार:** सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। जिसमें बड़ी कामयाबी हासिल हुई थी। इस सफलता के बाद प्रदेश सरकार सामूहिक विवाह योजना में कन्याओं को सिंधोरा(सिंदूर दान) दान करेगी। अब तक योजना के तहत कन्याओं को सिंदूर दान में नहीं दिया जाता था। अब समाज कल्याण विभाग को भेजे गए लक्ष्य के तहत इसे शामिल करने के आदेश दिए गए हैं। इस वित्तीय वर्ष में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कन्याओं को सिंदूर दान किया जाएगा।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में समाज कल्याण विभाग को 748 सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य दिया गया है। योजना का लाभ अब तीन लाख वार्षिक आय वाले परिवारों को भी दिया जाएगा। अब तक दो लाख वार्षिक आय वाले परिवार को योजना का लाभ मिलता आ रहा है। शासन की ओर से समाज कल्याण विभाग को जारी की गई गाइड लाइन के अनुसार सामूहिक विवाह योजना में शामिल होने वाली कन्या को सिंधोरा यानि सिंदूरदान दान में दिया जाएगा। इसके साथ साथ योजना के तहत विवाह में खर्च होने वाली धनराशि को भी बढ़ा दिया गया है। अब तक एक जोड़े की शादी के आयोजन पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते थे। जिसमें 35 हजार रुपये कन्या के बैंक खातें भेजे जाते थे। 10 हजार रुपये के उपहार और छह हजार रुपये अन्य पर खर्च होते थे। अब एक शादी पर एक लाख रुपये रुपये खर्च किए जाएंगे। कन्या के खाते में 60 हजार, आयोजन पर 15 हजार खर्च व 25 हजार रुपये के उपहार दिए जाएंगे। सामूहिक विवाह का लक्ष्य प्राप्त होने के बाद समाज कल्याण विभाग द्वारा आवेदन मांगने शुरू कर दिए हैं।

> सामूहिक विवाह की गाइड लाइन आ चुकी है। योजना के तहत एक लाख रुपये खर्च होंगे। योजना का लाभ तीन लाख वार्षिक आय वाले परिवार को भी दिया जाएगा। साथ ही कन्या को सिंधोरा भी दान में दिया जाएगा। आवेदन आने शुरू हो गए हैं।
> –**मीनाक्षी वर्मा**, समाज कल्याण अधिकारी

# रिक्रूट प्रशिक्षण की व्यवस्थाएं देखीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



निरीक्षण के दौरान निर्देशित करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

- एसएसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण, दिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

**अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली। जिसके बाद रिवर्ज पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। रिक्रूट के आगामी प्रशिक्षण के चलते व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को निर्देशित किया।

टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए परेड में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड ग्राउंड में दौड़ लगवाई। शस्त्रों के संचालन और रखरखाव के लिए अभ्यास कराया गया। रिजर्व पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, गार्दरूम, जीपी स्टोर, यातायात कार्यालय, परिवहन शाखा, जीडी कार्यालय, केंद्रीय पुलिस कैंटीन, गैस एजेंसी, आरओ प्लांट, पुलिस कंट्रोल रूम, क्रिप्टो सेंटर, पुलिस मॉर्डन स्कूल, की स्थिति देखी। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत आरटीसी बैरक, स्कूल, अस्पताल, सैलून, भोजनालय, शौचायल आदि व्यवस्थाओं की स्थिति देखी।

## एक नजर

### महिला को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान निवासी एक महिला का पति दिल्ली में रहता है। उसकी पत्नी बीमार हो गई। महिला अपनी दवा लेने के लिए कस्बा बिसौली जाने की बात कहकर से निकली थी लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर उघैती क्षेत्र निवासी युवक पर उसे बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। कहा कि महिला घर से 30 हजार रुपये भी ले गई है। पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है।

# परियोजना पूर्ण होने की निकली तिथि, शुरू नहीं हो सका कार्य

## उझानी स्वास्थ्य केंद्र पर 6 लाख की लागत से बननी थी पब्लिक हेल्थ यूनिट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कार्यदाई संस्था को अप्रैल माह में कार्य को करना था पूरा
- वर्ष 2024 में मिली थी परियोजना निर्माण की स्वीकृति
- सीएलडीएफ को मिला है परियोजना पूर्ण करने का काम

**अमृत विचार:** कस्बा उझानी के स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण होना है। यूनिट का निर्माण 6.298 लाख की लागत से होगा। जिसकी मंजूरी पिछले साल जून माह में मिली थी। शासन की ओर से राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड (सीएलडीएफ)_ को नामित किया गया है। इस कार्य को एक साल में पूरा करना था, लेकिन कार्यदायी अब तक काम शुरू नहीं हो सकी है। कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

उझानी में स्थिति स्वास्थ्य केंद्र पर कस्बा तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए अस्पताल परिसर में पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण किया जाना है। स्वास्थ्य सेवाओं को बनाने के लिए बनने वाले ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण 6.298 लाख धनराशि से होना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर शासन स्तर से वर्ष 2024 जून में मंजूरी मिल गई थी। परियोजना को पूरा करने के लिए सीएलडीएफ को नामित किया गया था। पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण कार्य 2025 अप्रैल माह में होना था। लेकिन अब तक कार्यदायी संस्था निर्माण कार्य शुरू नहीं कर पाई है। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों का कहना है कि ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण अस्पताल परिसर में ही होना है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग अब तक यह निर्णय नहीं ले पाए हैं कि यूनिट का निर्माण अस्पताल परिसर के किस स्थान पर होना है।

> उझानी अस्पताल में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण होना है। स्वास्थ्य विभाग अब तक भूमि उपलब्ध नहीं करा सका है। कई बार पत्राचार किया जा चुका है। साथ ही बैठक भी की है। लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका है। जिसके कारण निर्माण कार्य शुरू होने में देरी हो रही है। –**इंद्रजीत**, अवर अभियंता, सीएलडीएफ

भूमि चिन्हित नहीं होने की वजह से निर्माण कार्य अटका हुआ है।

संस्था के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि भूमि उपलब्ध कराने के लिए कई बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करने के साथ ही पत्राचार किया जा चुका है। लेकिन अब भूमि चिन्हित नहीं हो सकी है। भूमि चिन्हित होते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस बारे में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। यूनिट का निर्माण न होने की वजह से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्हें शहर सहित अन्य जनपदों की ओर जाना पड़ रहा है।

## अभियान चलाकर दिव्यांगजनों को किया जाएगा चिह्नित

**बदायूं, अमृत विचार:** दिव्यांगजनों को चिह्नित करने के लिए ब्लॉकों में अभियान चलाया जाएगा। साथ ही कैंप लगाकर उनके प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। जिससे अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। दिव्यांगजनों को चिह्नित करने के लिए सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

शुक्रवार को विकास भवन में समन्वय समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जनपद के सभी विकास खंड में दिव्यांग बच्चों को चिह्नित करने के लिए अभियान चलाने के आदेश दिए। साथ ही कैंप लगाकर उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने को कहा है।

## शिक्षामित्रों का मूल विद्यालय में होगा स्थानांतरण

**बदायूं, अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत सहायक अध्यापकों के स्थानांतरण के बीच शिक्षामित्रों के ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शिक्षामित्रों को उनके मूल विद्यालय में भेजा जाएगा।

जिले में 2158 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इनमें शिक्षकों के साथ 2590 शिक्षामित्र भी कार्यरत हैं। शिक्षामित्र लंबे समय से स्थानांतरण की मांग करते आ रहे हैं। शिक्षामित्र संगठनों की मांग पर शासन स्तर से उनके ट्रांसफर की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। शिक्षामित्रों का स्थानांतरण उनके मूल या फिर उन विद्यालय में किया जहां पद रिक्त हैं। महिला शिक्षामित्र का स्थानांतरण निवास स्थान वाले स्कूल में किया जाएगा। बीएसए को जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि शिक्षामित्रों का स्थानांतरण मानव संपदा पर मौजूद डाटा के अनुसार किया जाएगा। अंतिम निर्णय डीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी के द्वारा किया जाएगा।

बीएसए वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शिक्षामित्रों का स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। गाइडलाइन के अनुसार ही उनका स्थानांतरण किया जाएगा।

# उमस भरी गर्मी और लू के थपेड़ों ने किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मौसम में आया बदलाव लेकिन तापमान में नहीं आई कमी
- छाए रहे बादल, चली पछुआ हवा, चिपचिपी गर्मी से व्याकुलता

**अमृत विचार:** 43 डिग्री का तापमान और चिलचिलाती धूप ने लोगों को घर में कैद होने के लिए विवश कर दिया है। हालात ऐसे हो जा रहे कि दोपहर के समय घर से बाहर निकलने वाले लोगों की त्वचा लाल पड़ जा रही है। उमस भरी गर्मी लोगों के छक्के छुडा रही है।

शुक्रवार को मौसम में बदलाव देखा गया। आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई है। दिन भर तेज गति से हवा चलती रही, लेकिन तापमान में कमी नहीं आई। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मौसम विभाग ने भी कहा कि एक दो दिन में बारिश हो सकती है।

शुक्रवार की सुबह धूप खिलने के बाद आसमान में बादल छा गए। ऐसा लगा कि बारिश हो जाएगी। कुछ देर बाद पछुआ हवाएं चलने लगी। 25 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं बादलों को अपने साथ उड़ा ले गई। इसके बाद मौसम साफ हो गया और चिलचिलाती धूप खिल उठी। सुबह 10 बजे तक धूप इतनी तेज हो गई कि बाहर निकलने में लोग कतरा रहे थे। जिस तरह के हालात आमतौर पर दोपहर के समय होते हैं, ऐसा मौसम सुबह 10 बजे से ही बन गया था। दफ्तर, दुकान आदि कार्यस्थलों पर जाने वाले लोग खासे परेशान नजर आए। कोई छतरी लगाकर तो कोई सिर पर अंगोछा, कैप आदि के जरिये धूप बचाने की कोशिश करता नजर आया। जैसे-जैसे समय बढ़ा, गर्मी का प्रकोप और बढ़ता गया।

दोपहर के समय जब तापमान 43 डिग्री पर जा पहुंचा तो लोगों को गर्मी असहनीय महसूस होने लगी। जिसके कारण बाजार और सड़कों पर सन्नाटे वाली स्थिति बन गई। बाजार में सन्नाटा पसर जाने के कारण दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए। कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि मौसम में परिवर्तन हो रहा है। शनिवार या रविवार को बारिश हो सकती है। आसमान में बादल छाए रहेंगे। तापमान में स्थिर रहेगा।

## रोडवेज बस स्टैंड के गेट से एसडीएम ने हटवाया अतिक्रमण

**बिल्सी, अमृत विचार:** नगर के खैरी रोड पर निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टैंड का शुक्रवार को एसडीएम रिपुदमन सिंह ने औचक निरीक्षण किया। साथ ही रोडवेज के मुख्य गेट पर कुछ लोगों द्वारा किए गए अस्थाई अतिक्रमण को नगर पालिका परिषद द्वारा हटाया गया। एसडीएम रिपुदमन सिंह ने बताया पिछले दिनों विधायक हरीश शाक्य ने निर्माणाधीन रोडवेज स्टैंड का निरीक्षण किया था। इस दौरान मुख्य गेट के पास अवैध अतिक्रमण की लोगों द्वारा उन से शिकायत की गई। जिसके बाद पालिका प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिए गए। इसके बाद शुक्रवार को पालिका प्रशासन ने जेसीबी की मदद से अस्थाई अतिक्रमण को हटा दिया। पालिका प्रशासन इस कार्रवाई से अतिक्रमण करने वाले लोगों में खासा हड़कंप मच गया। एसडीएम ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड के निकट किसी तरह का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। जो भी इसको करने का प्रयास करेगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने हस्ताक्षर कर किया बाल श्रम निषेध सप्ताह का आरंभ




अभियान की शुरुआत करते डीएम अवनीश राय और एसएसपी डॉ. बृजेश सिंह।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम 17 जून तक जारी रहेंगे। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जन जागरण के लिए हस्ताक्षर अभियान आरंभ किया गया। जिलाधिकारी अवनीश राय और एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह ने पोस्टर पर हस्ताक्षर कर अभियान शुरू किया।

जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल श्रम निषेध सप्ताह को विभिन्न विभागों, संगठनों व आमजन की सहभागिता से सफलतापूर्वक मनाया जाए। जनजागरण हस्ताक्षर अभियान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं बड़ी संख्या में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने हस्ताक्षर कर अभियान में भागीदारी की गई।

## मत्स्य सम्पदा योजना के लिए 16 से शुरू होंगे आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना शुरू की है। योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 जून से शुरू होंगे। आवेदन 30 जून तक किए जा सकते हैं।

मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार शुक्ला ने बताया कि योजना में नए मत्स्य पालन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही पहले से पंजीकृत या प्रतीक्षा सूची में शामिल लोग भी दोबारा आवेदन कर सकते हैं। आवेदन विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in पर किया जा सकता है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी का कहना है कि योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देना है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पोर्टल पर योजना की पूरी जानकारी उपलब्ध है।

# 5 घंटे गुल रही बिजली, उपभोक्ता परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- देहात की कटौती और शहर में ट्रिपिंग कर रही परेशान
- ध्वस्त हुई बिजली व्यवस्था, मचा हाहाकार

**अमृत विचार :** बिजली व्यवस्था फेल होने से जिले भर में उपभोक्ता परेशान हैं। पांच पांच घंटे की कटौती से जनमानस त्रस्त है। रात को बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारी लोड अधिक होने की बात कह रहे हैं। जगह जगह तार और केबल जल रहे हैं। शुक्रवार को दिन में चार घंटे बिजली गुल रही।

गुरुवार की शाम को धूल भरी आंधी ने बिजली व्यवस्था ध्वस्त कर दी। कई जगह तार टूटे जिससे रात 11 बजे तक सप्लाई ठप रही। रात को कुछ देर को सप्लाई शुरू हुयी, उसके बाद फिर गुल हो गयी। रात में चार से छह घंटे बिजली गुल रही। ढाक वाली जियारत स्थित फीडर से सप्लाई देर शाम आठ बजे गुल हो गयी। जिससे लाखों उपभोक्ता परेशान रहे। दो बजे तक कई बार बिजली गुल हुयी। उसके बाद सप्लाई शुरू की गयी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि आंधी में मझिया रोड की लाइन का तार टूट गया जिसे ठीक करने में समय लगा।

शुक्रवार को दिन में कई घंटे तक बिजली गुल रही। सुबह आठ से दोपहर एक बजे में चार बार बिजली गुल हुयी। शाम चार बजे बिजली सप्लाई ठप हो गयी जो 6 बजे शुरू हुई। दो घंटे तक सात आठ मोहल्लों में सप्लाई ठप रही जिससे लाखों लोगों को परेशानी हुयी। कोतवाली स्थित बिजली घर से सुबह आठ बजे से दस बजे तक कई बार ट्रिपिंग हुई। शाम को तीन बजे से चार बजे तक बिजली सप्लाई ठप रही। शहरी उपभोक्ता बिजली संकट के चलते कई दिन से परेशान हैं।

### आंधी में हुआ ब्रेकडाउन, बिल्सी की आपूर्ति ठप

**बिल्सी, अमृत विचार :** शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे आई तेज आंधी के चलते उझानी से आ रही मुख्य लाइन में फाल्ट हो गया। जिसकी वजह से नगर क्षेत्र की सप्लाई बाधित हो गई। इस भीषण गर्मी में लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उझानी-बिल्सी के मध्य कई स्थानों पर पेड़ों के बीच होकर गुजर रही लाइन जिसमें मामूली हवा में पेड़ों से टकरा कर फाल्ट हो जाते हैं। लाइन ब्रेकडाउन में चली जाती है। जिससे आए दिन नगर क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रहती है। जेई दिनेश कुमार ने बताया कि दोपहर आई आंधी में लाइन में ब्रेकडाउन हो गया। जिसकी बजह से नगर क्षेत्र की आपूर्ति ठप पड़ी है। विभाग की टीम फाल्ट दूर करने के लिए रवाना हो चुकी है। फाल्ट दूर होते ही सप्लाई को सुचारू कर दी जाएगी।

### जवाहरपुरी में फुंका ट्रांसफार्मर

शहर के मोहल्ला जवाहरपुरी में ट्रांसफार्मर जल जाने से 24 घंटे तक पूरा क्षेत्र अंधकार में डूबा रहा। शुक्रवार को सुबह ट्रांसफार्मर बदला गया तब कहीं सप्लाई शुरू हुयी। इस क्षेत्र में पिछले दिनों दातागंज चौराहे पर गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन कर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की थी। उसके बाद बिजली सप्लाई शुरु हुई। फिर भी ट्रिपिंग जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार विद्युत अधिकारियों का घेराव किया जाएगा।

> जनपद में अधिकांश क्षेत्रों में बिजली सप्लाई सुचारू है कुछ क्षेत्रों में तार टूटने से दिक्कत आ रही है। आंधी के कारण केबल तार टूटे थे उन्हे रात में ठीक किया गया है अब सप्लाई शेड्यूल के अनुसार दी जा रही है। अधिक लोड के कारण दिक्कत हो रही है। हालांकि आज तापमान में गिरावट रहने के कारण कुछ राहत मिली है।
> –**संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता, प्रथम

# पलिया मेहंदी में 1.82 करोड़ से बनेगी कान्हा गोशाला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मुशाहिदपुर रोड स्थित गांव पलिया मेहंदी में जल्द शुरू कराया जाएगा निर्माण कार्य
- चेयरमैन ने शासन को भेजा था पत्र, शासन से मिली मंजूरी, शेल्टर होम भी बनेगा

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं को सुरक्षित आसरा देने और जनता को परेशानियों से बचाने के लिए कान्हा गोशाला और शेल्टर होम बनाया जाएगा।



फात्मा रजा, चेयरमैन,।

मुशाहिदपुर रोड पर गांव पलिया मेहंदी में एक करोड़ 82 लाख 447 हजार लागत से बनने वाली कान्हा गोशाला और शेल्टर होम के निर्माण की मंजूरी शासन से मिल गई है। नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा की पहल पर भेजे गये इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब यहां शीघ्र काम शुरु किया जाएगा।

चेयरमैन ने बताया कि नगर में कई साल से चल रही छुट्टा पशुओं की समस्या से निपटने और आमजन को राहत देने के लिए यह कदम बहुत जरूरी था। इस गोशाला में पशुओं के लिए भोजन, पानी, विश्रामगृह और चिकित्सा की समुचित व्यवस्था होगी। इसे एक मॉडल गोशाला के रूप में तैयार किया जाएगा।

गोशाला निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द ही पूरी कर ली जाएगी और इसके बाद निर्माण कार्य तेजी से शुरू कराया जाएगा। चेयरमैन नगर पालिका रोज परिसर में बनी गोशाला में गोवंश को हरा चारा और गुड़ खिलाती आ रही हैं। चेयरमैन ने कहा कि बेसहारा पशु हमारे समाज का हिस्सा हैं। उनकी देखभाल करना हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। पूर्व मंत्री आबिद रजा खां से मिलकर जनता ने परेशानी बताई थी। इसके बाद चेयरमैन ने प्रस्ताव भेजा जिसे मंजूर कर लिया गया है।

# माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों को बनाया जाएगा जल साक्षर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गंगा की अविरलता व स्वच्छता अभियान से जुड़ेंगे छात्र
- आदेश मिलने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्कूलों के प्रधानाचार्य को जारी किए निर्देश

**अमृत विचार:** माध्यमिक स्कूलों के छात्रों को राष्ट्र बोध और नैतिक दायित्वों से परिचित कराने का प्रयास हो रहा है। इन्हीं प्रयासों के बीच विद्यार्थियों को जल साक्षर बनाया जाएगा।

इसके तहत उन्हें गंगा नदी की निर्मलता और अविरलता से परिचित कराया जाएगा। इसे शैक्षिक कैलेंडर में शामिल किया गया है। जिससे विद्यार्थी की गंगा नदी के प्रति जागरूक हो सकें। डीआईओएस ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य से विद्यार्थियों को गंगा नदी के ऐतिहासिक व भौगोलिक परिदृश्य के लिए गतिविधियां आयोजित करने को कहा है। सरकार माध्यमिक स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ राष्ट्र बोध और नैतिक दायित्व से भी जोड़ने का प्रयास कर रही है इन्हीं प्रयासों के बीच माध्यमिक स्कूलों में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान को शुरू किया गया है। जिसे एकेडमिक कैलेंडर में शामिल किया गया है। खेलकूद, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियां भी आयोजित कराई जाएगी।

राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी, 15 अगस्त, दो अक्टूबर को गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना शामिल है। कक्षाओं में ही छात्राओं को सडक पर वाहनों की गति धीमी रखने उन्हें चलाने के तरीके बताने साथ ही गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान से भी प्रत्येक विद्यार्थी को जोड़ा जाएगा। जिससे वह गंगा नदी के पौराणिक महत्व से अवगत हो सकें।

> विद्यार्थियों को जल साक्षर अभियान के तहत जागरूक किया जाना है। उन्हें गंगा नदी की ऐतिहासिक और भौगोलिक परिदृश्य से अवगत कराया जाएगा। इन गतिविधियों को एकेडमिक शैक्षिक कैलेंडर में शामिल गया है। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि एकेडमिक कैलेंडर में शामिल गतिविधियों का आयोजन कराएं।
> –**डॉ प्रवेश कुमार**, जिला विद्यालय निरीक्षक

### साइकिल सवार घायल

**विजय नगला, अमृत विचार :** बाजार से सब्जी की खरीदारी करके वापस लौट रहे साइकिल सवार को बरेली-मथुरा राजमार्ग पर एंबुलेंस ने टक्कर मार दी। साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A, BCA, M.Com, M.Sc (Chemistry, Physics, Zeology, Botony, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economixs Sociology, Political Science Urdu, Eucation, History)
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश
I.T.I. - Fitter, Electrician, Copa, Welder

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# सीटी स्कैन कराने को फिर शुरू हुई मारामारी

## कुछ दिन लगी रोक, शांत रहा सेंटर, नहीं दिखे दलाल, अब डाक्टर लिख रहे सीटी स्कैन, नहीं हो रही पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



सीटी स्कैन सेंटर में लगी मरीजों की भीड़ ।

- पहले एक दिन में होते थे 60-70 सीटी स्कैन, सख्ती के बाद हुए कम
- अब फिर होने लगी भीड़, डाक्टर मरीजों को लिख रहे सिटी स्कैन

"मरीजों के सीटी स्कैन कराए जा रहे हैं लेकिन डाक्टर जब सीटी स्कैन कराना जरूरी समझते हैं तभी लिखा जाता है। अन्य किसी के सीटी स्कैन नहीं किए जा रहे हैं। मरीज दूर दराज से आते हैं उन्हे परेशानी होती है इसलिए कुछ ढील दी गयी है।
–डा. कप्तान सिंह, सीएमएस"

**अमृत विचार :** सीएमएस की सख्ती के बाद कुछ दिन तक सीटी स्कैन सेंटर पर सन्नाटा पसरा रहा। लेकिन अब फिर से सीटी स्कैन धड़ल्ले से किए जा रहे हैं जिससे सेंटर पर मरीजों की भीड़ जुटने लगी है। भीड़ के चलते फिर से मारामारी शुरू हो गयी है।

जिला अस्पताल में एक कंपनी द्वारा सीटी स्कैन मशीन लगाई गई है। उक्त मशीन से अस्पताल प्रशासन मरीजों का निशुल्क सीटी स्कैन कराता है। निशुल्क सीटी स्कैन होने के कारण यहां पर भारी भीड़ लगी रहती थी। भीड़ के चलते कई तरह की अव्यवस्थाएं रहती थीं। सीटी स्कैन कराने वाले दलाल अक्सर घूमते थे जो मरीजों से रुपए ऐंठ कर उनका सीटी स्कैन जल्द कराते थे। इस अव्यवस्था के चलते सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने सीटी स्कैन पर रोक लगा दी। इससे मरीज परेशान हो गये। पिछले 15 दिन से मरीज सीटी स्कैन कराने को चक्कर लगा रहे हैं। पिछले दिनों एक दिन में 60 से 70 सीटी स्कैन होते थे। सख्ती करने के बाद 20 से 25 सीटी स्कैन हो रहे हैं।

डॉक्टर के लिखने के बाद सीएमएस उस पर हस्ताक्षर करते हैं उसके बाद ही सीटी स्कैन होते हैं। अस्पताल प्रशासन की सख्ती के चलते मरीजों को परेशानी होने लगी। लेकिन अब फिर से वहीं स्थिति बन रही है। डॉक्टर मरीजों को सीटी स्कैन लिख रहे हैं। सीएमएस की जगह दूसरे डॉक्टर पर्चे पर हस्ताक्षर कर रहे हैं जिससे दो दिन से भीड़ फिर बढ़ने लगी है।

शुक्रवार को करीब 45 से अधिक मरीजों के सीटी स्कैन किए गए।

सीटी स्कैन सेंटर मैनेजर नसीर खान का कहना है कि पाबंदी लगने पर कुछ दिन तक भीड़ कम रही उसके बाद अब फिर से वही स्थिति बन रही है। डॉक्टर धड़ाधड़ सीटी स्कैन लिख रहे हैं और मरीज करा रहे हैं।

## संकल्प सभा का आयोजन अतरपुरा में कल

**दबतोरी, अमृत विचार :** भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम अतरपुरा में 16 जून को संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह एडवोकेट ने बताया कि मोदी सरकार के 11 साल पूरे हो रहे हैं जिसका देश भर में जश्न मनाया जा रहा है ग्राम अतरपुरा में 16 जून को संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें भारतीय जनता पार्टी द्वारा जन कल्याण के लिए चलाई जा रही योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। योजनाओं का लाभ लेने को पात्र लोगों से आवेदन कराए जाएंगे। संकल्प सभा में क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता हिस्सा लेंगे।

## चोरी के मोबाइल फोन के साथ दबोचा चोर भेजा जेल

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर बिल्सी के मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति का बादशाहपुर रोड स्थित स्वीमिंग पूल से 10 जून की सुबह एंड्रायड मोबाइल फोन चुराकर ले गया। व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से चोरी की घटना का पर्दाफाश कर शुक्रवार को चोरी हुए मोबाइल फोन को बरामद कर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि नगर के मोहल्ला एक निवासी इकरार अहमद के स्वीमिंग पूल पर कुछ लोग नहाने के लिए आए थे। उसी समय जाविद नाम के व्यक्ति का मोबाइल फोन जो कुर्सी पर रखा था। किसी ने चोर कर लिया। पुलिस ने इकरार की ओर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई।

## डॉक्टर की गलती से महिला की जान पर बनी

**जैतीपुर।** कस्बे में दांतों के डॉक्टर की लापरवाही से महिला की जान पर बन आई। डॉक्टर के दाढ़ उखाड़ने से महिला का मुंह सूज गया। बरेली अस्पताल में ऑपरेशन करना पड़ा। अभी भी हालत में सुधार नहीं हैं। मुंह में नली पड़ी है। गौहावर के राकेश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग की है।

एक माह पूर्व पत्नी सुनीता के दाढ़ में दर्द होने पर कस्बे के डेंटल क्लिनिक पर लाया। वहां डॉक्टर ने दाढ़ उखाड़ का दवाई व इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया। घर जाते ही महिला का मुंह सूज गया। खाना पीना बंद हो गया। बताया कर्ज पर बीस हजार रुपए लेकर पत्नी को इलाज के लिए बरेली ले गया। वहां डॉक्टर ने ऑपरेशन किया, तब कुछ आराम मिला।

# कार्यकत्रियों ने किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



अधिकारी को ज्ञापन देते आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

- आंगनबाड़ियों ने 20 हजार रुपये मानदेय देने के लिए सौंपा ज्ञापन
- समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग ज्ञापन में की

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आंगनबाड़ी श्रमिक संघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मांग की है कि उनकी समस्याओं का निस्तारण जल्द किया जाए।

शुक्रवार को मालवीय आवास गृह पर आंगनबाड़ी श्रमिक संघ ने धरना प्रदर्शन कर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बंधुआ मजदूर बना दिया गया है। उन पर काम का बोध डाल दिया गया है। मानदेय नहीं बढ़ाया गया है। उनका मानदेय बीस हजार रुपए किया जाए। कहा कि केवाईसी करने के निर्देश दिये गए हैं जबकि नए स्मार्ट मोबाइल नहीं दिए गए हैं जिससे आंगनबाड़ी परेशान हो रही है। केवाईसी कराने का कार्य दूसरे विभाग को दिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर काम का बोझ कम किया जाए। प्राइमरी एजूकेशन के एजुकेटर की नियुक्ति रद्द की जाए। आंगनबाड़ी बहनों से लिखा पढ़ी का काम कम कराया जाए। आंगनबाड़ियों को सुपरवाइजर के पद पर प्रोन्नत किया जाए। उक्त मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर प्रेमलता, मिथलेश कुमारी, सहित दर्जनों आंगनबाड़ी मौजूद रहीं।

# पुण्यतिथि पर हुए कई कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



शरबत बांटते अमन मयंक शर्मा व अन्य लोग ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बदायूं गौरव क्लब के संस्थापक एवं समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर विभिन्न समाजसेवा के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समाजसेवी को श्रदांजलि देते हुए बस्त्र वितरित किए गए और शरबत बांटा गया।

इस मौके पर भाजपा नेता अमन मयंक शर्मा एवं गौरव पाठक ने वेदपाठी ब्राह्मणों को वस्त्र वितरित किये । बदायूं गौरव क्लब संस्था द्वारा वेदपाठी ब्राह्मणो एवं निर्धनों को वस्त्र वितरित किये गये। टिकटगंज कोठी वाला मंदिर पर शरबत एवं नाश्ते का वितरण किया गया। दातागंज रोड स्थित गुरुकुल में अध्यनरत छात्रों को पाठय सामग्री वितरित की गयी। यहां पीपल, बरगद, अशोक, आम एवं नीम के पांच पौधों का पौधारोपण किया गया। ब्रह्मदत्त गौशाला में गौ माता को गुड़ एवं चारा खिलाकर गौसेवा की गयी। कहा कि समाजसेवा सबसे बड़ा धर्म है।

सहसचिव गौरव पाठक ने कहा कि दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा आजीवन समाज सेवा के कार्य किये गये ।उनका जीवन युवाओं के किये अत्यंत प्रेरणादायी है।

बदायूं गौरव क्लब की महिला अध्यक्ष गीता शर्मा ने दिनेश चंद्र शर्मा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनको श्रदांजलि दी। इस मौके पर, अंजलि मिश्रा, चर्चा पाठक, प्रज्ञा अमन मयंक पाठक, नियति मिश्रा, काव्या पाठक, वैदिक पाठक, रमेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, शशांक शर्मा, सुमित शंखधार, विपिन शर्मा, मुन्ना भइया ,चिराग शर्मा, निहार पाराशरी, मयंक शंखधार, आदि लोग मौजूद रहे।

## तहसीलदार के स्थानांतरण को डीएम से मिले अधिवक्ता

**बिल्सी, अमृत विचार:** तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग को लेकर शुक्रवार को तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी डीएम से मिले। उन्होंने डीएम से तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग की।

महासचिव वागीश माहेश्वरी समेत वकीलों ने डीएम को बताया कि तहसीलदार का जनता व अधिवक्ताओं के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। उक्त अफसर की पूर्व में तैनाती के दौरान भी उनकी कार्यशैली को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा 45 दिन तक उनके कोर्ट का बहिष्कार किया था। तब पूर्व डीएम मनोज कुमार ने उनका स्थानांतरण यहां किया था। अब पिछली 24 मई से उनकी कार्यशैली को लेकर वकीलों द्वारा उनके कोर्ट का बहिष्कार किया जा रहा है। उन्होंने डीएम से मांग की जब तक उनका स्थानांतरण अन्य तहसील को नहीं हो जाता है तब तक बहिष्कार जारी रहेगा। इस मौके पर बार के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, विवेक राठी, ज्ञान सिंह त्यागी आदि मौजूद रहे।

# हेपेटाइटिस बी, सी पीड़ितों की संख्या बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जांच रिपोर्ट में देरी के चलते मरीजों को हो रही परेशानी
- स्थानीय स्तर पर जांच कराने की जद्दोजहद जारी



लाइन में लगे हुए हेपेटाइटिस के मरीज। ● अमृत विचार

### पिछड़े ब्लाक से आते हैं 90 फीसदी मरीज

हेपेटाइटिस के शिकार 90 प्रतिशत रोगी पिछड़े ब्लॉक क्षेत्रों से आते हैं जहां साफ सफाई पर अधिक ध्यान नहीं दिया जाता है। स्वास्थ्य सुविधा समय पर नहीं मिल पाती है। जांच कराने के साधन नहीं है। इसलिए ऐसे क्षेत्रों में काली पीलिया के मरीज अधिक पाए जाते हैं।

**अमृत विचार :** हेपेटाइटिस मरीजों को पुख्ता इलाज नहीं मिल पा रहा है। न ही जांच समय से हो रही है जांच रिपोर्ट देर से मिलने के कारण मरीजों को परेशानी हो रही है। जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस ए, बी, सी की जांच होती है जबकि इससे आगे की श्रेणी में आने वाले मरीजों की जांच संभव नहीं है, इसलिए दिक्कत हो रही है।

जिला अस्पताल में मंगलवार और शुक्रवार को हेपेटाइटिस के मरीज देखे जाते हैं। शुक्रवार को हेपेटाइटिस के करीब 163 मरीज देखे गए। इनमें हेपेटाइटिस बी के 19 और सी के 22 मरीज देखे गए। जबकि अन्य मरीज हेपेटाइटिस ए के देखे गए। मरीजों की सुबह नौ बजे से लाइन लगने लगी। फिजीशियन डा. शिवमोहन कमल ने सभी मरीजों को देखा। उन्होने बताया कि हेपेटाइटिस बी और सी अधिक खतरनाक है। यदि इन मरीजों को समय से उपचार नहीं मिले तो जानलेवा हो सकता है। इसलिए जांच रिपोर्ट जल्द मिलनी चाहिए जिससे मरीजों को उपचार शुरू किया जा सके। बताया कि अभी तक राजकीय मेडिकल कालेज में वायरल लोड की सुविधा नहीं मिली है जिससे ब्लड सैंपल लखनऊ भेजे जाते हैं। वहां से रिपोर्ट आने में 25 दिन का समय लगता है। रिपोर्ट आने के बाद ही मरीज को दवा दी जाती है। कुछ मरीज 20-25 दिन में बहुत बीमार हो जाते हैं इसलिए उनको एक माह से अधिक का समय ठीक होने में लगता है।

डा. कमल ने बताया कि हेपेटाइटिस पांच तरह का होता है। यहां पर ए, बी और सी की जांच होती है जबकि इससे आगे दो तरह की जांच होती है जो नहीं की जाती है। हालांकि डी और ई के मरीजों की संख्या बहुत कम रहती है फिर भी कुछ मरीज इनके भी आते हैं। उनको खुद जांच कराने को कहा जाता है।

डॉक्टर का कहना है कि पीलिया बीमारी खतरनाक है। इसकी समय से जांच होनी चाहिए और समय से ही इलाज कराया जाए जिससे मरीज को स्वस्थ होने में अधिक समय न लगे। काली पीलिया के बारे में बताया कि अधिक दिनों तक जांच न कराने से दवा नहीं लेने से पीलिया काली बन जाती है जो जानलेवा साबित होती है। स्थानीय स्तर पर पीलिया की जांच कराने को जद्दोजहद जारी है। सीएमओ के स्तर से भी लिखा पड़ी की गयी है।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दें का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# बालश्रम के विरोध में निकाली रैली



बाल श्रम के विरोध में निकाली रैली में शामिल बच्चे और पदाधिकारी

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** शुक्रवार को जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान द्वारा बाल श्रम के विरोध में रैली निकाली गयी। बाल श्रम से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।

काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान द्वारा आज जनपद के पांच विकासखंड सालारपुर, उझानी, जगत, म्याऊ एवं कादरचौक की ग्राम पंचायत रूपा मई, ततारपुर, जखेली, नवादा में कम्युनिटी सोशल वर्कर सुनील कुमार, अनिल कुमार, अनुपम, रूबी सिंह, दुर्गा द्वारा बच्चों व वॉलिंटियर्स के सहयोग से बाल श्रम के विरोध में रैली निकाली गई। रैली में बाल श्रम उन्मूलन के प्रति नारे बोलकर, पट्टिकाएं दिखाकर, बैनर के माध्यम से और पम्पलेट के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसी के साथ में गोष्ठी भी की गयी। गोष्ठी में बच्चों को बाल श्रम के बारे में विस्तार बताया गया। बच्चों को स्कूल जाने को प्रेरित किया गया।

## तीन किग्रा डोडा छिलका के साथ युवक गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज कोतवाली पुलिस ने एक युवक को तीन किग्रा डोडा छिलका के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस न आरोपी को जेल भेजा।

प्रभारी निरीक्षक को मुखबिर ने सूचना दी थी। उसके बताए अनुसार प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ गांव बौरा सिरसा मोड़ के तिराहे पर पहुंचे। जहां एक युवक को हिरासत में लिया। उसके पास डोडा छिलका बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव झुकसा निवासी अलाउद्दीन पुत्र सरफुद्दीन बताया। पुलिस को पूछताछ में आरोपी में कई जानकारी दी हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा गया है।

### अस्पताल के लिए दस वेंटिलेटर मांगे, सीमैप मशीन भी खरीदी जाएं

# पांच शिशुओं की मौत, शासन को भेजी रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- सीएमएस और एडी हेल्थ ने सरकार को भेजा जवाब

**अमृत विचार :** छह दिन पूर्व जिला महिला अस्पताल में पांच शिशुओं की मौत के मामले में शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। इस मामले में शासन में भी खलबली मच गई थी। हादसे के बाद जिम्मेदारों ने भी अस्पताल का निरीक्षण किया और सरकार द्वारा रिपोर्ट तलब की गई। इसी के बाद महिला अस्पताल प्रशासन और एडी हेल्थ की ओर से शासन को रिपोर्ट भेज दी गयी है। साथ ही दस वेंटिलेटर और सीमैप मशीन खरीदे जाने की अनुमति मांगी गई है।

सात जून को जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में चार नवजात शिशुओं की मौत हो गयी। जबकि एक नवजात की दूसरे दिन मौत हो गयी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड का दौरा किया। स्थिति का जायजा लिया। यहां जो कमियां थीं उनके बारे में पूछताछ की गयी।एडी हेल्थ साधना अग्रवाल ने जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होने शासन को शिशुओं की मौत मामले की रिपोर्ट भेज दी।

जिला महिला अस्पताल की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में कहा गया है। एसएनसीयू वार्ड में वेंटिलेटर की सुविधा नहीं हैं। सीमैप मशीनें तीन साल पूर्व खरीदी गई थीं। जो अब काम नहीं कर रही है। इसके बाद जिन शिशुओं की मौत हुई है वह कम समय के थे। तीन शिशुओं का वजन आठ सौ ग्राम था जिनके फेफड़े विकसित नहीं हुए थे। एक शिशु का जन्म सीएचसी पर होने के बाद उसे यहां लाया गया था। यहां पर वेंटिलेटर नहीं होने के कारण उसकी मौत हो गयी। पांचवे शिशु को संक्रमण था। वह आठ माह का था। कोशिश करने के बाद भी शिशु को बचाया नहीं जा सका। रिपोर्ट में शासन को बताया गया है कि शिशुओं को बाहर ले जाने को कहा गया था लेकिन परिजन बाहर नहीं ले गए। इस स्थिति में एसएनसीयू वार्ड के स्टाफ की कमी नजर नहीं आ रही है। इसी तरह की रिपोर्ट एडी हेल्थ की ओर से भेजी गयी है।

सीएमएस डा. इंदु कांत वर्मा ने बताया कि शिशुओं की मौत के मामले की रिपोर्ट मांगी गई थी जो आज भेज दी गयी है। अब इस प्रकरण में कुछ और नहीं बचा है। सीएमओ के स्तर से भी एक जांच करायी गयी थी। उसमें भी उक्त तथ्य स्पष्ट किए गए हैं।

**अवैध शिकायत का प्रकरण भी खूब उछला**

जिला अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड में नवजात शिशुओं को भर्ती करने पर अवैध वसूली करने की शिकायत का भी प्रकरण उछला था। इस प्रकरण को उच्चाधिकारियों से छिपाया गया। शिकायतकर्ताओं को गुमराह किया गया। उन्हे एडी हेल्थ से नहीं मिलने दिया गया।

## कांग्रेस ने विमान हादसे के लोगों को दी श्रद्धांजलि

**बदायूं , अमृत विचार:** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों को मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट का मौन रखकर कांग्रेस ने आज श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर ने कहा कि इस दुर्घटना की जांच होना आवश्यक है। शहर कांग्रेस कमेटी मृतकों के परिवार को सांत्वना देती है। पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह अत्यंत हृदय विदारक घटना है। इस घटना में पूरे के पूरे परिवार चले गए। उन्होंने कहा कि मामले की तह तक जाने के लिए स्वतंत्र एजेंसी से जांच होनी चाहिए। भारत सरकार को इस दुर्घटना की जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए। शोकसभा में शहर कांग्रेस कमेटी कमेटी के पूर्व अध्यक्ष असरार अहमद, जिला कांग्रेस कमेटी के वीरेश तोमर, इगलास हुसैन, शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाहिद अंसारी, रफत अली, उपाध्याय, हरीश कश्यप, पूनम राज आदि कार्यकर्ता रहे।

# हादसों में दो युवकों की मौत, तीसरा गंभीर

### बिनावर में कार ने पैदल जा रहे युवक और दातागंज में ऑटो ने बाइक को मारी टक्कर

**संवाददाता, विजय नगला/बदायूं**

**अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बिनावर क्षेत्र में कार ने पैदल जा रहे युवक और दातागंज क्षेत्र में ऑटो ने बाइक को टक्कर मार दी।


मृतक मेवाराम।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव ढका निवासी रजनेश (22) अपने दोस्त प्रदीप के साथ दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव शिंभूनगला में अपनी मौसी के घर गुरुवार को गए थे। एक रात रुकने के बाद वह दोनों शुक्रवार को बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में दातागंज क्षेत्र के गांव गनगोला के पास तेज रफ्तार से आए ऑटो ने उनकी बाइक सामने से टक्कर मार दी। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रही बाइक भी टकरा गई। हादसे में रजनेश और प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने रजनेश को बरेली और प्रदीप को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बरेली ले जाते समय रजनेश ने दम तोड़ दिया। घायल का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव रिजौली निवासी मेवाराम (35) पुत्र नंदराम चप्पल लेने के लिए पैदल कस्बा बिनावर जा रहे थे। बिनावर क्षेत्र के गांव घटपुरी के पास सड़क पार करते समय किसी कार ने उन्हें टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मेवाराम की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के तीन छोटे बच्चे हैं। प्रभारी निरीक्षक अशोक कंबोज ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत**

**बदायूं, अमृत विचार :** हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव लभारी निवासी सुखपाल (70) चार जून को अपनी बेटी की ससुराल जाने के लिए घर से निकले थे। वह बस का इंतजार कर रहे थे। अलापुर थाना क्षेत्र में म्याऊं-चौड़ेरा मोड़ पर किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पुलिस और पुलिस की सूचना परिजन पहुंचे। घायल को अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया था। परिजनों ने उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार रात घायल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

**अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, एक घायल**

**बिल्सी ,अमृत विचार :** बिजनौर-बदायूं हाइवे स्थित गांव नगला डल्लू के निकट शुक्रवार की दोपहर विपरीत दिशा से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गए। घायल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। थाना उघैती क्षेत्र के गांव मोहन नगला रविंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह अपनी बाइक से किसी काम से बिल्सी को आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हाइवे पर स्थित गांव नगला डल्लू के निकट पहुंची, तभी विपरीत दिशा से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार रविंद्र सिंह घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए बिल्सी सीएचसी लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

## भाकियू चढ़ूनी ने विमान हादसे के शिकार लोगों को दी श्रद्धांजलि

**बदायूं,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति को दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त की।

शुक्रवार को आयोजित शोकसभा में जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। एयर इंडिया विमान हादसे में 265 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, कई लोग घायल हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की जा रही है।

हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वास्थ्य होने के लिए प्रार्थना की गई। अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के कारण पूरे देश में शोक है। शोकसभा में बीयीशु दास, शरीफ अब्बासी, आरिफ रजा, अजय सैनी, असलम, प्रवेंद्र ठाकुर, राशिद अब्बासी, सत्येंद्र यादव, राम रहीस, सगीर अब्बासी, नूरुद्दीन आदि लोग रहे मौजूद।

# भगोड़ी कंपनी के मालिकों का केस नहीं लड़ेंगे वकील

**संवाददाता, बदायूं**

- गिरफ्तारी पर रोक लगाने को आरोपियों ने दायर की रिट

**अमृत विचार :** पुलिस हजारों लोगों के करोड़ों रुपये लेकर भागने वाली अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के मालिकों की तलाश कर रही है। बरेली, लखनऊ, प्रयागराज आदि में छापामारी की गई है। निवेशक पुलिस की कार्रवाई पर टकटकी लगाए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी प्रयागराज पहुंचे हैं। अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए रिट दायर की है। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी कई साल से जिले में मीरा सराय मार्ग पर चल रही थी। हजारों लोगों ने आरडी और एफडी के रूप में अपने मेहनत की कमाई जमा की थी। अब कंपनी भाग चुकी है। निवेशकों और अधिवक्ताओं ने कंपनी के मालिकों और एजेंटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। बाकी की तलाश की जा रही है।

कंपनी के मालिक दो भाइयों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो चुके हैं और उनके तीसरे भाई के खिलाफ गैर जमानती वारंट के लिए आवेदन किया जा चुका है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं जिले के अधिवक्ता कंपनी के मालिक और एजेंटों के खिलाफ हैं।

कंपनी ने अधिवक्ताओं के रुपये भी मारे हैं। चर्चा है कि अधिवक्ताओं ने कंपनी मालिक और एजेंटों के केस लड़ने से इंकार कर दिया है। माना जा रहा है कि उनका केस लेने वाले अधिवक्ताओं का दूसरे अधिवक्ता विरोध करेंगे। वहीं आरोपी हाईकोर्ट की शरण में गए हैं। अपनी गिरफ्तारी रुकवाने के लिए रिट दायर की है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं कि सुनीता देवी पत्नी अनिल कुमार निवासी ठिरिया निजावत खां, जाटवपुरा, मो. वार्ड नं. 1, केसरपुर, बरेली- 243123 उपरोक्त पते की निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड 951778524669 है जिसमें मेरी जन्मतिथि 20.09.1985 त्रुटिवश दर्ज हो गयी है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरी जन्मतिथि 20.05.1970 दर्ज है। अपनी विधवा पेंशन हेतु अपने आधार कार्ड में संशोधन कर अपनी सही जन्मतिथि 20.05.1970 दर्ज कराना चाहती हूं।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र सुहेल खान व उसकी पत्नी सदफ, फैजान खान व उसकी पत्नी आसिया और अम्मार खान को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। असलम बहादुर खां पुत्र श्री इल्यास बहादुर खां निवासी मोहल्ला शाहगढ़ वार्ड न. 12 कस्बा व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 2983101 सन् 2005 इण्टर अंकपत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0424025 सन् 2007 वास्तव में कहीं खो गये हैं जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **अजीत सिंह पुत्र ओम प्रकाश निवासी ग्राम बडरा कासमपुर पो. सुकुटिया मढ़ी तहसील फरीदपुर जिला बरेली।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र सुमित को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामस्वरूप पुत्र कुंदन लाल निवासी सरकड़ा सरकार, जनपद बरेली (उ.प्र.)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड पर NISMA NAIM व अन्य अभिलेखों में नाम NISMA दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं व भविष्य में मुझे NISMA NAIM के नाम से जाना जाए। **नईम पुत्री श्री अरशद नईम नि. मो. बक्सरियां थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर**

**जे.एम.बी. इंस्टीट्यूट आफ लाइफ साइंसेज एन्ड हायर एजूकेशन**
(सम्बद्ध एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय)
कैम्पस : 4 किमी., देवीपुरा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत

**आवश्यकता है**
निम्न विषयों में योग्य, ऊर्जावान स्टाफ की
**विज्ञान संकाय :** ● रसायन विज्ञान ● वनस्पति विज्ञान ● जन्तु विज्ञान ● फिजिक्स ● मैथ्स
**वाणिज्य संकाय :-** ● कामर्स
**कला संकाय :-** ● चित्रकला ● इतिहास ● अंग्रेजी
**गृहविज्ञान संकाय :-** ● गृहविज्ञान
**योग्यता व वेतनमान : यू.जी.सी./विश्वविद्यालय के मानकानुसार (परास्नातक, पी.एच.डी./नेट)**
इच्छुक अभ्यर्थी रंगीन फोटो युक्त बायोडाटा व शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की प्रति सहित महाविद्यालय में 15 दिवस की सीमा में दोपहर 12 बजे से 3 बजे के मध्य आवेदन करें अथवा डाक/ई-मेल द्वारा आवेदन करें।
**सम्पर्क : 9758108900**
ई-मेल : jmbinstitute@gmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पालिका ने चलाया पॉलीथिन हटाओ जागरुकता अभियान


दुकान से पॉलीथिन जब्त करते ईओ। ● अमृत विचार

**संवाददाता, उझानी**

**अमृत विचार:** शुक्रवार शाम नगर पालिका परिषद के ईओ अब्दुल शबूर के नेतृत्व में बाजार में पॉलीथिन प्लास्टिक हटाओ अभियान चलाया गया। दुकानों से पॉलीथिन जब्त की। साथ ही जुर्माना भी वसूला।

पालिका की टीम ने स्टेशन रोड, सब्जी मंडी, घंटाघर चौराहा स्थिति बाजार में दुकानों से पॉलीथिन को जब्त किया। पॉलीथिन के साथ दुकानों से, प्लास्टिक ग्लास सहित अन्य प्रतिबंधित सामान को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान उपस्थित खाद्य निरीक्षक हरीश कुमार त्यागी ने दुकानदारों को साफ सफाई के प्रति सचेत किया किया। इस मौके पर निखिल मिश्रा,संजय गौतम, विकास मथुरिया,गौरव कुमार व दीपक आदि मौजूद रहे।

## घर से दवाई लेने निकली मामी-भांजे के साथ हुई फरार

**उघैती ,अमृत विचार :** घर से दवाई लेने निकली मामी अपने भांजे के साथ फरार हो गई। महिला के पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है वह दिल्ली में कबाड़ा खरीदने का काम करता है। बीते दिनों उसकी पत्नी बीमार हो गई थी। बीमारी के बाद पत्नी दवाई लेने के बहाने बिसौली गई थी लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों के माध्यम से इधर-उधर तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। वही महिला को फोन किया तो उसका नंबर था। छानबीन गई की गई तो पता चला कि सहसवान कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी उसका भांजा उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर ले गया है। महिला घर में रखे सोने चांदी की जेवर और 30 हजार रुपये ले गई है।

# मजदूरी करने वाले बाल श्रमिक पर नजर रखें

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**


सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से चर्चा करते सहायक आयुक्त

- अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस विकास भवन में हुई गोष्ठी

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विकास भवन में प्रयास

और सुझाव विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सामाजिक संगठनों और अधिकारियों ने बाल श्रम पर चर्चा की। साथ ही सुझाव मांगे।

सहायक श्रम आयुक्त ने अजीत कनौजिया ने बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 पर प्रकाश डाला। साथ ही श्रम विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।

सहायक श्रमायुक्त ने कहा कि यह अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है जिस पर सभी को प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बाल श्रम आर्थिक स्थिति मुख्य कारण है। बड़ी संख्या में बच्चे रबी की कटाई, आलू की खुदाई के समय स्कूलों से गायब हो जाते हैं। तथा खेतों में बाल मजदूरों के रूप में काम करते हैं। शादी बारात में बच्चे बैंड बाजा के साथ लाइट ढोने का काम करते हैं। उनसे कैटरर्स के साथ सर्व करने का काम करते हैं। इन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रभारी चाइल्ड लाइन, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट जिला प्रोबेशन अधिकारी, तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने अपने अपने विभागों द्वारा बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी सीडीओ को दी। ट्रेड यूनियन अध्यक्ष असरार अहमद ने बाल मजदूरी के मूल कारणों पर प्रकाश डाला। व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र महाजन तथा सागर अरोड़ा ने आश्वस्त किया कि बाल श्रमिकों से काम न लिए जाने के लिए जागरूक किया जाएगा।

## युवक लापता पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

**उसहैत, अमृत विचार :** कस्बा उसहैत के वार्ड नौ निवासी सत्यपाल ने अपने बेटे जवेंद्र के लापता होने पर गुमशुदगी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जवेंद्र मंगलवार शाम लगभग पांच बजे मोबाइल लेकर घर से निकला था। जिसके बाद देर रात तक घर नहीं लौटा है। उन्होंने बताया कि जवेंद्र का कभी कभार दिमागी संतुलन खराब हो जाता है। वह अक्सर घर से चला जाता था और दो या तीन घंटों में लौट आता था लेकिन इस बार वह नहीं आया है। रिश्तेदारी में तलाश करने के बाद भी कुछ पता नहीं चला है। बेटे के लापता होने पर परिजन परेशान हैं।


लापता जवेंद्र।

## घर में पटाखों के अवैध भंडारण पर रिपोर्ट दर्ज शुरू हुई जांच

**कुंवरगांव,अमृत विचार :** कस्बा कुंवरगांव के वार्ड सात में होली चौक के पास रहने वाले दो भाई रहीस व अतीक के घर में बुधवार देर रात साढ़े 10 बजे बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई थी। वह दोनों अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करके कारोबार करते थे। रहीस के पास लाइसेंस था, जो एक्सपायर हो चुका है।

घर में रखे पटाखों के जखीरा में आग लग गई, एक के बाद एक धमाके होने लगे। मोहल्ले में अफरातफरी मच गई लोगों ने घर में मौजूद महिलाओं और बच्चों को बमुश्किल बाहर निकाला। अग्निशमन विभाग ने काबू पाया। रहीस अवैध रूप से पटाखों की बिक्री कर रहे थे। पुलिस ने घर में पटाखों की बिक्री व अग्निशमन नियमों का उल्लंघन मानकों को पूरा न पर रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

# 40 साल से दबंगों ने बंद कर रखा था रास्ता, राजस्व विभाग ने खुलवाया

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** थाना जरीफ नगर क्षेत्र गांव में रास्ते पर दबंगों का 40 साल से कब्जा था। जिसे दीवार लगाकर बंद कर रखा था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने सहसवान एसडीएम से की थी। शिकायत पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम और थाना पुलिस ने रास्ते को खुलवाया। हिदायत दी कि अब अगर रास्ते को बंद किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थाना जरीफनगर के गांव बागवाला के आबादी क्षेत्र में कुछ लोगों ने रास्ते पर कब्जा कर रखा था। जिस पर उनके द्वारा कब्जा कर दीवार लगाकर बंद कर दिया था। रास्ते पर लगभग 40 वर्षों से लोगों का कब्जा था। ग्रामीणों ने रास्ता खुलवाने के लिए कई बार शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस बार ग्रामीण ट्रेक्टर ट्राली में भरकर एसडीएम के समक्ष पहुंचे। उन्होंने रास्ता खुलवाने की मांग की। जिस पर एसडीएम ने सतीश शर्मा राजस्व निरीक्षक, मंजुल, लेखपाल आदित्य और अच्छे लाल को थाना पुलिस के साथ गांव भेज दिया। गांव पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी से दीवार को तुडवा कर रास्ता खुलवाया।


रास्ता खुलवाते राजस्व अधिकारी और पुलिस। ● अमृत विचार

## गंगा घाट पर भिड़े दो पक्ष, चार श्रद्धालु हुए घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** भागवत कथा के समापन पर कलश विसर्जन को कछला स्थित भागीरथी घाट पर आए लोगों में कार हटाने को लेकर विवाद हो गया। दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती किया गया।

कासगंज जिले के थाना सहावर क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी ग्रामीण तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से गंगा घाट आए थे। जहां एटा के कस्बा के मोहल्ला श्रृंगार नगर निवासी श्रद्धालु भी थी। एटा के लोगों ने अपनी कार गंगा घाट के रास्ते पर खड़ी कर दी। दीपपुर के लोगों ने कार हटाने को तो आरोप है कि कार सवार लोगों ने खुद को पुलिस वाला बताते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसमें दीपपुर निवासी दीपक, रंजीत, सत्यराम और गोपाल सिंह घायल हो गए। घायलों को भर्ती कराया गया।

# इंजेक्शन लगाने के बाद छह साल की बच्ची की मौत

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- बुखार आने पर चिकित्सक ने बच्ची को लगाए थे दो इंजेक्शन

**अमृत विचार :** बुखार आने पर निजी चिकित्सक ने छह साल की बच्ची को इंजेक्शन लगा दिया। कुछ देर के बाद बच्ची की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। परिजनों ने निजी चिकित्सक पर इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव कुढ़रा ढका निवासी पप्पू की पांच बेटी और एक बेटा था। दूसरे नंबर की छह साल की पहली कक्षा में पढ़ने वाली कीर्ति को तेज बुखार आया और पेट में दर्द होने लगा था। तो वह उसके पास के गांव डहरपुर स्थित निजी चिकित्सक के पास ले गए थे। चिकित्सक ने बच्ची को दो इंजेक्शन लगाए और घर भेज दिया। कहा था कि बच्ची को कुछ देर में आराम मिल जाएगा।

परिजन बच्ची को घर ले गए थे लेकिन कुछ ही देर के बाद कीर्ति की तबीयत और ज्यादा खराब हो गई। परिजन उसे दोबारा चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने दातागंज पुलिस को सूचना दी। चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। कहा कि चिकित्सक के गलत इंजेक्शन लगाने की वजह से बच्ची की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की है।

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीवर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।


## संपादकीय

# हमले के बाद

ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा हुए तनाव के बीच इजराइल ने ईरान के परमाणु और मिसाइल स्थलों पर हमला किया। हमलों से पश्चिम एशिया के दो धुर विरोधी देशों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र में खतरनाक ढंग से तनाव बढ़ने पर विश्व भर के नेताओं ने दोनों पक्षों से तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया। हमले में मारे गए लोगों में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य नेता, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख गार्ड के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के संचालक शामिल हैं। जो तेहरान के शासकीय तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है। यह इराक के साथ 1980 के दशक के युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि इजरायल को कड़ी सजा दी जाएगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर वह परमाणु समझौते पर सहमत नहीं होता तो उसका देश और विरासत नष्ट हो जाएगी। लगता है कि अमेरिका को पहले से ही हमले की आशंका थी। अमेरिका ने बुधवार को इराक की राजधानी से कुछ अमेरिकी राजनयिकों को वापस बुला लिया था तथा पश्चिम एशिया से अमेरिकी सैनिकों के परिवारों के लिए स्वैच्छिक निकासी की पेशकश की थी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान पर परमाणु अप्रसार संधि का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जिसमें कहा गया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम मौजूद है, जो परमाणु हथियार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही कूटनीतिक उथल-पुथल के बीच ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। साथ ही रूस ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया, ताकि तनाव और न बढ़े एवं यह क्षेत्र पूर्ण युद्ध क्षेत्र में न बदल जाए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के इर्द-गिर्द कोई भी समझौता सैन्य बल से नहीं हो सकता और इसे केवल शांतिपूर्ण, राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से ही हासिल किया जा सकता है। ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ते तनाव के बीच हुए क्षेत्र में शांति स्थापित करना एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। कई संगठन और लोग इस क्षेत्र में शांति के लिए काम कर रहे हैं, जो जरूरी है।

# सौर-प्रकाशवृत्त के प्रभाव से बदलता है पृथ्वी का मौसम



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है।

जानकर चकित होना पड़ता है कि मात्र छः वर्ष की अवधि में सौर अध्ययन के लिए एक एडवांस्ड टेलिस्कोप की स्थापना हेतु अमरीका के 17 प्रमुख संस्थान एकजुट हो गए जिनमें वायु सेना अनुसंधान प्रयोगशाला, बेलन प्लाज्मा समूह, अनुप्रयुक्त भौतिकी की प्रयोगशालाएं, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी का नॉर्थ्रिज स्थित कैलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान, भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग एवं बारह अन्य महत्वपूर्ण संस्थान हैं। सन 1898 से अमरीका के आधिपत्य में आए हवाई देश को अमरीका ने सन 1959 में अपने क्षेत्र का 50वां राज्य घोषित किया था। प्रशांत महासागर में स्थित हवाई समूह के माउई नामक टापू पर एक शांत ज्वालामुखी के मुहाने के निकट एक टेकड़ी पर स्थापित किए गए इस टेलीस्कोप ने 23 फरवरी, 2022 को अपना पहला वैज्ञानिक अवलोकन शुरू किया, जो इसके एक साल तक चलने वाले परिचालन कमीशनिंग चरण की शुरुआत का संकेत था। इन तीन सालों के भीतर किये गए अध्ययन से सूर्य के बारे में बहुत सी नई और जानकारी जुटाई गई है जो पहले से स्थापित और कार्यरत अन्य टेलिस्कोप्स की बनिस्पत अधिक सुसपष्ट और उन्नत है।

धरती पर होने वाली मानवीय गतिविधि बनी रहे इसके लिए अपने सूर्य की हलचल और इसके व्यवहार का निरंतर अवलोकन जरूरी है। अध्ययन के लिए एक आधुनिकतम, नया मुख्य टूल माउई टेलिस्कोप की इमारत और गुम्बद के भीतर स्थापित किया गया है जिसके मिरर का व्यास 4.24 मीटर और मोटाई 75 मिलीमीटर है। इसके संचालन की तकनीक और इंजीनियरिंग कमाल की है। इस नवीनतम सोलर ऑब्जर्वेटरी की स्थापना पर भारतीय रुपये में मूल्य के अनुसार 29 अरब, 51 करोड़ 19 लाख का खर्चा हुआ है। भू-स्थल आधारित एस्ट्रोनॉमी में अभी तक का यह सर्वाधिक उन्नत टेलिस्कोप है। इस सोलर दूरबीन का नाम डेनियल केन इनौये सोलर टेलिस्कोप रखा गया है। डेनियल एक अमेरिकी वकील, सैनिक और राजनेता थे, जिन्होंने सन 1963 से 2012 में अपनी मृत्यु तक हवाई से संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर के रूप में कार्य किया। इस टेलिस्कोप से किए गए अवलोकन से सूर्य के बारे में चित्र और ग्राफ़िक्स सहित नवीनतम जानकारी युक्त एक पर्चा -द स्ट्रियेटेड सोलर फोटोस्फीयर ऑब्ज़र्व्ड एट 0".03 रेजोल्यूशन, का प्रकाशन द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स के 20 मई सन 2025 के अंक में हुआ है। अवलोकन आधारित इस शोध पर्चे में सूर्य के प्रकाशवृत्त के नजदीक के चित्र बहुत स्पष्ट और साफ़ हैं जिनसे प्लाज्मा की चुम्बकीय गतिविधि के हाई-रेजोल्यूशन क्लोज़अप दृश्य पहली बार देखे गए। खगोल भौतिकविद इन चित्रों के मिलने से काफी खुश नज़र आ रहे हैं। इन चित्रों को अमरीका, स्पेन, जर्मनी और स्विट्ज़रलैंड के खगोलविदों की टीम ने प्राप्त किया है। चित्रों की स्पष्टता और क्लोज़-अप टेलिस्कोप के विशाल मिरर के कारण संभव हुई जिन्हें इसके प्रकाश परावर्ती सिरे पर रखे हुए स्पेक्टोग्राफ यंत्र से डिजिटल माध्यम से प्राप्त किया गया। सूर्य के प्रकाशवृत्त की दिखाई देने वाली रचना की वृत्ताकारी प्रकृत्ति को इस तरीके से स्पष्ट, चित्रमय भाषा में पहली बार देखा गया है। इससे मालूम हुआ है कि फोटोस्फीयर अनेक वृत्ताकार वलयों से बना है जिसमें एक वृत्त करीब 20 से 50 किलोमीटर की चौड़ाई का है। अवलोकन से जुटाए गए डाटा के अध्ययन से अतिरिक्त जानकारी मिलेगी जिससे यह मालूम हो सकेगा कि अनेक वृत्तों से निर्मित वाले फोटोस्फीयर में से हरेक वृत्त में सूर्य के चुम्बकीय तूफ़ान की रचना और शक्ति संपन्नता किस आधार से होती होगी अर्थात, प्रत्येक वृत्त में मैग्नेटिक फ्लक्स की ताकत को मापा जा सकेगा। इन चुम्बकीय तूफानों की लहर जब पृथ्वी की तरफ बढ़ती है तो इसकी काफी मात्रा हमारे वायुमंडल द्वारा सोख ली जाती है जिसे इसकी ताकत का ह्रास होता है। फिर भी जो थोड़ी से या बची हुयी मात्रा वायुमंडल को भेद कर धरती तक पहुंच पाती है उससे पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष में कृत्रिम उपग्रहों और अंतरिक्ष स्टेशन, अंतरिक्ष उड़ानें, वायुयानों से होने वाला हवाई परिवहन, इलेक्ट्रॉनिक संचार, विद्युत सप्लाई लाइनें और प्राणी जीवन पर काफी मात्रा में एवं गहरा प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना होती है। अनेक बार इससे भौतिक नुकसान भी होता है। यह फ्लक्स अत्यधिक शक्तिशाली और तीव्र गति का है तो प्राणियों में जीवन की रचना करने वाली कोशिकीय प्रोटीन्स और डीएनए तक टूट-फूट सकता है। फसलों की सेहत पर दुष्प्रभाव भी हो सकता है। माउई पर डैनियल केन इनौये सोलर टेलीस्कोप से किए गए इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि सूर्य पर छोटे पैमाने की चुंबकीय घटनाएं उसके समग्र व्यवहार को कैसे प्रभावित करती हैं, जिससे हमें अंततः सौर ज्वालाओं और अंतरिक्ष मौसम को पहले से बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है। जो डिजिटल चित्रों में रिज़ॉल्यूशन एक छवि में सूचना की मात्रा को व्यक्त करता है और पिक्सेल प्रति इंच या डॉट प्रति इंच में मापा जाता है, उच्च-गुणवत्ता वाले प्रिंट और दृश्य प्रस्तुतियों के उत्पादन के लिए हाई रेजोल्यूशन आवश्यक है। जाहिर है प्रत्येक टेलिस्कोप के साथ एक डिजिटल कैमरा भी जोड़ा जाता है जिससे मिरर से देखे गए एक ऑब्जेक्ट या सूर्य से मिली दृश्य सूचना को डिजिटल पद्धति में बदल कर फिर से एक छवि बनायी जाती है जिसे हम देख पाते हैं और रिकॉर्ड में रख सकते हैं। जी-बैंड में दूरबीन के विज़िबल ब्रॉडबैंड इमेजर का उपयोग करके विस्तृत चित्र डेनियल टेलिस्कोप से लिए गए जोकि सौर चुंबकीय गतिविधि का अध्ययन करने के लिए श्रृंखला विशेष में प्रभावी दृश्य-प्रकाश है। फोटोस्फीयर के छल्लों में धारियां भी नज़र आईं हैं जिन्हें छल्ले के भीतर के आवेशित गैस कणों की पृष्ठभूमि में देखा गया है। सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

सूर्य के प्रकाशवृत्त में देखी गयी चमकीली और गहरी धारियों की वैकल्पिक बारंबारता चुंबकीय क्षेत्रों की उपज है जोकि सूर्य के प्रकाश मंडल में पतली, पर्दा जैसी चादरें बनाते हैं। ये चुंबकीय पर्दे हवा में उड़ते हुए कपड़े की तरह लहराते और बदलते हैं और इसीसे मजबूत चुंबकीय क्षेत्रों के माध्यम में ये प्रकाशित होते हैं, चमकते हैं या कमजोर चुंबकीय प्रभाव वाले क्षेत्रों में काली पट्टी के रूप में दिखाई देते हैं। काली और सफ़ेद ये पट्टियां सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र और उसके प्लाज्मा के बीच की अंतरक्रियात्मक गतिविधि हैं जिससे सूर्य की दृश्यमान सतह में बदलाव होता है इसे विल्सन डिप्रेशन के रूप में जाना जाता है। इन पट्टियों की चमक में होने वाले सूक्ष्म बदलाव चुंबकीय क्षेत्र की ताकत में अंतर को दर्शाते हैं। पहली बार स्पष्ट रूप में इन बदलावों को केवल इनौये सोलर टेलीस्कोप की असाधारण शक्ति के कारण पकड़ा जा सका है। इससे पुष्टि हुई है कि देखी गई धारियां चुंबकीय उतार-चढ़ाव के संकेत मात्र ही नहीं हैं, बल्कि सूर्य की सतह के उतार-चढ़ाव को ये कैसे प्रभावित करते हैं इस बारे में भी हमारी समझ को गहरा करते हैं। छोटे पैमाने के ये चुंबकीय बदलाव सोलर-फ्लेयर्स, सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट और कोरोनल मास इजेक्शन के दौरान इनसे उगले गए प्लाज्मा जैसी बड़ी सौर घटनाओं को कैसे प्रभावित कर सकते हैं इस बारे में अध्ययन और शोध के लिए रास्ता खुल गया है ताकि अंतरिक्ष और धरती के मौसम पर होने वाले प्रभावों को हम पहले से बेहतर होकर समझ सकें। कहने का अर्थ यह की सौर प्रकाशवृत्त की चुंबकीय गतिविधि पृथ्वी के मौसम को प्रभावित करती है।

## प्रसंगवश

# तकनीकी खराबी या नीतिगत विफलता



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

12 जून 2025 की दोपहर भारतीय विमानन इतिहास की एक और काली तारीख बन गई। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171, जो अहमदाबाद से लंदन गेटविक के लिए रवाना हुई थी, टेकऑफ़ के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि क्रैश साइट पर सेना, एनडीआरएफ, और स्थानीय प्रशासन को एक साथ तैनात करना पड़ा। इस त्रासदी ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया कि आधुनिक तकनीक और एयरलाइन सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद, क्या हम वास्तव में सुरक्षित हैं?

इस विमान में कुल 242 लोग सवार थे-जिनमें 230 यात्री (217 वयस्क, 11 बच्चे और 2 शिशु) और 12 क्रू सदस्य शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से कोई भी जीवित नहीं बचा, सिवाय एक व्यक्ति के जिसे सीट 11ए से चमत्कारिक रूप से बचाया गया। मृतकों में 169 भारतीय नागरिक थे, जबकि बाकी में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई नागरिक शामिल थे। जहां यह हादसा हुआ, वहां बीजे मेडिकल कॉलेज का डॉक्टर हॉस्टल स्थित है।

जिस इमारत से विमान टकराया, वहां उस समय दर्जनों छात्र दोपहर का भोजन कर रहे थे। कम से कम 5 छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई और कई घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए गए। इन छात्रों की आयु 22 से 28 वर्ष के बीच थी - वे अपने जीवन की शुरुआत में थे, अपने सपनों के बिल्कुल करीब। पीड़ित परिवारों के लिए यह सिर्फ एक भौतिक नुकसान नहीं था, बल्कि जीवन का वह हिस्सा छिन गया था जिसमें सपने, उम्मीदें, और भावनाएं बसती हैं। इस हादसे ने उन छात्रों के माता-पिता, दोस्तों और साथियों को ऐसा खालीपन दिया है जिसे भरना शायद नामुमकिन है। यह त्रासदी केवल एक विमान हादसा नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी की आकांक्षाओं पर लगा ग्रहण बन गई।

जब कोई विमान इस प्रकार दुर्घटनाग्रस्त होता है, तो हर किसी का ध्यान सबसे पहले तकनीकी कारणों की ओर जाता है। अहमदाबाद हादसे में भी यही हुआ। मौसम संबंधी डेटा के अनुसार उस समय आसमान साफ था, और दृश्यता सामान्य से बेहतर थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि दुर्घटना का मुख्य कारण तकनीकी या यांत्रिक त्रुटि हो सकता है। विशेष बात यह है कि यह दुनिया का पहला ड्रीमलाइनर विमान है जो इस प्रकार के क्रैश का शिकार हुआ। टेकऑफ़ के कुछ ही सेकंड के भीतर पायलट ने "मायडे" कॉल दी, जो यह दर्शाता है कि उन्हें किसी बड़ी तकनीकी खराबी का आभास हो गया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से प्राप्त रडार ट्रैकिंग बताती है कि विमान ने अचानक ऊंचाई खोई और तेज़ी से नीचे गिरा। यह या तो इंजन फेल्योर, या फिर कंट्रोल सिस्टम में गंभीर गड़बड़ी का संकेत देता है। जैसे ही हादसे की खबर सामने आई, मीडिया चैनलों पर लाइव कवरेज शुरू हो गया।

इस हादसे ने एक बार फिर विमानन सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे पहली ज़रूरत है—डीजीसीए को पूर्ण स्वायत्तता देने की, ताकि वह राजनीतिक या कॉरपोरेट दबाव से मुक्त होकर सुरक्षा मानकों की निगरानी कर सके। एयरलाइन कंपनियों को हर तीन महीने में अपनी तकनीकी जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। पुराने विमानों को चरणबद्ध रूप से हटाना और पायलटों की ट्रेनिंग को नियमित करना भी अनिवार्य हो गया है। सिमुलेटर आधारित प्रशिक्षण, आपातकालीन परिस्थिति में निर्णय लेने की क्षमता और उड़ान के दौरान मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं हर एयरलाइन में होनी चाहिए। ब्लैक बॉक्स और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जानकारी जनता से नहीं छुपाई जानी चाहिए। अमेरिका और यूरोप में इनकी जांच की समय सीमा तय होती है, भारत में भी इसे लागू किया जाना चाहिए। यात्रियों को फ्लाइट इंश्योरेंस और सुरक्षा मानकों की पूरी जानकारी देने के लिए एयरपोर्ट पर जागरूकता केन्द्र खोले जाने चाहिए। यह हादसा सिर्फ एक त्रासदी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। हम चाहें तो इसे बदलाव की शुरुआत बना सकते हैं - जिससे भविष्य में कोई और एआई 171 अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले राख न बन जाए।

# फिर दोस्ती की राह पर हैं भारत और मालदीव



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते।

एक वक्त था जब भारत और मालदीव के रिश्तों में तनाव था, संदेह था और दूरी बढ़ रही थी। लेकिन अब, वही रिश्ते फिर से गरमाहट और सहयोग की दिशा में लौटते दिख रहे हैं। साल 2023 के अंत में जब मोहम्मद मुइज़्ज़ू मालदीव के राष्ट्रपति बने, तो नई दिल्ली के गलियारों में खलबली मच गई। वजह थी उनका चुनाव प्रचार-जिसमें 'इंडिया आउट' कैंपेन चला। भारतीय सैनिक वहां समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में लगे थे। लेकिन मुइज़्ज़ू की राष्ट्रवादी बयानबाज़ी ने उनकी मौजूदगी को मालदीव की संप्रभुता पर खतरे के तौर पर दिखाया और भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने की बात की गई। इसके बाद माले-दिल्ली के रिश्ते तनातनी की राह पर चल पड़े।

मुइज़्ज़ू ने राष्ट्रपति बनने के बाद पहली आधिकारिक यात्रा भारत की जगह तुर्की की। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ हाइड्रोग्राफी समझौता नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक चीनी शोध पोत को मालदीव के जलक्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी, जिससे भारत की चिंता और बढ़ गई। इन घटनाओं के बीच मालदीव के कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नीति पर टिप्पणी कर दी, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में खटास और बढ़ गई।

सही है मालदीव ने पिछले कुछ वर्षों में चीन की ओर झुकाव दिखाया है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि भूगोल नहीं बदला जा सकता। भारत और मालदीव के बीच हिंद महासागर की साझी सीमाएं हैं, साझा हित हैं और ऐतिहासिक संबंध भी। इसलिए भले ही चीन का असर बढ़े, मालदीव भारत को दरकिनार नहीं कर सकता। क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत की नीति, सागर यानी सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रीजन, के तहत छोटे द्वीपीय देशों को साथ लेकर चलने की है।

ऐसे में रिश्तों में सुधार के लिए भारत ने सार्वजनिक प्रतिक्रिया देने की बजाय बैकचैनल डिप्लोमेसी का रास्ता अपनाया। चुपचाप बातचीत हुई और दोनों देश एक ऐसे समझौते पर पहुंचे जिसमें भारतीय सैनिकों को तकनीकी विशेषज्ञ भारतीय नागरिकों से बदल दिया गया। इससे मुइज़्ज़ू की जनता को भी जवाब मिला और भारत को भी राहत। मुइज़्ज़ू जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। फिर अक्टूबर में उन्होंने भारत की आधिकारिक यात्रा की। भारत ने 2024-25 के बजट में मालदीव के लिए 400 करोड़ रुपये की विकास सहायता की घोषणा की-जो पिछले साल के बराबर थी।

मार्च 2024 में राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी है। उन्होंने कभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जो भारत-मालदीव रिश्तों को नुकसान पहुंचाए। मुइज़्ज़ू ने भारत से आर्थिक मदद की उम्मीद जताई। भारत ने भी सकारात्मक संकेत दिए। उसने मालदीव को दिए गए कर्ज की पुनर्भुगतान शर्तों को आसान किया। यह आर्थिक सहयोग ऐसे समय पर आया जब मालदीव आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते। इस कारण भारतीय पर्यटक ऑफ-सीजन में भी मालदीव के पर्यटन उद्योग को जिंदा रखते हैं। मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉर्पोरेशन और भारत में मालदीव के उच्चायुक्त बालासुब्रमण्यम के बीच हालिया बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि कैसे भारतीय पर्यटकों की संख्या को और बढ़ाया जाए। इससे दोनों देशों को आर्थिक रूप से फायदा होगा।

खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी 26 जुलाई को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हो सकते हैं। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने हाल ही में भारत दौरे के दौरान मुइज़्ज़ू की ओर से मोदी को यह निमंत्रण फिर से दोहराया। अगर मोदी जाते हैं, तो यह उनकी मुइज़्ज़ू शासनकाल में पहली मालदीव यात्रा होगी। यह कदम संबंधों को और मज़बूती देगा।

भारत और मालदीव के संबंध अब धीरे-धीरे संदेह की रात से निकलकर विश्वास की सुबह की ओर बढ़ रहे हैं। ये रिश्ता भूगोल, अर्थशास्त्र और आपसी सहयोग की ज़रूरतों पर आधारित है। यह दिखाता है कि कूटनीति में कोई दरवाजा कभी पूरी तरह बंद नहीं होता। मुइज़्ज़ू के कार्यकाल में रिश्तों ने कई रंग देखे-तनाव, दूरी, फिर मेल और अब सहयोग। अब जो दिख रहा है, वो है एक नई शुरुआत का संकेत। भारत और मालदीव, दोनों अपने हितों को समझते हैं और अब एक साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं।

## सोशल फोरम

# अपना गुरु खुद बनो



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

दुनिया तो इधर आकर ग्लोबल हुई न! साहित्य बहुत पहले से ग्लोबल था। उनको खेल की तरह पूरे विश्व कविता का ध्यान रखना होगा। कड़ी मेहनत का अर्थ क्या? पहली बात तो यह कि पूर्ण समर्पण-जीवन होम। खूब पढ़ना क्या होता है, यह मैं आजतक न समझ पाया। निरंतर पढ़ना जरूर समझा। अनेक पढ़ने वाले अहंकारियों को देखा है- ठस। कवि ज्ञानेन्द्रपति ने एक बार साथ टहलते हुए एक महत्वपूर्ण बात कही थी, बहुत लोग इस तरह पढ़ते हुए अपने अहम की सेल्फ पर एक किताब का बोझ और लाद लेते हैं। उतना ही घी खाओ कि पच जाय।

साहित्य या कला में बिना बावलापन के आप बहुत बेहतर नहीं कर सकते। इसलिए न खत्म होने वाली आसक्ति तो जरूरी है ही। रेणु, त्रिलोचन और नागार्जुन की साहित्य को लेकर ऐसी आसक्ति कि परिवार को भाग्य भरोसे छोड़ दिया। वह समय अब बीत गया। लेकिन अब हम उनकी सराहना करें कि आलोचना? मेरी बात मानिये, उनकी रचना पढ़िए। असल बात यह है कि सृजन की कोई निश्चित डगर नहीं होती। लिखने के पहले कुछ भी तय नहीं होता। अनिश्चय की यात्रा है,चलना है तो चलो वरना कोई और काम ढूंढ लो।

जीवन, समाज, समय और प्रकृति को अधिकाधिक समझे बिना कोई बड़ा रचनाकार नहीं बन सका है। मैंने अनेक रचनाकारों की आत्मकथाएं और जीवनियां पढ़ी हैं। रेणु से रामविलास जी तक को बहुत बड़े-बड़े रचनाकार को करीब से देखा है। कोई भी बनी-बनाई राह पर न चला। सबने अपनी अलग राह बनाई। मोपांसा और मंटो एक-दूसरे के करीब दिखते हैं लेकिन दोनों ने अपनी-अपनी डगर पर चलकर ऊंचाई हासिल की।

हजारीप्रसाद द्विवेदी की इस बात से मैं एकदम सहमत हूं कि किसी को गुरु न बनाओ। अपना गुरु खुद बनो, यह रचनाकार बनने की पहली शर्त है। समुद्र में कूद ही गए हो तो बस तैरना है, जब तक तैर सको।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारत में न्याय का धैर्यपर्व



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी
ओएनजीसी, देहरादून

बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वत: जमानत मिलनी चाहिए।

भारत में न्याय का सबसे बड़ा प्रतीक 'तारीख' है। इस देश के आम आदमी ने अदालत से अब तक जितना न्याय पाया है, उससे कहीं अधिक 'अगली तारीख' पाई है। आप अदालत जाइए, कोई भी फ़ाइल उठाइए फ़ाइल में न्याय कहीं न कहीं दबा मिलेगा, पर तारीख ऊपर-ऊपर ही पड़ी रहेगी, जैसे किसी रोगी की जांच रिपोर्ट में बीमारी नीचे छिपी हो और डॉक्टर सिर्फ फॉर्मेट देखकर मुस्करा दे। तारीखें मिलती रहती हैं और विचाराधीन बंदी उन तारीखों की गिनती करते-करते अपनी उम्र के कई वसंत, कई सावन जेल की कोठरी में बिता देते हैं - जैसे वह कोई कैदी नहीं, बल्कि 'सरकारी दीवार घड़ी' हो, जो सिर्फ समय बताने के लिए लगी हो।

1987 में विधि आयोग ने कहा था कि हर दस लाख पर पचास जज तो होने ही चाहिए। न्याय की गाड़ी खींचनी है, भाई! लेकिन आज़ादी के अमृतकाल में हम इतने आत्मनिर्भर हो चुके हैं कि पंद्रह जजों से ही काम चला रहे हैं। 'तारीख पर तारीख' की जो ऐतिहासिक परंपरा है, उसका क्या होगा? और फिर न्यायालय परिसर में वर्षों से चल रही चाय की वो दुकानें जहां देश की सबसे धीमी न्यायिक प्रक्रिया की सबसे तेज़ चर्चाएं होती हैं उनका धंधा किस सहारे चलेगा?

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर 2023 तक देश में पांच करोड़ से अधिक मुक़दमे अदालतों में लंबित हैं जिनमें से कुछ तो इतने पुराने हो चुके हैं कि अब न्याय नहीं, 'पुनर्जन्म की प्रतीक्षा' कर रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 'भारत में कारागार संबंधी आंकड़े 2022' रिपोर्ट बताती है कि देश की जेलों में बंद कुल कैदियों में से लगभग 77 प्रतिशत विचाराधीन हैं यानी वे नागरिक, जिन पर अभी अपराध सिद्ध नहीं हुआ, पर दंड पहले ही प्रारंभ हो चुका है। न्यायालय की मुहर भले न लगी हो, पर सलाखों ने उन्हें अपराधी मान लिया है। यह भारतीय न्याय प्रक्रिया का वह 'प्रारंभिक दंड पाठ्यक्रम' है, जिसे बिना अदालती प्रमाण के ही लागू कर दिया जाता है। पर न्याय के मंदिर में जब समय की बलि दी जाती है, तो सबसे पहले इन्हीं बंदियों का जीवन उसमें झोंका जाता है। वे दोष सिद्ध नहीं हैं, लेकिन दंड भोग रहे हैं। वे अभियुक्त हैं पर व्यवस्था उन्हें अपराधी मान चुकी होती है। और इस सजा की कोई अधिकतम अवधि नहीं है क्योंकि उसके ऊपर 'तारीखों' का आसमान टंगा होता है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत की जेलों में अब 131 प्रतिशत ओअनूप शुक्ल वरक्राउडिंग है। कभी-कभी तो लगता है कि सरकार के लिए जेलें 'डिस्प्ले यूनिट' हैं-जहां बंदियों की संख्या देखकर बाहर की जनता को तसल्ली हो जाती है कि 'अपराधियों पर लगाम कस दी गई है'। अब वह अपराध सिद्ध हुआ या नहीं, यह उतना ज़रूरी नहीं, मुख्य बात यह है कि किसी को पकड़ लिया गया है। बाक़ी तो 'क़ानून अपना काम कर रहा है' वाला राग चलता रहेगा। ताज्जुब तो तब होता है जब कोई निर्दोष व्यक्ति पांच-पांच, दस-दस वर्षों तक विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में सड़ता रहता है और फिर एक दिन अदालत कहती है:"दोष सिद्ध नहीं हुआ।" बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वतः जमानत मिलनी चाहिए। पर उस "स्वतः" शब्द की शर्तें इतनी जटिल हैं कि गरीब आदमी के लिए वह न्याय की शर्त नहीं, दंतकथा का पात्र बन जाती है। क़ानून कहता है बेल मिलनी चाहिए, लेकिन व्यवहार पूछता है "जमानती कौन है?" अब एक दिहाड़ी मजदूर, जो खुद जेल में है, जिसके परिजन किसी ईंट-भट्ठे या चाय के खोखे पर जुटे हैं, वह जमानती कहां से लाए? मलिमथ समिति ने भी वर्षों पहले कहा था कि बेल की प्रक्रिया सरल हो। और सच कहें, तो कागज़ों में सरलता आ भी गई है। फार्म दो पेज से घटकर एक हो गया है। पर न्याय व्यवस्था में वह फार्म अब भी वहीं किसी क्लर्क की टेबल के नीचे, और कैदी के भाग्य के ऊपरअटका है। आप चाहें तो बेल मांग सकते हैं पर उसके लिए चाहिए "साक्षरता, दस्तावेज़, जमानती, और थोड़ा-सा भाग्य"। और यदि आप इन सबमें असफल हैं तो न्याय व्यवस्था आपकी प्रतीक्षा नहीं करती, वह बस आपको 'अगली तारीख' थमा देती है।'

26 नवंबर 2024, संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर, गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो विचाराधीन बंदी जमानत के पात्र हैं, उन्हें रिहा किया जाए। जनवरी 2025 में गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी और संकेत दे दिया कि अब चुप्पी भी दायित्वहीनता नहीं, अपराध मानी जाएगी। आज न्याय प्रक्रिया में जिस प्रकार गरीब विचाराधीन बंदी का जीवन गल रहा है। जब तक गरीब आदमी जेल में न्याय की प्रतीक्षा करते-करते अपने जीवन के वर्ष नष्ट करता रहेगा, तब तक हमारी न्यायिक उपलब्धियां चाहे कितनी भी डिजिटल हो जाएं, न्याय की आत्मा तो ताम्रपत्रों में जड़ी पड़ी रहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**पलिया कलां, अमृत विचार :** मोहल्ला टेहरा निवासी विनय शंकर पांडे दुधवा तिराहे की ओर गए थे। वह सड़क किनारे बाइक खड़ी कर मोबाइल पर बात करने लगे, तभी ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। बताते हैं कि चालक नशे में धुत था और ई-रिक्शे पर दो महिलाएं बैठी थीं, जो दूर जा गिरीं, वहीं विनय शंकर पांडेय भी गिरकर घायल हो गए। लोगों ने ई-रिक्शा चालक को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि ई-रिक्शा चालक शंकर निवासी इंदिरानगर को हिरासत में लिया है।

## हादसे में दो की मौत मामले में रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी तहरीर में बिलसंडा थाना के ग्राम अकबराबाद निवासी राजेंद्र पाल ने बताया कि 16 मई देर रात उनका भाई रविंद्र पाल अपने साथी रघुवीर ग्राम चपरौआ के साथ बाइक से पीलीभीत से बीसलपुर आ रहा था। टिकरी चौराहे के पास किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे रविंदर पाल व पीछे बैठे रघुवीर की मौत हो गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## गन्ना उत्पादक स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहेड़ी (बरेली)

### निविदा सूचना

महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में कैंटीन/साइबर कैफे हेतु निविदायें आमन्त्रित की जाती है। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म/व्यक्ति टेण्डर फार्म रू. 100.00 देकर निविदा प्रकाशित होने की तिथि के अगले दिन से महाविद्यालय कार्यालय से कार्य दिवस समय प्रातः 10:00 बजे से 02:00 तक प्राप्त कर व्यक्तिगत/वाहक/डाक द्वारा निर्धारित समय अवधि के अन्दर शीलबन्द निविदा सचिव, गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, बहेड़ी (बरेली) के नाम से दिनांक 30.06.2025 तक जमा करें। टेण्डर दिनांक 01.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, बहेड़ी में खोले जायेंगे। निविदा खोलते समय टेण्डर डालने वाले व्यक्तियों की उपस्थिति अनिवार्य है। नियम एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में महाविद्यालय में देखी जा सकती है। निविदाएं निरस्त व स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

**प्रो. (डॉ.) हरिकेश सिंह** — प्राचार्य
**(चौ. नरेन्द्र सिंह)** — कोषाध्यक्ष
**(राजेन्द्र कुमार)** — प्रबन्धक

## सेल्समैन घर से बेचता था शराब, पकड़ा गया

**बीसलपुर, अमृत विचारः** आबकारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मुखबिर से उन्हें सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति देसी शराब के टेट्रा पैक दुकान खोलने से पूर्व घर से बिक्री कर रहा है। शराब की बिक्री करने वाला व्यक्ति ग्राम सफौरा में देसी शराब की दुकान का सेल्समेन है।

इस पर टीम के साथ गए। इस दौरान मकान के अंदर वाले कमरे में एक व्यक्ति टेट्रा पैक के गत्ते की पेटी अपने हाथ से बक्से के नीचे छुपाने का प्रयास करता मिला। उसे मौके से पकड़ लिया। उसने अपना नाम नरेश निवासी गुलैदा गौहटिया बताया। वह सफौरा शराब की दुकान पर सेल्समैन है। उसके पास से करीब तीन लीटर 15 टेट्रा पैक शराब बरामद हुई। आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2025-125 दिनांक : 13.06.25

### आवश्यक सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी के परिसर में कार्यरत समस्त लाइसेंसधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि उनकी लाइसेंस की वैधता अवधि दिनांक 30 जून 2025 को समाप्त हो रही है। अतः समस्त व्यापारी वर्ष 2025-26 हेतु अपने लाइसेंस का नवीनीकरण दिनांक 30 जून 2025 से पूर्व कराना सुनिश्चित करें। लाइसेंस नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रार्थना पत्र लाइसेंस शुल्क एवं समस्त देय मण्डी शुल्क, विकास सेस, दुकान किराया, ब्याज आदि तथा मासिक क्रय विक्रय विवरणी सहित जमा करें। 01 जुलाई 2025 से कोई व्यापारी बिना लाइसेंस नवीनीकृत करायें निर्दिष्ट कृषि उत्पादों का क्रय विक्रय, संग्रह, पारेषण करते पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा।

**(नरेन्द्र कुमार)** सचिव
**(रत्लिका श्रीवास्तव)** सचिव
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी

05872-278426 | www.npplakhimpur.in | E-mail: eonpplakhimpurlk-up@nic.in

पत्रांकः 276/शापरेण्ट/एम.बी.एल./2025-26 दिनांकः 12.06.2025

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गल्ला मण्डी स्थिति पालिका की दुकानों प्रथम तल पर निर्मित दुकानों की नीलामी प्रीमियम की उच्चतम बोली के आधार पर दिनांक 28.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर में सार्वजनिक रूप से की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अंकन 50,000/- का बैंक ड्राफ्ट अथवा नकद जमानत राशि के रूप में जमा कर बोली में भाग ले सकता है। बोली निर्धारित लागत से कम आने या अन्य कारणों से बिना किसी सूचना के निरस्त की जा सकती है। यदि बोली किन्हीं कारणोंवश निर्धारित तिथि में नहीं हो पाती है तो बोली अगले कार्य दिवस में की जायेगी, जिसकी सूचना पृथक से नहीं दी जायेगी। शेष नीलामी की शारायतें पूर्ववत रहेगी जो पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस / कार्यअवधि में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | नीलामी का विवरण | जमानत धनराशि | नीलामी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01. | गल्ला मण्डी स्थिति पालिका की दुकानों के प्रथम तल पर निर्मित दुकानों की प्रीमियम नीलामी। | 50,000.00 | 28.06.2025 |

**अधिशासी अधिकारी** — **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**
**अध्यक्ष** — **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

## चोरी के जेवर खरीदने वाले सुनार पर कार्रवाई की मांग

**निघासन।** निघासन पुलिस ने बुधवार को खैरहनी और हरीपुरवा की चोरियों का खुलासा किया था। इन चोरियों में दो लाख नकदी समेत करीब 20 लाख का सामान चोरी हुआ था। पुलिस ने चोर भी पकड़े और माल भी बरामद किया। बताते हैं कि इन चोरियों का सारा सामान एक सुनार ने खरीदा था। सुनार पकड़ा भी गया और पुलिस ने दबाव बनाकर तीन लाख का सामान सुनार से ले लिया। पुलिस ने यह सामान चोरों के पास से दिखाया है। पीड़ित शारदा प्रसाद हरद्वारी पांडे आदि ने सुनार पर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र ने बताया कि सामान चोरों से बरामद हुआ था। पुलिस पर आरोप गलत है। सुनार पर कार्रवाई के लिए पीड़ित मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे।

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, तिकोनियां (खीरी)

पत्रांकः कृ.उ.म.स./2025-26 **विज्ञापन सूचना** दिनांकः 13.06.2025

कृषि उत्पादन मण्डी समिति तिकोनियां के क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत समस्त प्रकार के लाइसेन्सधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि कृषि वर्ष 2024-25 के लिए निर्गत लाइसेंसों की वैधता अवधि 30 जून 2025 को समाप्त हो रही है। उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम 1964 एवं तदधीन बनायी गयी नियमावली 1965 के प्राविधानुसार उक्त लाइसेंसों के लाइसेंसों का नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है। अतः समस्त लाइसेंसों के लाइसेंसधारी व्यापारी को सूचित किया जाता है कि आगामी कृषि वर्ष 2025-26 के लिए लाइसेंसो का नवीनीकरण दिनांक 20.06.2025 तक समिति के ई-लाईसेंस पोर्टल (emandi.upsdc.gov.in) पर निर्धारित लाइसेंस शुल्क के साथ लाइसेंस नवीनीकरण निम्न प्रतिबन्धों एवं शर्तो के अन्तर्गत किया जायेगा।

1. लाइसेंस प्रार्थना पत्र (20ग) की प्रविष्टियों पूर्ण रूप से भरी हों तथा इस पर पासपोर्ट-साइज का स्व हस्ताक्षरित फोटो चस्पा हो तथा लाइसेंस प्राप्त करने हेतु दो पासपोर्ट साइज के फोटो संलग्न हों।
2. कृषि वर्ष 2024-25 की मासिक मण्डी एवं वार्षिक विवरणियां प्रस्तुत हों।
3. समस्त देय मण्डी शुल्क विकास सेंस, ब्याज एवं अनादृत चेक की धनराशि आदि अवशेष न हो।
4. विगत दो वर्षो में कार्य/व्यापार शून्य न हो।
5. निर्धारित लाइसेंस शुल्क जमा हो।
6. विगत अवधि में फर्म में हुए परिवर्तन का विवरण साक्ष्यों सहित प्रस्तुत किया गया हो।

पांच वर्षीय अथवा आजीवन एवं एकीकृत लाइसेंसधारी लाइसेंस प्रार्थना-पत्र के समस्त देयकों के जमा तथा अवशेष का विवरण मासिक विवरणी एवं स्थिति परिवर्तन सम्बन्धी सूचना/साक्ष्य प्रस्तजुत करना आवश्यक है। दिनांक 30.06.2024 के पश्चात बिना लाइसेंस कार्य करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध मण्डी अधिनियम 1964 (यथा संशोधित) की धारा-09,17 एवं 36, 37 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

**सचिव**
**कृषि उत्पादन मण्डी**
**तिकोनियां-खीरी**

**उपजिलाधिकारी/सभापति**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति**
**तिकोनियां-खीरी**

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, DIVISIONAL OFFICE U.P. JAL NIGAM(R) A-16 GARDEN STATE BAREILLY MOD SHAHJAHANPUR-243001

Letter No. 2900/WS-19/11 Dt. 13.6.2025

### Very Short term Notice for Publication

On behalf of chairman, U.P. Jal Nigam, Tenders in sealed envelopes are hereby invited by undersigned from registered contractors for "Laying of 200 mm dia.HDPE pipeline water pipeline due to construction of Ganga expressway crossing 257+522 to 258+544 at Gularia Water Supply scheme, Shahjahanpur". As per following schedule and same shall be opened in the office of Executive Engineer, Divisional office U.P. Jal Nigam (R) A-16 garden state, Bareilly mod, Shahjahanpur on Dated 23.06.2025 at 11 Hrs. in the presence of tenders of their authorized representatives present at the time of opening of tenders.

| Sr. No. | Name of Work | Date of Sale of Tender | Date of Receipt of Tender | Date of Opening of Tender | Earnest Money deposit in Rs. | Cost of Tender document in Rs. | Completion Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Laying of 200 mm dia. HDPE pipe line water supply pipeline due to construction of Ganga expressway crossing 257+522 to 258+544 at Gularia Water supply Scheme Shahjahanpur | From 14.06.2025 to 20.06.2025 Upto 5:00 PM | 21.06.2025 upto 5:00 PM | 23.06.2025 upto 11:00 AM | 9000.00 | 1000.00 + 18% GST | 15 days |

(Sunny Singh)
Executive Engineer

# कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पत्रांक-113/न0पं0कि0/अ0नि0सू0/2025-26 दिनांक-11/06/ 2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा जनपद अम्बेडकरनगर में राज्य वित्त आयोग / नगर निधि मद से निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक- 11/6/25 से दिनांक-20/06/25 को समय 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा निविदा प्रपत्र दिनांक – 11/06/2025 से 20/06/25 तक समय 02: 00 बजे तक नगद शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है। प्राप्त निविदा दिनांक – 21/06/2025 को सायं 04: 00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी, अवकाश पड़ने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशाषी अधिकारी / अध्यक्ष महोदय को होगा, तथा प्रत्येक निविदादाता के साथ धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत नकद व राष्ट्रीय बचत पत्र / किसान विकास पत्र / एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | निविदा मूल्य 18 प्रतिशत जीएसटी सहित | धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 4 मलिकपुर में सुरेश कसौधन से उत्तर राजाराम मिश्रा को मकान तक सीसी रोड नाली निर्माण कार्य। | 4.16 | 500 +90 = 590 | 8320 | 03 माह |
| 2 | वार्ड मखदूमनगर दरगाह में लड्डन के घर से उत्तर मनोज के घर तक सीसी नाली का कार्य। | 7.40 | 800 +144 = 944 | 14800 | 03 माह |
| 3 | वार्ड नं0 8 लाल जी के मकान से दक्षिण पश्चिम हनुमान सोनी के मकान तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | 4.60 | 500 +90 = 590 | 9200 | 03 माह |
| 4 | वार्ड रामजानकीनगर / मुख्तारनगर में संदीप कसौधन से सियाराम अग्रहरि के मकान व कुआं के बगल रास्ते पर इण्टरलाकिंग का कार्य। | 6.18 | 700 +126 = 826 | 12360 | 03 माह |
| 5 | वार्ड नं0 5 अशरफनगर में जलालपुर रोड पर अलीरजा के खेत से पश्चिम उमेश के खेत तक मिट्टी पटाई का कार्य। | 3.80 | 400 +72 = 472 | 7600 | 03 माह |
| 6 | वार्ड नं0 6 बसखारी पश्चिमी में बसखारी रोड पर मखदूम अशरफ जूवहाव से पश्चिम घुरहूपुर रोड तक मिट्टी पटाई का कार्य। | 3.42 | 400 +72 = 472 | 6840 | 03 माह |
| 7 | वार्ड नं0 13 रसूलपुर दरगाह के आबादी भाग में स्थित गाटा सं0 272 में मिट्टी पटाई का कार्य। | 7.21 | 800 +144 = 944 | 14420 | 03 माह |
| 8 | वार्ड नं0 10 मखदूमनगर पश्चिमी मोहम्मद अतहर के मकान से उत्तर पुलिया तक सीसी नाली पटिया का कार्य। | 7.61 | 800 +144 = 944 | 15220 | 03 माह |
| 9 | किछौछा तिराहे पर 01 नगर LED Display System की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य। | 13.50 | 1400 +252 = 1652 | 27000 | 03 माह |
| 10 | बसखारी (जलालपुर रोड) चौराहे पर प्रचार हेतु 01 नगर LED Display System की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य। | 13.50 | 1400 +252 = 1652 | 27000 | 03 माह |
| 11 | वार्ड नं0 12 मखदूमनगर दरगाह में भेड़िया मन्दिर के पास आर0ओ0 अधिष्ठापन का कार्य | 6.13 | 700 +126 = 826 | 12260 | 03 माह |
| 12 | वार्ड मखदूमनगर दरगाह में श्री हीरालाल जायसवाल इण्टर कालेज कैम्पस में आर0ओ0 अधिष्ठापन का कार्य। | 6.13 | 700 +126 = 826 | 12260 | 03 माह |

शर्तें :

1. किसी भी टेस्टिंग पर आने वाले खर्च का वहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
2. निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को शीघ्र अतिशीघ्र अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
3. निविदा प्रपत्र के साथ अद्यतन हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र स्व प्रमाणित छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
4. निविदा स्वीकृत होने के पूर्व ठेकेदार को शासनादेश सं0-622/23-12-2012-2 आर्डर/08 टीसी दिनांक-08-08-2012 में निहित निर्देशों के अनुसार कार्य की विभागीय दरों से निविदा 01 से 10 प्रतिशत तक दर कम होने पर 0.5 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कमी पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक दरों की कमी पर प्रति 01 प्रतिशत की कमी पर 01 प्रतिशत अतिरिक्त सिक्योरिटी / परफश्वरमेंस गारण्टी धनराशि देय होगी। उक्त धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करने की बाध्यता होगी।
5. निविदादाता का ई0पी0एफ0 में पंजीयन होना अनिवार्य होगा।
6. 100 /- रूपये के स्टाम्प पेपर पर स्व-घोषणा पत्र निर्धारित प्रारूप पर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार कार्य स्थल से भली-भांति परिचित हो लें।
8. ठेकेदार द्वारा कार्य स्वीकृत होने पर कार्य स्थल का पंजीयन श्रम विभाग से कराना अनिवार्य होगा।
9. निर्माण कार्यो का भुगतान धन उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।
10. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत अशरफपुर**
**किछौछा अम्बेडकरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अशरफपुर**
**किछौछा अम्बेडकरनगर**

# बीमा का फर्जी क्लेम दिलाने वाले 8 गिरफ्तार

## पीएम जीवन ज्योति योजना में अधिक उम्र वालों को भी कम आयु का दिखाकर करा देते थे बीमा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में क्लेम दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ लखनऊ एसटीएफ की बरेली इकाई ने किया है। एसटीएफ ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग अधिक आयु के लोगों की कम उम्र दर्शा कर बीमा कर देते थे और मृत्यु के बाद उनका क्लेम वसूल लेते थे।

एसटीएफ लखनऊ की बरेली इकाई के अपर पुलिस अधीक्षक अब्दुल कादिर ने बताया कि उन्हें जानकारी हुई कि कुछ लोग गिरोह बनाकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अधिक उम्र का बीमा कराकर मृत्यु होने पर क्लेम वसूल करते हैं। आरोपी बरेली में रहते हैं। टीम को मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी नैनीताल रोड पर भोजीपुरा रोड पर इकट्ठे खड़े हैं। टीम ने दबिश देकर आठों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में कंचनपुर थाना भोजीपुरा निवासी राहुल गिहार, बंटी, पीपलसाना चौधरी थाना भोजीपुरा निवासी जगदीश, नरेंद्र, मार्डन विलेज कॉलोनी निवासी सुरेंद्र गंगवार, मढ़ीनाथ थाना सुभाषनगर निवासी संदीप, गांव दियोरिया थाना भोजीपुरा निवासी वासिद और विन्ध्यवासिनी भवन, ऐरो सिटी करमपुर चौधरी निवासी प्रभाकर त्रिपाठी हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआई अमित कुमार, धूम सिंह, मुख्य आरक्षी संदीप, गिरिजेश पोसवाल, शिवओम पाठक, सुनित, हरिओम, अरुण कुमार, कुंशांक और आरक्षी संजय हैं।

**आरोपियों के पास से बरामद हुआ सामान :** एसटीएफ ने आरोपियों के कब्जे से 14 क्लेम फार्म, 23 आधार कार्ड, 33 बैंक पासबुक, एक रजिस्टर, एक मृत्यु प्रमाण पत्र, दो डायरी, आधार कार्ड की दो छायाप्रति, 1 डेबिट कार्ड, 66 ग्राम प्रधानों, आंगनबाड़ी केंद्रों और आशाओं से हस्ताक्षरित निवास प्रमाण पत्र, 12 मोबाइल, 6 पैन कार्ड, 85 डाक टिकट, 3300 रुपये बरामद किए हैं। प्रत्येक केस पर लेते थे 30 हजार रुपये आरोपियों ने बताया कि वे लोग प्रत्येक केस में 30 हजार रुपये लेते थे।

**एंबुलेंस की टक्कर से साइकिल सवार घायल : विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव सिकरोड़ी निवासी धनपाल मौर्य शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे घटपुरी की बाजार से सब्जी लेकर वापस अपने गांव जा रहे थे। नरखेड़ा मोड़ पर उन्होंने राजमार्ग पार करने का प्रयास किया। बरेली की ओर से तेज रफ्तार से आई प्राइवेट एंबुलेंस ने उन्हें टक्कर मार दी और भाग गया। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां घायल की हालत गंभीर बनी है।

# पास्ता में निकला कीड़ा ग्राहकों ने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शिकायत पर पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम
- टीम की जांच व रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी

**अमृत विचार:** कांठ रोड स्थित एक प्रसिद्ध स्वीट्स एंड बेकर्स व रेस्टोरेंट में पास्ता में कीड़ा निकलने पर ग्राहक ने इसकी शिकायत संचालक से की। दूसरे ग्राहकों के नाराजगी जताकर हंगामा करने पर संचालक ने उस सामग्री को वापस कर लिया। वहीं मामले की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पहुंची।

कांठ रोड पर पीएसी के समीप एक प्रतिष्ठित स्वीट्स एंड बेकर्स व रेस्टोरेंट में शुक्रवार को एक ग्राहक ने पास्ता का आर्डर किया। उसने खाने के लिए खोला तो उसमें कीड़ा निकल गया। उसे लेकर वह प्रतिष्ठान के संचालक के पास पहुंचा और शिकायत की। पहले तो उसने ना नुकुर करने की कोशिश की, लेकिन अन्य ग्राहकों की नाराजगी देखते हुए उसने गलती स्वीकार कर सामग्री को वापस ले लिया। हालांकि इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा विभाग से की गई। जिस पर टीम पहुंची।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत मिलने पर टीम भेजी गई थी। टीम की जांच व रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई होगी। किसी को भी जन सामान्य के सेहत से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक: 177 / न0पा0परि0सुल0 / 2025–26 दिनांक: 13 जून, 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग के बुनियादी सुविधाओं (अनटाइडग्राण्ट ) अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदारों / फर्मो से दिनांक 30/06/2025 को सायं 3:00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन ठेकेदारों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान कर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के निर्माण विभाग कार्यालय में दिनांक 28/06/2025 तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा के साथ धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/ डी0डी0आर0 / एफ0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा । निविदा प्रपत्र साफ–साफ शब्दों एवं अंको में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर ठेकेदार के स्वयं के हस्ताक्षर सहित अंकित किया हुआ ही मान्य होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा । निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियां किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | आगणन धनराशि (लाख में) जी0एस0टी सहित | धरोहर धनराशि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी सहित | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नरायनपुर में मो0 सौरमऊ में कृष्ण कुमार मिश्र के घर से पूर्व में बनी सम्पर्क मार्ग तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 5,90,335.00 | 6,96,595.00 | 59000.00 | 500+90 | 02 माह |
| 2 | वार्ड घोसियाना में संतोष के घर से राम अनुज शुक्ला के घर होते हुए बुद्धू के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 8,47,374.00 | 9,99,901.00 | 84700.00 | 800+144 | 02 माह |
| 3 | वार्ड डिहवा में अंसार अहमद के मकान से शमशाद के मकान होते हुए हामिद नेता के मकान होते हुए जमाल सोनू के मकान तक आर0सी0सी0 नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 6,44,217.00 | 7,60,176.00 | 64400.00 | 600+108 | 02 माह |
| 4 | वार्ड डिहवा में हसीना बेगम के मकान से कौशलेन्द्र के मकान होते हुए आबिद किराना के मकान होते हुए मुस्तफा के मकान तक आर0सी0सी0 नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 6,07,745.00 | 7,17,139.00 | 60700.00 | 600+108 | 02 माह |
| 5 | वार्ड डिहवा में तुलसीराम के मकान से मोबीन बाबर्ची के मकान होते हुए सलीम के घर व निसार कौव्वाल के मकान से आवाद के मकान व हाजी गुलजार के घर से गयास के घर तक व हाजी गुलजार के घर के मोड़ से रईस बिजली वाले के घर तक आर0सी0सी0 नाली व इंटरलाकिंग कार्य। | 8,33,798.00 | 9,83,832.00 | 83300.00 | 800+144 | 02 माह |
| 6 | वार्ड लालडिग्गी में रईस की डेरी से रुखसार के मकान तक इंटरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 8,38,032.00 | 9,88,878.00 | 83800.00 | 800+144 | 02 माह |
| 7 | वार्ड लालडिग्गी में उदय मेडिकल स्टोर से आमोद सिंह के घर तक नाली कबरिंग एवं रबड़मोल्ड तथा रोड से विजय बहादुर सिंह के मकान तक कबर्ड नाली और मेनरोड पर क्रासिंग तथा नार्मल चौराहे तक नाले का सफाई कार्य। | 7,71,106.00 | 9,09,905.00 | 77100.00 | 700+126 | 02 माह |
| 8 | वार्ड विवेक नगर में राहुल भानु मिश्र के घर से अशोक गोस्वामी के घर तक आर0सी0सी0 नाली मरम्मत कार्य। | 8,24,050.00 | 9,72,379.00 | 82400.00 | 800+144 | 02 माह |
| 9 | वार्ड विवेक नगर जितेन्द्र कुमार के घर से ऋतिक दीक्षित के घर तक इंटरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 8,07,020.00 | 9,52,284.00 | 80700.00 | 800+144 | 02 माह |
| 10 | वार्ड सिविल लाइन में गुरमीत टेंट हाउस से उमाशंकर के घर तक सी0सी0 रोड मरम्मत कार्य। | 7,76,756.00 | 9,16,572.00 | 77600.00 | 700+126 | 02 माह |
| 11 | वार्ड आदर्शनगर में पी0एन0 चौबे/देव नरायन तिवारी के मकान से राम निवास पोददार के मकान से होते हुए शिवशंकर मौर्या के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 3,76,311.00 | 4,44,047.00 | 37600.00 | 500+90 | 02 माह |

(लाल चन्द्र सरोज)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

(प्रवीन कुमार अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

## उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड

UMMEED HOUSING FINANCE We bring your dreams to life

पंजीकृत कार्यालय: यूनिट 2009-14, 20वीं मंजिल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, सेक्टर-58, गुरुग्राम (हरियाणा)-122002")
CIN: U65922HR2016PTC057984

**सरफेसी अधिनियम की धारा(13)2 के तहत मांग सूचना**

चूंकि ऋण खाता एनपीए बन गया है, इसलिए प्राधिकृत अधिकारी ने तालिका में दिए गए **उधारकर्ता/आवेदक/गारंटर/बन्धककर्ता को वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13[2]** के तहत मांग नोटिस जारी किया है। नोटिस के अनुसार यदि उधारकर्ता 60 दिनों के भीतर पूरी राशि जमा नहीं करते हैं, तो राशि नीचे उल्लिखित बंधक संपत्ति/सुरक्षित संपत्तियों की नीलामी से वसूल की जाएगी। इसलिए, उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर भविष्य के ब्याज और खर्चों के साथ पूरी ऋण राशि जमा कर दें, अन्यथा उक्त **अधिनियम के प्रावधान 13 [4] और 14 के तहत प्राधिकृत अधिकारी नीचे दिए गए अनुसार बंधक संपत्ति/सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री के लिए कब्जा ले लेंगे।**
उधारकर्ताओं को ध्यान देना चाहिए कि **अधिनियम, 2002 के 13 [13]** के संदर्भ में इस नोटिस की प्राप्ति के बाद, आपको सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी माध्यम से किसी भी सुरक्षित संपत्ति को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित और रोका जाता है।
उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 अधिनियम की **धारा-13[8] आर/डब्ल्यू नियम 3[5]** की ओर आकर्षित किया गया है कि उधारकर्ता नीलामी नोटिस के प्रकाशन से पहले नीचे उल्लिखित पूर्ण बकाया राशि के भुगतान पर अपनी सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करने का हकदार होगा, जो उसके बाद समाप्त हो जाएगी।

| क्र सं | उधारकर्ता/आवेदक/गारंटर/बंधककर्ता का नाम | धारा 13 [2] के तहत मांग नोटिस की तारीख और राशि |
|---|---|---|
| 1. | **1. अमित कुमार पुत्र वीर पाल (उधारकर्ता), 2. ममता देवी पत्नी अमित कुमार (सह-उधारकर्ता), दोनों :** 40, हरदास पुर, बरेली, उत्तर प्रदेश-243301, **3. ललित कुमार पुत्र बीरपाल शर्मा (गारंटर) उपरोक्त निवास स्थान:** घिलौरा, मिलक मझरा, आंवला, बरेली उत्तर प्रदेश। 243402 **ऋण संख्या LXBAR04123-240035627 ऋण अनुबंध दिनांक- 29-मार्च-2024 ऋण राशि रु. 650000/-** | **09 जून 2025 रु.524991.48/-(रुपये पाँच लाख चौबीस हजार नौ सौ इक्यावन और अड़तालीस पैसे केवल) दिनांक 10 जून 2025 से अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क सहित।** |

**बंधक संपत्ति का विवरण:-** 100.84 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले भूखंड का समस्त अंश एवं खंड, ग्राम हरदासपुर में स्थित, परगना सिरौली, तहसील-आंवला, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश, **सीमाएँ: पूर्व**-सड़क 5 फीट चौड़ी, **पश्चिम**- चंदर शेखर का घर, **उत्तर**- महेंद्र की संपत्ति, **दक्षिण**- ओमेंद्र की संपत्ति।

**दिनांक: 14.06.2025,**
**स्थान: गुरुग्राम**

**प्राधिकृत अधिकारी** श्री गौरव त्रिपाठी मोबाइल- 9650055701
**उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी

05872-278426 | www.npplakhimpur.in | E-mail: eonpplakhimpurlk-up@nic.in

पत्रांक: 1144/1जननिर्माण/एम.बी.एल./2025-26 दिनांक: 12.06.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

15 वें वित्त आयोग ( टाइड ग्रान्ट ) के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्य हेतु दिनांक 13.06.2025 सायं 05:00 बजे से दिनांक 05.07.2025 सायं 05:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि– 13.06.2025 सायं 05:00 बजे से।
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि– 05.07.2025 सायं 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि– 07.07.2025 अपरान्ह 04:00 बजे।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**संजय कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

**डॉ. इरा श्रीवास्तव**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या 02/अ0अ0/सिंखब/2025–26

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन प्री–क्वालीफिकेशन/टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 23.6.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिनकी टेक्निकल बिड दिनांक 23.6.2025 को मुख्य अभियन्ता (शारदा), सिंचाई विभाग, उ0प्र0, बरेली द्वारा गठित समिति द्वारा दोपहर 03:30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई होने वाले निविदादाताओं की फाइनेंशियल बिड ऑनलाइन खोली जायेगी। ई–निविदा प्रपत्र दिनांकः 16.6.2025 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23.6.2025 दोपहर 3:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकेंगे। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में उक्त बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

यह ई–निविदा/बिड सूचना एवं प्रपत्र उ0प्र0 सरकार की बेबसाईट http://etender.up.nic.in/ व http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।

| लॉट नं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 रहित | धरोहर धनराशि 2% (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0 टी0 सहित (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | बैगुल बांध के द्वितीय निरीक्षण रोड के किमी0 8.150 से किमी0 8.700, किमी0 12.000 से किमी0 13.150 तक मरम्मत का कार्य। | 11.69 | 23,380.00 | 30 दिवस | 225+41+500 =766.00 | सी' अथवा उच्च |
| 2. | बैगुल बांध के किमी0 7.500 से किमी0 7.800 के मध्य अपस्ट्रीम में क्षतिग्रस्त बोल्डर पिचिंग का कार्य। | 10.91 | 21,820.00 | 30 दिवस | 225+41+500 =766.00 | सी' अथवा उच्च |
| 3. | नानकसागर बांध निरीक्षण भवन की मरम्मत का कार्य। | 10.13 | 20,260.00 | 30 दिवस | 225+41+500 =766.00 | सी' अथवा उच्च |
| 4 | नानकसागर बांध के पश्चिमी पार्श्व के किमी0 4.500 से किमी0 6.350 के मध्य विभिन्न रीच में अपस्ट्रीम में क्षतिग्रस्त पिचिंग मरम्मत का कार्य। | 5.02 | 10,040.00 | 30 दिवस | 225+41+500 =766.00 | सी' अथवा उच्च |

**UP-234873 दिनांक 12.06.2025 विज्ञापन**
**वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**सिंचाई खण्ड, बरेली**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, बरेली।

पत्रांक 436/ल0सिं0/हौज निर्माण/ई–निविदा/ 2025–26 दिनांक 06.06.2025

**अल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या–22/2025–26**

महामहिम राज्यपाल महोदय,उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता,लघु सिंचाई खण्ड बरेली द्वारा जनपद बरेली एवं बदायूं में हौज नाली निर्माण कार्य हेतु ई–टेन्डर पर पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से बजट की प्रत्याशा में प्रतिशत दर पर निम्न कार्यों हेतु ई– निविदा आमन्त्रित की जाती है।

कार्य का विवरण

| क्र0सं0 | कार्य स्थल का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 एवं स्टेश्नरी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क्लस्टर–8 विकास खण्ड फतेहगंज (प0) जनपद बरेली में 02 कृषकों का हौज नाली निर्माण कार्य। | 58546.00 | 5860.00 | 50+9+500=559.00 | एक माह |
| 2. | क्लस्टर–7 विकास खण्ड दहगवां जनपद बदायूँ में 03 कृषकों का हौज नाली निर्माण कार्य। | 74326.00 | 7440.00 | 50+9+500=559.00 | एक माह |

बिड डाक्यूमेट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.06.2025 से दिनांक 24.06.2025 उपलब्ध रहेंगे जो कि दिनांक 16.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 24.06.2025 के अपरान्ह 05:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 25.06.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता,लघु सिंचाई वृत्त,बी0डी0ए0 कॉम्पलेस,तृतीय तल,प्रियदर्शनी नगर,बरेली के कार्यालय मे निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी,तदोपरान्त तकनीकी बिड में पात्र पाये गये निविदादाताओं की फाईनेन्शियल बिड खोली जायेगी। उक्त तिथि में अवकाश घोषित होने पर कार्यवाही अगले कार्य दिवस मे तत्समय की जायेगी निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.inतथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**UP-234871 दिनांक 12.06.2025 विज्ञापन**
**वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**लघु सिंचाई खण्ड बरेली।**

# पाकिस्तानी महिला ने फर्जी तरीके बनवाया राशन कार्ड और आधार कार्ड

**बरेली, अमृत विचार:** दीर्घकालिक वीजा पर रह रही पाकिस्तानी महिला फरहत सुल्ताना ने धोखाधड़ी करके आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवा लिया। बांग्लादेशी और रोहिंग्या के तलाशी अभियान में इसका पता चला। अब महिला के खिलाफ एसआई सौरभ तोमर ने थाना बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया लेकिन पूछताछ के बाद नोटिस तामील कराकर छोड़ दिया।

एसआई सौरभ तोमर ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर शुरू किए गए रोहिंग्या और बांग्लादेशी तलाशी अभियान में पता चला कि बारादरी थाना क्षेत्र में सूफी टोला में मकान नंबर 233 में पाकिस्तानी महिला फरहत सुल्ताना दीर्घकालिक वीजा पर रह रही है। उसने धोखाधड़ी करके यहां के पता पर अपना आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवा लिया है। फरहत ने राशन कार्ड में खुद को परिवार का मुखिया दर्शाया है। नियमानुसार कोई भी विदेशी व्यक्ति बिना नागरिकता के आधार कार्ड या राशन कार्ड नहीं बनवा सकता है। फरहत की धोखाधड़ी के कारण उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार करके पूछताछ की, तब उसने सारा सच्चाई बताई। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ के बाद नोटिस तामील कराने के बाद छोड़ दिया।

### मां के साथ आई थी फरहत

पुलिस के अनुसार फरहत सुल्ताना अपनी मां अंजुम के साथ वर्ष 1961 में अटारी बार्डर से ट्रेन के माध्यम से भारत पहुंची थी। उस वक्त उसकी उम्र मात्र आठ वर्ष थी। तब से अब तक वह यहां ही रह रही है। मां के साथ उसकी बहन निकहत आई थीं। बारादरी के मोहल्ला सूफी टोला में उसका ननिहाल है। कुछ दिन रहने के बाद उसकी मां सुल्ताना अंजुम और बहन निकहत पाकिस्तान चलीं गईं। जबकि वह अपने नाना के पास रुक गई।

# स्टेशन अधीक्षक सम्मानित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मुरादाबाद मंडल में 69 रेल सप्ताह रेल पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल के 103 रेल कर्मचारियों को डीआरएम राजकुमार सिंह ने सम्मानित किया। रामप्रसाद बिस्मिल स्टेशन अधीक्षक अमरेंद्र गौतम और यातायात निरीक्षक सुजीत कुमार को डीआरएम ने मेडल देकर सम्मानित किया है।

# पति पर बेटे को जबरन गोद देने का दबाव बनाने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** हुसैन बाग की युवती से शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर मुड़िया निवासी युवक ने प्रेम विवाह कर लिया। नूर सबा के परिजनों के कहने पर युवक ने मुस्लिम धर्म अपनाकर अपना नाम बदल लिया लेकिन अब युवक अपने बेटे को अपनी भाभी को गोद देना चाहता है, जिसका युवती विरोध कर रही है। युवती ने पति तैमूर समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हुसैन बाग निवासिनी नूर सबा ने बताया कि दो साल पहले तिलहर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर मुड़िया निवासी आकाश उसे फुसलाकर ले गया था। परिजनों ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आकाश ने मुस्लिम धर्म अपनाकर अपना नाम तैमूर रख लिया। इसके बाद दोनों का निकाह हो गया। उनका एक बेटा हुआ, जिसका नाम उस्मान रखा। अब तैमूर बेटे को अपनी भाभी को गोद देना चाह रहा है। इसके लिए वह पत्नी पर लगातार दबाव बना रहा है। विरोध करने पर तैमूर के परिजन उस पर दहेज का दबाव बनाने लगे और बच्चे को भी जान से मारने की धमकी देने लगे।

एसएसपी से शिकायत के बाद दोनों का मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा, लेकिन तैमूर वहां भी नहीं पहुंचा। इसके बाद नूर सबा ने थाना किला में तहरीर देकर तैमूर, उसकी मां कल्पना, ननद नीलम, सोनी, जेठ अर्जुन और जीतू के खिलाफ थाना किला में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रहे रद्द

अमृत विचार, लखनऊ : अहमदाबाद में हुई अत्यंत हृदयविदारक विमान दुर्घटना के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए। मुख्यमंत्री की अंबेडकरनगर में शिवबाबा स्थान पर किसानों के बीच जनसभा तय थी। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 431 लोगों को 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक देकर डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे खाते में भेजी जानी थी।

### मानसून में भी खुला रहेगा दुधवा का मोहम्मदी रेंज

अमृत विचार, लखनऊ : दुधवा नेशनल पार्क के मोहम्मदी रेंज को मानसून सीजन में भी पर्यटकों के लिए पहली बार खोला जा रहा है। उप्र. इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की इस नई पहल का उद्देश्य पर्यटकों को वर्षा ऋतु में जंगल की अनदेखी और खूबसूरती से रूबरू कराना है। इससे मानसून सीजन में भी स्थानीय समुदायों व व्यवसायों को आय का नया जरिया मिलेगा। यह जानकारी देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति शुक्रवार को जयवीर सिंह ने दी।

### बिजली कटौती के खिलाफ आप करेगी प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में पूरे प्रदेश में घंटों बिजली कटौती हो रही है। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती के खिलाफ 18 जून को आप प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। सांसद शुक्रवार को गोमती नगर पार्टी कार्यालय में संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार जनता झेल रही है।

# निराश्रित परिवारों को घर बैठे मिलेगा योजना का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी की पहल से बदली व्यवस्था, आवेदन से लेकर भुगतान तक ऑनलाइन
- पात्रों को 75 दिन के भीतर मिलेगा लाभ, योगी सरकार ने तय की सख्त समय सीमा

**अमृत विचार :** प्रदेश के गरीब एवं असहाय परिवारों को राहत पहुंचाने वाली राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से आर्थिक सहायता के लिए महीनों चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आवेदन से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया इंटरनेट आधारित कर दी गई है और हर कदम पर जवाबदेही तय की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे अधिक पारदर्शी, तेज और जनता के अनुकूल बना दिया गया है। सरकार परिवार के ऐसे कमाऊ मुखिया जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से कम हो और उसकी मृत्यु हो गई हो ऐसी दशा में उनके आश्रित को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से लाभान्वित कर रही है। जिसमें आय सीमा शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये निश्चित की गई है। सरकार ऐसे परिवार को 30,000 रुपये एकमुश्त भुगतान करती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योगी सरकार ने 1,08,883 निराश्रित परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाया है, जिसमें सरकार ने 326.64 करोड़ रुपये खर्च किया है।

नई व्यवस्था के तहत पात्र आवेदकों को अब आवेदन की तारीख से 75 दिनों के भीतर सहायता राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। यदि किसी कारणवश यह समय सीमा पार होती है, तो अब मामले को लंबी प्रक्रिया में उलझाने की बजाय जिला स्तर पर ही समिति से अनुमोदन लेकर तुरंत भुगतान किया जाएगा। यानी अब जरूरतमंदों को देरी के लिए प्रदेश स्तर की मंजूरी का इंतजार नहीं करना होगा। यह बदलाव उन परिवारों के लिए राहत लेकर आया है, जो समय पर सहायता की प्रतीक्षा में थे।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी को जिम्मेदारी

योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी आवेदक को पहले सहायता नहीं मिली हो। सत्यापन के बाद पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूची तैयार कर 7 दिनों के भीतर स्वीकृति समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद सूची को डिजिटल सिग्नेचर के साथ पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए आधार लिंक बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरित होगी।

### त्वरित सहायता और शिकायत निवारण की व्यवस्था

बजट की कमी होने पर भी जिलाधिकारी ट्रेजरी नियमों के तहत धनराशि निकालकर भुगतान सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे लाभार्थियों को लाभ मिलने में देरी न हो। योजना से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर कमांड सेंटर में हेल्पलाइन नंबर 14568 शुरू किया गया है, जहां लाभार्थी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# साइबर अपराधियों के 10 ठिकानों पर छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ समेत देशभर के कई शहरों में सीबीआई ने चलाया आपरेशन

**अमृत विचार :** सीबीआई ने साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान आपरेशन चक्र-वी के तहत चार राज्यों के 10 ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई की टीम ने यह कार्रवाई दिल्ली, हरियाणा के हिसार, यूपी के लखनऊ, महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे और नासिक में की।

सीबीआई के अधिकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मुंबई के कल्याण निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में साइबर अपराधी नेटवर्क को प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड और बैंक खाते उपलब्ध कराने की पुष्टि हुई है। तलाशी में भारी मात्रा में साइबर अपराध से जुड़े साक्ष्य बरामद किये गये हैं। पकड़ा गया आरोपी सुनियोजित धोखाधड़ी से संबंधित है। एक फर्जी मोबाइल एप्लीकेशन और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अनजान व्यक्तियों से ठगी की गई। आरोपी ने नामी कंपनियों के शेयर को रियायती दरों पर देने का वादा करके निवेशकों को धोखा देता था।

# अब नोएडा-गुड़गांव संग कदमताल करने को तैयार बुंदेलखंड क्षेत्र

## दिख रहे विकास के संकेत, हर क्षेत्र में तरक्की की उम्मीद

अजय दयाल, लखनऊ

- सूखा, गरीबी, अशिक्षा, और पानी की कमी से भी उबरेगा क्षेत्र
- बुंदेलखंड राज्य की दशकों से मांग कर रहे आंदोलनकारी भी मान रहे बदल रहीं परिस्थितियां

**अमृत विचार :** कभी विकास की नजर से पिछड़ा समझा जाने वाला बुंदेलखंड अब नोयडा, गुड़गांव संग कदमताल करने को तैयार है। लगभग पांच दशक से भी ज्यादा समय से उपेक्षित बुंदेलखंड में पहली बार विकास के संकेत दिख रहे हैं। मानो यहां अब हर क्षेत्र में तरक्की होगी। इसी के साथ यह क्षेत्र सूखा, गरीबी, अशिक्षा, और पानी की कमी से भी उबरेगा। दरअसल, बुंदेलखंड राज्य की दशकों से मांग कर रहे आंदोलनकारी भी मान रहे हैं कि परिस्थितियां बदल रही हैं।

राज्य सरकार का ताजा फोकस बुंदेलखंड पर ही है। जगजाहिर है कि मौजूदा वक्त में नोएडा-ग्रेटर नोएडा वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हब के रूप में उभर रहे हैं। इसी तर्ज पर लैंड बैंक को डेवलप कर बुंदेलखंड के झांसी क्षेत्र को भविष्य के औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इस कड़ी में बुंदेलखंड में नोएडा जैसी एक नई सिटी बनाने की योजना है, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की महायोजना को तैयार किया जा रहा है। इसे 35 हजार 300 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। 17 हजार 840 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। इतना ही नहीं, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी का कहना है कि झांसी को बुंदेलखंड और आगरा, लखनऊ एक्प्रेसवे से जोड़ने की तैयारी है, जिससे बुंदेलखंड में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

राज्य सरकार ने ताजा बजट में भी बुंदेलखंड-रीवा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। इससे बुंदेलखंड में इंडस्ट्री से लेकर एयरपोर्ट तक पर ध्यान रखा गया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस कॉरीडोर के लिए 461 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। नये एक्सप्रेसवे के निर्माण से बुंदेलखंड के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। इसका विस्तार रीवा तक होने से लोगों के लिए चित्रकूट से प्रयागराज के बीच की जो यात्रा अभी तक थोड़ी मुश्किल थी, वह आसान हो जायेगी। अभी तक लगभग 600 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में 7 घंटे लगते थे। अब यह दूरी 5.5 घंटे की हो जाएगी।

लंबे वक्त से अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग उठा रहे बुंदेली समाज महोबा के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने 'अमृत विचार' को बताया कि देश के बेहद पिछड़े इलाकों में शुमार बुंदेलखंड की सूरत और सीरत दोनों में बहुत बदलाव आया है। पहले बुंदेलखंड की सड़कें इस खूबसूरत पर्यटन तीर्थ को बदसूरत बना देती थीं, लेकिन अब सभी प्रमुख सड़कें अच्छी हो गई हैं। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बन जाने से आवागमन काफी बेहतर हो गया है। चित्रकूट, बांदा, खजुराहो, महोबा, ओरछा से लेकर ज्यादातर रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो चुका है। झांसी-मानिकपुर रेलवे लाइन में दोहरीकरण का काम तेजी से चल रहा है। खजुराहो के अलावा चित्रकूट व झांसी में एयरपोर्ट चालू हो गये हैं। जहां तक जल संकट की बात है तो केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से किसानों को उम्मीद बंधी है।

पूर्व डीजीपी उप्र. सुलखान सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड में पानी से भी ज्यादा जरूरत रोजगार की है।



छोटी छोटी चीजों के लिए हम लोगों को लखनऊ और दिल्ली की तरफ तकना पड़ता है। लंबे समय से अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग इसीलिए करते आ रहे हैं ताकि बुंदेलखंड की जमीनी हकीकत को ध्यान में रखकर योजनाएं बनें। तभी बुंदेलखंड विकास की मुख्य धारा में आ पायेगा, तभी पलायन भी रुकेगा।

**– तारा पाटकर**, संयोजक बुंदेली समाज महोबा



हमें 1956 में खत्म हुआ बुंदेलखंड वापस चाहिए। बुंदेलखंड आजादी के पहले अलग राज्य था। आजादी के बाद 1956 तक बुंदेलखंड का अलग मुख्यमंत्री रहा। वो बुंदेलखंड जो सूरमाओं के लिए जाना जाता था, हमें वो वापस चाहिए।

**– राजा बुंदेला**, उपाध्यक्ष बुंदेलखंड विकास बोर्ड

## आधुनिक जनसुविधा केंद्रों में बदलेंगी सरकारी राशन की दुकानें

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में राशन की दुकानों का हुलिया बदलने वाला है। सरकारी राशन की दुकानें अब सिर्फ अनाज वितरण का केंद्र नहीं रहेंगी। सरकार इन्हें आधुनिक जनसुविधा केंद्रों में बदलने की तैयारी में है। मंशा गांव-कस्बों में एक ही जगह पर कई सेवाएं देने की है। ताजा योजना में इन दुकानों पर अब छोटे गैस सिलेंडर, ई-स्टांप, बिजली और मोबाइल बिल भुगतान की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा, माइक्रो एटीएम और इंटरनेट वाई-फाई जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई होंगी। दरअसल, पुरानी और जर्जर हो चुकी राशन दुकानों को अब नए भवनों में स्थानांतरित होंगी।

# बाढ़ प्रबंधन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की समीक्षा की

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बाढ़ प्रबंधन व 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के आयोजन की तैयारियों और मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 जून तक पूर्वी उप्र. और 25 जून तक पश्चिमी उप्र. में मानसून के प्रवेश की संभावना है। बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

**44 जिले संवेदनशील, 13.40 करोड़ आवंटित :** राहत आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि राज्य के 44 जिले, 118 तहसील, 2500 ग्राम और 5600 मजरे बाढ़ के प्रति संवेदनशील हैं। पहली बार 20 वर्षों के रिमोट सेंसिंग फ्लड इनन्डेशन मैप्स को केडेस्ट्रल मैप्स पर सुपरइम्पोज कर बाढ़ की माइक्रोमैपिंग की गई। पीएसी की 17 फ्लड कंपनियों की 48 टीमें, एसडीआरएफ की 15 टीमें और एनडीआरएफ की 11 टीमें 74 अति संवेदनशील तहसीलों में प्री-डिप्लॉय किया गया है। 18 अति संवेदनशील जिलों को 50-50 लाख, 12 संवेदनशील जिलों को 25-25 लाख और 14 सामान्य संवेदनशील जिलों को 10-10 लाख रुपये की धनराशि सौंपी गई, कुल 13.40 करोड़ रुपये एडवांस में आवंटित की गई हैं।

**योग दिवस पर होगी प्रतियोगिता, मिलेंगे 21 हजार तक नकद :** प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि योग दिवस पर जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जा रहा है। इसमें निबंध, स्लोगन, योग चित्रकला व योगासन प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आयुष विभाग द्वारा www.iyd2025.com पोर्टल तैयार किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार, तृतीय पुरस्कार 5100, चतुर्थ पुरस्कार 2100 व पंचम पुरस्कार 1100 रुपये का प्रदान किया जायेगा।



बाढ़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

## वन विभाग में बनेगा केंद्रीकृत कमांड सेंटर

**अमृत विचार**, लखनऊ : वन एवं वन्य जीव विभाग प्रदेश के जंगलों, टाईगर रिजर्व, सफारी और नेशनल पार्कों में रीयल-टाइम निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत कमांड सेंटर की स्थापना करने जा रहा है। ये केंद्रीकृत कमांड सेंटर, डिजिटल नियंत्रण प्रणाली के जरिये वन एवं वन्यजीव प्रबंधन से संबंधित सभी प्रमुख कार्यों की निगरानी करेगा और उनका डेटा एकत्रित करेगा। कमांड सेंटर में एकत्रित डेटा के एनालिसिस से वन अपराधों, आग की घटनाओं, और वन्यजीवों की आवाजाही की तत्काल जानकारी उपलब्ध होगी। जो कि इन अप्रत्याशित घटनाओं एवं अपराधिक गतिविधियों के संबंध में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने में सहायक होगा।

# ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में गिरावट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महज दो महीनों में 2022-23 की तुलना में 87 फीसदी तक घटी पावर ट्रांसफार्मर क्षति

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉर्पोरेशन की ओर से की गई सख्ती, निरंतर मॉनीटरिंग और जवाबदेही तय करने की नीति से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। पिछले वर्षों के मुकाबले 2025-26 के सिर्फ अप्रैल और मई महीने में ही 3233 ट्रांसफार्मर कम क्षतिग्रस्त हुए हैं, जो कि बिजली वितरण प्रणाली में मजबूती और मरम्मत-रखरखाव में सुधार का संकेत है।

यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के मुताबिक वर्ष 2022-23 में अप्रैल-मई में 90 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे। 2023-24 में यह संख्या घटकर 61 हो गई। 2024-25 में 42 ट्रांसफार्मर फुंके और 2025-26 में सिर्फ 12 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। यह ट्रेंड यह बताता है कि मात्र तीन वर्षों में पावर ट्रांसफार्मरों की क्षति में 87 फीसदी से अधिक की कमी आई है।

**विद्युत आपूर्ति में कोई समझौता नहीं :** डॉ. गोयल ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू है। किसी भी स्तर की लापरवाही से आपूर्ति बाधित होती है, तो संबंधित अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी 100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हों, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**ट्रांसफार्मरों के डैमेज रोकने को ठोस उपाय लागू :** डॉ. आशीष कुमार गोयल ने ट्रांसफार्मरों के डैमेज को रोकने हेतु कई ठोस उपाय लागू किए। इसके तहत, पावर ट्रांसफार्मरों पर बेल प्रोटेक्शन सिस्टम, वितरण ट्रांसफार्मरों पर टेललेस यूनिट और फ्यूज यूनिट लगाए गए। लगातार मॉनीटरिंग, मैकेनिकल फॉल्ट ट्रैकिंग और रखरखाव की समीक्षा की गई। जहां ट्रांसफार्मर फुंके, वहां जिम्मेदार अभियंताओं पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। प्रदेश भर में कई अधिशासी अभियंता, एसडीओ और अवर अभियंता कार्रवाई की जद में आए।

# राम मंदिर निर्माण के साथ पर्यटन में आया जबरदस्त उछाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डब्ल्यूटीटीसी की रिपोर्ट में राष्ट्रीय पर्यटन आंकड़ों ने 2019 के सभी मानकों को पीछे छोड़ा
- 2030 तक के पूर्वानुमान में भी सर्वाधिक संभावनाओं वाले हैं यूपी के धार्मिक पर्यटन स्थल

**अमृत विचार :** वर्ल्ड ट्रेवल्स एंड टूरिज्म कौंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) की रिपोर्ट में राम मंदिर के पक्ष में फैसला के बाद शुरू हुए भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण के साथ देशभर के पर्यटन सेवाओं में जबरदस्त उछाल आया है। राष्ट्रीय पर्यटन आंकड़े बताते हैं कि 2019 में अगले पांच साल के लिए किए गए पूर्वानुमान के सभी मानक काफी पीछे रह गए।

अब वर्ष 2030 के पूर्वानुमान में भी यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र में ज्यादा संभावनाएं जताई गई है, इसमें यूपी के धार्मिक पर्यटन सबसे आगे हैं। वर्ल्ड ट्रेवल्स एंड टूरिज्म कौंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के सहयोग से हर पांच साल पर दुनिया भर के 184 देशों की अर्थव्यवस्थाओं और 28 भौगोलिक-आर्थिक क्षेत्रों के लिए यात्रा और पर्यटन के आर्थिक और रोजगार प्रभाव पर रिपोर्ट तैयार करता है। वर्ष 2030 तक के पूर्वानुमान खासा संभावनाओं वाले हैं।

श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या, राधाकृष्ण की जन्मभूमि और कर्मस्थली ब्रजभूमि, तीर्थराज प्रयाग, शिव की काशी, दुनिया को शांति और अहिंसा के संदेश से प्रकाशित करने वाले भगवान बुद्ध से जुड़े सभी प्रमुख स्थल कुशीनगर, सारनाथ, कपिलवस्तु की वजह से पर्यटन में यूपी की संभावनाएं ज्यादा हैं।

डब्ल्यूटीटीसी के अनुसार, देश के लिए पर्यटन के लिहाज से साल 2025 रिकॉर्ड ब्रेकिंग हो सकता है। इसकी वजह से देश की अर्थव्यवस्था में इस सेक्टर का योगदान 22 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

रोजगार पाने वालों की संख्या 48 मिलियन से अधिक हो सकती है। संस्था की ओर से भारत देश के लिए साल 2030 के पूर्वानुमान के अनुसार पर्यटन से अर्थव्यवस्था को मिलने वाला योगदान 42 लाख करोड़ और रोजगार बढ़कर 64 मिलियन हो जाएगा।

### वर्ष 2025 के आंकड़े बना रहे नया लैंड मार्क

आंकड़ों को मुताबिक 2023 में अयोध्या आने वाले पर्यटकों की संख्या 5.76 करोड़ थी जो 2024 में बढ़कर 16.44 करोड़ तक पहुंच गई। इसी दौरान काशी में यह वृद्धि 10.18 करोड़ से 11 करोड़, मथुरा में 7.79 करोड़ से 9 करोड़ हुई। प्रयागराज में 5.06 करोड़ की तुलना में 5.12 करोड़ पर्यटक आए। 2025 में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ, जाने वाले श्रद्धालुओं की वजह से आंकड़े एक नया लैंड मार्क बनाएंगे।


## वर्ग पहेली- 1

**बाएं से दाएं**

1. बोलने की शक्ति, वाचा, वाणी, वाक।
4. एक प्रकार का हलका पीला रंग।
6. 1. प्रधान अधिकारी या कार्यकारी प्रशासक से संबंधित, (एक्ज़ीक्यूटिव) 2. नियंत्रक।
7. दे. यारबाज़।
8. जलाशयों के किनारे होने वाला एक पर्वतीय पौधा जो औषधि के काम में आता है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. केश 2. बालक 3. किसी पशु का बच्चा 4. शरीर का रोआं, रोम।
2. आपात स्थिति, आपातकाल, आकस्मिक संकट।
3. 1. जीवंत, जीवित 2. सजीव, सचेत, जीवन-शक्ति से युक्त 3. भला-चंगा 4. तेजवान; सशक्त।
5. 1. जालसाज़ी, छल-कपट, धोखा, सही बात छिपाकर दूसरी बात कहना 2. धमकी।
6. 1. आग की तरह जलता या दहकता हुआ 2. आग की-सी जलन उत्पन्न करने वाला।



### वर्ग पहेली -460 का हल


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख़ि | | | 2 अ | | 3 सं |
| ल | | | नि | | वि |
| 4 क | ट | चा | य | | धा |
| त | | | मि | | न |
| | | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | | |
| त | | न | | 7 झा | ल |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-15.46 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराषाढा 15 जून 12.22 तक तत्पश्चात श्रवण।



**मेष**

आज जो लोग आपके विरुद्ध थे वे आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ कठोर निर्णय ले सकते हैं। व्यापार में बड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।



**वृष**

आज विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंधों में प्रतिकूलता रहेगी। समय के अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं।



**मिथुन**

आज किसी भी तरह की उधारी न करें। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें। रक्तचाप और किडनी के रोगियों को परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी।



**कर्क**

आज आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है।



**सिंह**

आज आपको अधिक परिश्रम करने के उपरान्त ही अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स को लेकर लापरवाही न करें। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाये रखें।



**कन्या**

आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नई नौकरी के लिए इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब में अधिकारी आपसे असन्तुष्ट रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।



**तुला**

आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण कर लें। नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।



**वृश्चिक**

आज अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े हुए कारोबार में धन लाभ होगा। विद्यार्थी आज पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नये स्रोत विकसित होंगे। बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं।



**धनु**

आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर समस्या होगी। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए।



**मकर**

आज आप धन की बचत करना चाहेंगे। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा। ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। उच्च अधिकारियों से अकारण कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।



**कुंभ**

आज जीवनसाथी के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें। सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी।



**मीन**

आज कानूनी मामलों की अड़चन दूर होगी। लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है। अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ रचनात्मक प्रयोग कर सकते हैं।

## सुडोकू -8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | 3 | 9 | | 7 |
| | 7 | | 5 | 2 | | | | |
| 3 | | | 7 | | | 1 | | 6 |
| | | | | 6 | | | | 5 |
| | 2 | | 9 | | 5 | | 8 | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | | 4 |
| | | | | 5 | 2 | | 3 | |
| 8 | | 9 | 6 | 3 | | | 7 | |

### सुडोकू - 7 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 8 |



एडेन मारक्रम

# जीत के लिए 281 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य के करीब

## सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम (91) और कप्तान तेम्बा बावुमा (53) क्रीज पर डटे

**लंदन, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाजी एडन मारक्रम की शानदार बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में शुक्रवार को यहां जीत के लिए 282 रन का पीछा करते हुए तीसरे दिन चाय काल के बाद खबर लिखे जाने तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 189 रन बना लिए।

मारक्रम 92 रन और कप्तान तेम्बा बावुमा 53 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका अब जीत से 93 रन दूर है और उसके आठ विकेट शेष है। दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया को दोनों सफलता मिचेल स्टार्क ने दिलायी। इससे पहले स्टार्क (नाबाद 58) की अर्धशतकीय पारी और आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की साझेदारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 207 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। बल्लेबाजों के लिए आसान हुई



स्टीवन स्मिथ स्लिप में कैच लेने से चूक गए और उनकी उंगली में चोट लग गई। ● एजेंसी

परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा आक्रामक अंदाज में किया। सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने शुरुआती ओवर में स्टार्क के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन इस बायें हाथ के तेज गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलायी।

मारक्रम ने हेजलवुड और स्टार्क के खिलाफ आत्मविश्वास से भरे चौके जड़े तो वहीं वियान मुल्डर (27 रन) ने भी हेजलवुड और पैट कमिंस के खिलाफ शानदार चौके लगाये। दक्षिण अफ्रीका की आक्रामक शुरुआत से निपटने के लिए कमिंस को 10वें ओवर में ही ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का सहारा लेना पर मजबूर होना पड़ा। लियोन के आक्रमण पर आने से रन गति पर काफी हद तक लगाम लगी लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने 13वें ओवर में रनों का अर्धशतक पूरा किया। मुल्डर ने लियोन के खिलाफ चौका लगाया लेकिन कमिंस के लिए गेंदबाजी में बदलाव कर स्टार्क को गेंद थमाना फायदेमंद साबित हुआ। स्टार्क ने अपने दूसरे स्पैल की शुरुआती ओवर में ही मुल्डर को चलता कर दूसरे विकेट के लिए खतरनाक होती साझेदारी को तोड़ा। स्टार्क के अगले ओवर में कप्तान तेम्बा बावुमा को जीवनदान मिल जब स्लिप में स्टीव स्मिथ उनका मुश्किल कैच लपकने में नाकाम रहे। बावुमा और मारक्रम ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को सफलता से दूर रखा। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 144 रन से की और कगिसो रबाडा ने दिन के तीसरे ओवर में ही नाथन लियोन (दो) को पगबाधा कर उसे नौवां झटका दिया। स्टार्क और हेजलवुड ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाते हुए 135 गेंदों में 59 रन की साझेदारी की। एडेन मारक्रम ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के 65वें ओवर में केशव महाराज के हाथों हेजलवुड को कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को खत्म किया जिसके बाद अंपायरों ने लंच की घोषणा कर दी।

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका (पहली पारी) | 138 रन |

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी**

**207/10** (65 ओवर)

- मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसेन 22
- उस्मान ख्वाजा का वेरेने बो रबाडा 06
- कैमरन ग्रीन का मुल्डर बो रबाडा 00
- स्टीव स्मिथ पगबाधा बो एनगिडी 13
- ट्रेविस हेड बो मुल्डर 09
- ब्यू वेबस्टर पगबाधा बो एनगिडी 09
- एलेक्स कैरी पगबाधा बो रबाडा 43
- पैट कमिंस बो एनगिडी 06
- मिचेल स्टार्क नाबाद 59
- नाथन लियोन पगबाधा रबाडा 02
- जोश हेजलवुड का महाराज बो मारक्रम 17

**गेंदबाजी :** रबाडा 18-1-59-4, यानसेन 18-3-58-1, मुल्डर, 8-1-18-1, एनगिडी 13-1-38-3, महाराज 6-1-17-0, मारक्रम 2-1-5-1

### स्टीव स्मिथ उंगली में चोट लगने के बाद मैदान से हुए बाहर

ऑस्ट्रेलिया को उस समय बड़ा झटका लगा जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन कैच लेने के प्रयास में स्टीव स्मिथ की उंगली में चोट लग गई। तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की गेंद पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा का कैच लेने के प्रयास में स्मिथ उंगली में चोट लगा बैठे। उस समय बावुमा सिर्फ दो रन पर थे। स्मिथ की उंगली में चोट लगने के कारण उन्हें उपचार के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा।

**एक नजर**

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की बेल्जियम पर लगातार तीसरी जीत



**एंटवर्प :** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने बेल्जियम को 3-2 से हराकर यूरोप के अपने मौजूदा दौरे में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल की। सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरुआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### मराठा रॉयल्स ने टी20 मुंबई लीग का खिताब जीता

**मुंबई :** राजेश सुतार के अर्धशतक और अवैस नौशाद के उपयोगी योगदान से मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया। मराठा रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर सुतार के 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 53 रन की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। नौशाद ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली और सुतार के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इससे मराठा रॉयल्स की टीम 19 .2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। इससे पहले मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) और हर्ष अघव (नाबाद 45) की 49 गेंदों पर 85 रन की अटूट साझेदारी की मदद से मुंबई फाल्कंस ने चार विकेट पर 157 रन बनाए।

### सप्तक तलवार चेक गणराज्य में संयुक्त 78वें स्थान पर

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने निराशाजनक शुरुआत करते हुए यहां राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के पहले दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 78वें स्थान पर हैं। तलवार को अगर कट में जगह बनानी है तो उन्हें दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के इस खिलाड़ी ने शुरुआत बैक नाइन से की और 13वें तथा 17वें होल पर बोगी कर बैठे। वह चौथे होल में बर्डी बनाने में सफल रहे। दक्षिण अफ्रीका के जोवन रेबुला पहले दौर के बाद एक स्ट्रोक से आगे चल रहे हैं। अमेरिका के जैक्सन पामर और स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

### भारत के तायडे ने चमक बिखेरी टीम 'एमजीडी1' संयुक्त बढ़त पर

**लंदन :** भारत के अथर्व तायडे के शानदार प्रदर्शन के बूते टीम 'एमजीडी1' यहां विश्व रैपिड एवं ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के दूसरे दिन 13 अंक के साथ तालिका में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। तायडे ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी आठ गेम जीते हैं। छह जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ 'हेक्सामाइंड' और 'टीम एमजीडी1' तालिका में शीर्ष पर हैं। विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली फ्रीडम, उज्बेकिस्तान और जर्मनी एंड फ्रेंड्स 12 अंकों के साथ उनके करीब हैं। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा, अलीरेजा फिरोजा और वेस्ले सो जैसे खिलाड़ियों से सजी टूर्नामेंट में जीत की दावेदार टीम 'डब्ल्यूआर शतरंज' के लगातार दो हार के बाद उनकी खिताब की उम्मीदों को झटका लगा है।

# भारत को निरंतरता बनाए रखना होगा

**बेकेनहैम (केंट), एजेंसी**

● टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने खिलाड़ियों को दी सलाह

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के अनुसार इंग्लैंड की परिस्थितियों में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले टीम को लाल गेंद से खेलने का कम मौका मिला, जिससे वह थोड़ा नर्वस हैं।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगा। मोर्कल ने यहां भारत के अभ्यास सत्र से इतर कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और जब हम अभ्यास करते हैं तो इसमें निरंतरता होती है, मैदान के बाहर भी निरंतरता होती है। हमारे खिलाड़ियों को उस प्रक्रिया को ढूंढना होगा जो उनके खेल के अनुकूल हो। उन्होंने कहा हमारे पास बहुत विविधता है। हमारे आक्रमण में विविधता है। हमारे पास अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ी हैं। इसलिए वे ऐसा कर सकते हैं और साथ ही 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों) पर भी अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं। भारत ने आखिरी बार इस साल जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था। इसके अलावा, मौजूदा टीम में यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन सहित कई खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज खेलेंगे। मोर्कल ने कहा कुल मिलाकर मैं अभी तक की तैयारी से बहुत खुश हूं। हमने हाल में लाल गेंद से कम क्रिकेट खेली है जिससे मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों ने जिस तरह से अभ्यास किया उसे देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा हमारे पास एक शानदार टीम है। यह बेहद ऊर्जावान है और आपको इसी की जरूरत है।

आपको टेस्ट सीरीज में आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और टीम भावना रखनी होगी। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने टीम के अभ्यास सत्रों के संदर्भ में कहा कि परिस्थितियां काफी हद तक तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं। अब तक के दो दिन के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं। अब बल्लेबाजों के लिए परीक्षा की घड़ी होगी।



कोच मोर्ने मोर्कल

# फिर से मौका मिलने पर भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं: करुण नायर

**बेकेनहैम, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट में दूसरी बार मौका मिलना बहुत दुर्लभ होता है। करुण नायर इस बात के लिए आभारी हैं कि उन्हें एक बार फिर से भारत की टेस्ट जर्सी पहनने का मौका मिल रहा है। दायें हाथ का यह बल्लेबाज इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए दोहरा शतक जड़ने के बाद सीनियर टीम के साथ जुड़ गया है।

भारत इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा जिसका आगाज 20 जून में लीड्स में होगा। नायर ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के बाद 'बीसीसीआई डॉट टीवी'से कहा बेहद खास महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा मैं फिर से मौका मिलने पर बहुत आभारी और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। मैं इस अवसर को दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हू। टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय नायर ने आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी की है। भारत ए टीम में शामिल खिलाड़ी जब सीनियर टीम के साथ जुड़े तो मुख्य कोच गौतम गंभीर ने नायर की वापसी को बेहद खास करार दिया। उन्होंने 'टीम हडल' में कहा वापसी करना कभी आसान नहीं होता। आपने जितने रन बनाए हैं, आपकी हार न मानने वाली सोच टीम के लिए प्रेरणादायक है। स्वागत है करुण नायर। केएल राहुल ने भी उनकी दृढ़ता की तारीफ की।



करुण नायर। ● एजेंसी

### मां की तबीयत बिगड़ने पर स्वदेश लौटे गंभीर

**बेकेनहैम (ब्रिटेन) :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को स्वदेश लौट आये क्योंकि उनकी मां सीमा गंभीर को स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि गंभीर को अपनी मां को देखने के लिए वापस लौटना पड़ा, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा है और वह इस समय नयी दिल्ली के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती हैं। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा गौतम की मां को बुधवार को दिल का दौरा पड़ा था।

# भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

**लंदन, एजेंसी :** इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत के खिलाफ 28 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए शुक्रवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें बायें हाथ की अनुभवी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के इस दौरे पर टी20 सीरीज के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज भी खेलेगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक विज्ञप्ति में कहा, नयी कप्तान नैट सिवर-ब्रंट और कोच चार्लोट एडवर्ड्स की अगुवाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम में एक्लेस्टोन की वापसी हो रही है। छब्बीस साल की एक्लेस्टोन ने चोट से उबरने के साथ ही अपने समग्र स्वास्थ्य का प्रबंधन करने के लिए खेल से संक्षिप्त विश्राम लिया था।

**इंग्लैंड की टीम :** नैट सिवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगी स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी वायट-हॉज, इस्सी वोंग।

# सुरुचि सिंह ने स्वर्ण पदक जीता

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**

● महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पाई सफलता

उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता। उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पायी। अंतिम प्रयास में 9.5 का स्कोर भारतीय खिलाड़ी के लिए शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि जेड्रेजेवस्की ने 9.8 का ही स्कोर किया था। सुरुचि इससे पहले क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 25वें स्थान पर रहीं।



सुरुचि सिंह। ● एजेंसी

**कड़ा मुकाबला**



लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप में शुक्रवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान शॉट लगाती हुई रूसी खिलाड़ी डायना श्नाइडर। ● एजेंसी

# भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी पर

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

**एंटवर्प, एजेंसी**

लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूर्नामेंट का यूरोपीय चरण भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए निराशाजनक रहा। उसे एम्सटेलवीन में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ भी टीम दोनों मैच हार गई। भारत अभी 12 मैचों में 15 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसे महत्वपूर्ण अंक जुटाने और शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी। उंगली में चोट के कारण अर्जेंटीना के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच कितना महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे न केवल हमें महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी। उन्होंने कहा पिछले चार मैचों में हमारे कुछ मुकाबले करीबी रहे हैं, लेकिन हमें हार का सामना करना पड़ा। हम इसे बदल कर जीत हासिल करना चाहते हैं। नीदरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही और उसने अंतिम क्षणों में गोल भी खाए। अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन बेहद खराब रहा जिसके कारण टीम को पराजय झेलनी पड़ी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में भी संघर्ष करना पड़ा और अर्जेंटीना के आठ की तुलना में वह केवल तीन पेनल्टी कॉर्नर ही हासिल कर सका।



भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

### भारतीय महिला हॉकी टीम को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद

**लंदन :** अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच से होगी। भारतीय टीम फिलहाल नौ अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर चल रही। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच खेलेगा। टीम इसके बाद 19 जून को एंटवर्प जाएगी जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। इसके बाद यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ मैच के साथ होगा। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमने हर विभाग में काम किया है। मैं जिन दो क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहा हूं वह हैं गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग।

# भारत जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में जर्मनी और आयरलैंड के साथ एक ग्रुप में

**लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

भारत को इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। प्रत्येक दो साल में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी। चार-चार टीमों के छह पूल होंगे, जिसमें पांच बार के चैंपियन नीदरलैंड को पूल ए में तथा दो बार के विजेता अर्जेंटीना को पूल बी में रखा गया है।

यह टूर्नामेंट एक से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता को पिछली बार 2023 में सैंटियागो में ही आयोजित किया गया था जिसमें 16 टीम ने हिस्सा लिया था। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया चिली के सैंटियागो में आज आयोजित ड्रा समारोह के अवसर पर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के छह पूल निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी। भारत ने यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट कभी नहीं जीता है। जर्मनी में खेलने गया भारत तीसरे स्थान पर रहा था।

**पूल ए :** नीदरलैंड, जापान, चिली, मलेशिया
**पूल बी :** अर्जेंटीना, बेल्जियम, जिम्बाब्वे, वेल्स
**पूल सी :** जर्मनी, भारत, आयरलैंड, नामीबिया
**पूल डी :** इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन, ऑस्ट्रिया;
**पूल ई :** ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा, स्कॉटलैंड;
**पूल एफ :** अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड, उरुग्वे।

# भारत और चीन हवाई सेवा पुनः शुरू करने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ बातचीत की और इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा एवं जन-केंद्रित सहभागिता को प्राथमिकता देते हुए संबंधों को स्थिर और पुनःनिर्मित करने पर सहमति व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह बैठक गुरुवार को हुई और दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक उपायों में तेजी लाने पर भी सहमति जताई। मिसरी ने इससे पहले 27 जनवरी को बीजिंग में सुन के साथ बातचीत की थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सुन 12-13 जून को भारत की यात्रा पर यहां आए हैं। गुरुवार को हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने 27 जनवरी, 2025 को बीजिंग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की और लोगों को ध्यान में रखते हुए संबंधों को स्थिर बनाने और उनका पुनर्निर्माण करने पर सहमति जताई।

विदेश सचिव ने इस साल कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की।



• विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ की बातचीत

## निविदा में कथित अनियमितता में कई राज्यों में छापेमारी

नई दिल्ली। बिहार में राज्य सरकार की निविदा में कथित अनियमितताओं के संबंध में ठेकेदार-नौकरशाह गठजोड़ से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय ने कई राज्यों में छापेमारी की।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पटना स्थित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े मामले में गुरुवार को पटना और मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) में नौ स्थानों पर छापेमारी की गई। ठेकेदार से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान अपराध से जुड़े कई सबूत और दस्तावेज जब्त किए गए। मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई (सीवीयू) द्वारा रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है।

# डीएनए जांच

## पहचान, कानून और न्याय में भूमिका

डीएनए जांच एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो किसी व्यक्ति के डीएनए (डिऑक्सीराइबोन्यूक्लिक अम्ल) का विश्लेषण करके उसकी पहचान और उसकी आनुवंशिक जानकारी प्राप्त करने का काम करती है। इस जांच का उपयोग चिकित्सा, अपराधों की जांच, उत्पत्ति के प्रमाण और परिवारिक संबंधों की सत्यता स्थापित करने में किया जाता है। कानूनी मामलों में भी डीएनए जांच का अहम स्थान है, खासकर जब बात पितृत्व विवाद, हत्या या अन्य गंभीर अपराधों की हो। डीएनए के आधार पर व्यक्ति की शिनाख्त, अपराध के दौरान मिले प्रमाणों से मेल खाने और निर्दोष व्यक्ति को न्याय दिलाने में मदद मिलती है। यह तकनीक एक सटीक और विश्वसनीय प्रक्रिया मानी जाती है, जो व्यक्ति की पहचान करने में किसी भी संदेह को समाप्त कर देती है।



### जांच के कानूनी पहलू

डीएनए जांच का कानूनी दुनिया में महत्वपूर्ण स्थान है। यह जांच न केवल अपराधों की पहचान और समाधान में मदद करती है, बल्कि पारिवारिक, पितृत्व विवादों और उत्पत्ति प्रमाणों की सत्यता साबित करने के लिए भी की जाती है। डीएनए जांच एक व्यक्ति के शरीर से प्राप्त डीएनए के विश्लेषण से होती है, जो उसके शारीरिक और आनुवंशिक गुणों को दर्शाता है। डीएनए का विश्लेषण किसी भी अपराध के स्थल से मिले जैविक प्रमाणों के साथ मिलाकर अपराधी की पहचान करने में मदद करता है। कानूनी मामलों में डीएनए जांच के उपयोग से सटीकता और निष्पक्षता की संभावना अधिक होती है।

### जांच कराने के लिए मुख्य कारक

- **पितृत्व विवाद :** अक्सर यह सवाल उठता है कि कोई बच्चा किसका है। डीएनए जांच की सहायता से बच्चे और पिता के बीच मेल को आसानी से जांचा जा सकता है। यह जांच अदालत में पितृत्व संबंधी मामलों का निर्णय सटीक रूप से करने में मदद करती है।
- **अपराधों की पहचान :** अपराधियों को पकड़ने के लिए डीएनए जांच कराया जाता है, अपराध स्थल से मिले खून, बाल, त्वचा, आदि से इसे किया जाता है। यदि जांच अपराधी के डीएनए से मेल खाते हैं, तो यह एक ठोस प्रमाण बनता है, जो न्याय में मदद करता है।
- **साक्ष्य की प्रमाणिकता :** डीएनए जांच एक बहुत सटीक और विश्वसनीय प्रक्रिया मानी जाती है। इसके परिणामों को कोर्ट में पेश किया जा सकता है, और इसे एक ठोस और अप्रतिवादित प्रमाण माना जाता है।
- **आनुवंशिक चिकित्सा :** कई कानूनी मामलों में, जैसे वसीयत या सम्पत्ति विवाद में, व्यक्ति के आनुवंशिक इतिहास का पता लगाने के लिए डीएनए जांच का सहारा लिया जाता है। यह जांच परिवार के सदस्यों के बीच रिश्तों की पुष्टि करती है।

### डीएनए संग्रह और डेटाबेस

कई देशों में अपराधियों के डीएनए का संग्रह किया जाता है और उन्हें राष्ट्रीय डेटाबेस में डाला जाता है। यदि किसी नए अपराध स्थल पर डीएनए मिलता है, तो डेटाबेस में उस डीएनए के साथ तुलना की जाती है और इससे अपराधी की पहचान होने में मदद मिलती है।

### परिवार का पता लगाना

डीएनए परीक्षण का उपयोग अब पारिवारिक उत्पत्ति का पता लगाने के लिए भी किया जाता है। यह जीनोम की संरचना और ऐतिहासिक आनुवंशिकी का अध्ययन करता है, जिससे लोग अपने पूर्वजों और जातीयता का पता लगा सकते हैं।

### असली पहचान की पुष्टि

यदि किसी व्यक्ति की पहचान संदिग्ध हो, तो डीएनए परीक्षण उसका असली नाम, उम्र और पहचान साबित करने में सहायक हो सकता है। यह विशेष रूप से विस्थापित या लापता व्यक्तियों के मामलों में महत्वपूर्ण होता है।

# ईरान पर किया प्रारंभिक हमला : नेतन्याहू

## परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसर को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के तहत बनाया निशाना

यरुशलम, एजेंसी

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों और वरिष्ठ कमांडरों को निशाना बनाकर किए गए हमले को बहुत ही सफल प्रारंभिक हमला बताया। इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसर पर हमला करने के लिए 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया। इस हमले में ईरान के कई प्रमुख सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए।

नेतन्याहू ने कहा, हमने बहुत ही सफल शुरुआती हमला किया है। ईश्वर की मदद से, हम और भी कई उपलब्धियां हासिल करने जा रहे हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने कहा था कि इजराइल ने ईरान के परमाणु संवर्धन कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया है। नेतन्याहू ने दावा किया, हमने ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया है। हमने नतांज में ईरान की मुख्य संवर्धन सुविधा को निशाना बनाया है। हमने ईरानी (परमाणु) बम पर काम कर रहे ईरान के प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है। हमने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के केंद्र पर भी हमला किया है। उन्होंने ईरानी परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को अस्तित्व के लिए खतरा करार दिया।

इजराइल और ईरानी सूत्रों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली और परमाणु सुविधा को भारी नुकसान पहुंचने की पुष्टि की है, साथ ही ईरानी सेना प्रमुख मोहम्मद बाघेरी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के कमांडर हुसैन सलामी की मौत भी हुई है। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि हमलों से इजराइली वायुसेना के लिए ईरान पर हवाई हमले की स्थिति में सुधार हुआ है। इजराइली सेना ने हमलों में से एक का वीडियो भी जारी किया। इस बीच, सूत्रों ने कहा कि इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने शुक्रवार सुबह हवाई हमलों से पहले ईरान के अंदर व्यापक गुप्त अभियान चलाया। मोसाद के नेतृत्व वाले आतंकवाद-रोधी अभियानों ने वहां स्थापित एक गुप्त अड्डे को सक्रिय कर दिया। इन अभियानों का उद्देश्य ईरान की रणनीतिक मिसाइल प्रणाली और उसकी वायु रक्षा क्षमताओं को नुकसान पहुंचाना था। ईरानी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने कहा, अब जबकि अल-कुद्स (यरुशलम) पर कब्जा करने वाले आतंकवादी शासन ने सभी रेखाओं को पार कर लिया है... लेकिन, इस अपराध का जवाब देने की कोई सीमा नहीं है।



### एअर इंडिया ने 16 उड़ानों का मार्ग बदला

मुंबई। इजराइल के ईरान पर हमले के बाद ईरानी हवाई क्षेत्र बंद किए जाने की वजह से शुक्रवार को एअर इंडिया की लंबी और बहुत लंबी दूरी की 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। विमानन कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए उड़ानों की व्यवस्था की जा रही है।

### इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी: खामनेई

यरुशलम। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश पर हमले के लिए इजराइल को कड़ी सज़ा दी जाएगी। ईरान की सरकारी सामाचार एजेंसी आईआरएनए ने खामनेई के बयान को जारी किया। इसने पुष्टि की कि हमले में सेना के शीर्ष अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए हैं। खामनेई ने कहा कि उनके देश में हुए इस अपराध में इजराइल के शैतानी और रक्त-रंजित हाथ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल ने आवासीय इलाकों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति को उजागर किया है।



### नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी सहित वैश्विक नेताओं से बात की

इजराइली प्रधानमंत्री ने ईरान पर किये हमलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के कूटनीतिक प्रयास के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संक्षिप्त बयान में कहा गया कि कल रात से अब तक नेतन्याहू ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़, भारत के प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की है। वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर से बात करेंगे।

### रूस ने ईरान पर इजराइली हमले को अकारण बताया

मॉस्को। रूस ने ईरान पर इजरायल के अकारण हवाई हमलों की कड़ी निंदा की और क्षेत्र में तनाव के खतरनाक ढंग से बढ़ने पर बड़ी चिंता व्यक्त की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, हम पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर बड़ी चिंता व्यक्त करते हैं। हम 13 जून की रात को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए इज़राइल द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं। उसने कहा है कि एक संप्रभु संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश, उसके नागरिकों, शांतिपूर्ण शहरों और परमाणु ऊर्जा अवसंरचना सुविधाओं के खिलाफ अकारण सैन्य हमले स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य हैं।

## ईरान की कार्रवाई पर अमेरिकी युद्धपोत पश्चिम एशिया रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल द्वारा ईरान के ठिकानों पर किये गए हमले के बाद खाड़ी देश की ओर से जवाबी कार्रवाई किये जाने की आशंका के मद्देनजर अमेरिका अपने युद्धपोतों सहित सैन्य संसाधनों को पश्चिम एशिया की ओर स्थानांतरित कर रहा है। अमेरिका के दो अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

नौसेना ने विध्वंसक पोत यूएसएस थॉमस हडनर को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर बढ़ने का निर्देश दिया है तथा दूसरे विध्वंसक पोत को भी आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोध किए जाने पर वे उपलब्ध हो सकें। एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप स्थिति पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुखों के साथ बैठक कर रहे हैं। दोनों अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी क्योंकि अब तक इस जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया गया है। क्षेत्र में सेनाएं कई दिनों से एहतियाती कदम उठा रही हैं, जिनमें सैनिकों के आश्रितों को स्वेच्छा से क्षेत्रीय सैन्य अड्डों से वापस बुलाना शामिल है, ताकि हमल होने और ईरान से जवाबी कार्रवाई किये जाने की सूरत में उन कर्मियों की सुरक्षा की जा सके। पश्चिम एशिया में आम तौर पर 30,000 अमेरिकी सैनिक तैनात रहते हैं। इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव और यमन में ईरान समर्थित हुतियों द्वारा लाल सागर में वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों पर हमलों के बीच यह संख्या बढ़कर 43,000 तक पहुंच गई।



### ईरान में भारतीयों को दी यात्रा से बचने की सलाह

तेहरान। ईरान में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को देश में मौजूद भारतीयों को इजराइल के हमलों के बाद सतर्क रहने, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी। भारतीय दूतावास ने कहा, ईरान में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट का अनुसरण करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

## एक नजर

### रेको दिक के लिए पाकिस्तान को मिले 70 करोड़ डॉलर

इस्लामाबाद। अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। रेको दिक परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा, जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। समाचार पत्र की खबर के अनुसार, ऋणदाताओं द्वारा यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। इस मंजूरी के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र से पाकिस्तान को अपनी सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक 'रेको दिक' परियोजना में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है। बैरिक गोल्ड, पाकिस्तान तथा बलूचिस्तान सरकार के पास संयुक्त रूप से इस परियोजना का स्वामित्व है।

### टैगोर के पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच गिरफ्तार

ढाका। नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश स्थित पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि तोड़फोड़ की घटना में टैगोर से जुड़ी किसी वस्तु को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। रविवार को हुई तोड़फोड़ के बाद रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को इसे आगंतुकों के लिए फिर से खोल दिया गया। कचहरीबाड़ी सिराजगंज जिले में स्थित टैगोर परिवार का पैतृक आवास और राजस्व कार्यालय है। रवींद्रनाथ के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने यह परिसर 1840 में खरीदा था। रवींद्रनाथ ने यहां अपनी कई उल्लेखनीय साहित्यिक कृतियां लिखी थीं।

### मंगोलिया के साथ अभ्यास भारत की रक्षा कूटनीति

नई दिल्ली। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलियाई सेना के साथ सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और बहुराष्ट्रीय अभ्यास खान क्वेस्ट को भारत की बढती रक्षा कूटनीति का प्रतीक बताया है। श्री सिंह ने शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट के समापन अवसर पर यह बात कही। समारोह में सेना के 'ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट' के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी थे। रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की पेशेवर कुशलता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और आचरण की सराहना की।

### पाकिस्तान में जांच चौकी पर हमला, दो की मौत

पेशावर। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान स्थित एक जांच चौकी पर किए गए हमले में कम से कम दो सुरक्षा कर्मी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कुर्रम जिले के सीमावर्ती शहर हुसैन मेला में जांच चौकी पर आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार रात अचानक हमला कर दिया। अधिकारियों ने दावा किया है कि अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत से कुर्रम जिले में घुसपैठ कर आतंकवादी यहां पहुंचे थे।

### मानसरोवर की यात्रा पर निकला पहला जत्था

नई दिल्ली। चीन के अधिकार वाले तिब्बत में स्थित भगवान शिव के धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर की यात्रा का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने यहां जवाहरलाल नेहरू भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को इस यात्रा के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया और उनकी सुरक्षित और संतोषजनक यात्रा की कामना की। मार्गेरिटा ने यात्रा को फिर से शुरू करने में केन्द्र सरकार की भूमिका की सराहना की।

## आप्रवासियों पर कार्रवाई के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन

• आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी का कर रहे विरोध

ऑस्टिन, एजेंसी

अमेरिका में आप्रवासियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई के विरुद्ध पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस सप्ताह के अंत में राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ बड़े पैमाने पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कई शहरों में अधिकारियों ने कमर कस ली है।

आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ हो रहे कई विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, हालांकि कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प की खबरें आई हैं। इस सिलसिले में सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिलिस में अधिकारी आप्रवासन कानूनों को लागू करने के लिए तेजी से कदम उठा रहे हैं, जिसके खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड के 4000 सैनिकों और 700 नौसैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। संघीय न्यायाधीश के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है, जिसमें ट्रंप से कहा गया था कि वह नेशनल गार्ड के सैनिकों की तैनाती का अधिकार कैलिफॉर्निया को वापस करें। न्यायाधीश ने कहा था कि सैनिकों की तैनाती अवैध है। व्हाइट हाउस ने कहा कि इससे हमारे बहादुर संघीय अधिकारियों के सामने खतरा पैदा होगा।

## ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि वह अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और अपने कनाडाई तथा पुर्तगाली समकक्षों के संपर्क में हैं। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि विमान में सवार 241 लोग दुर्घटना में मारे गए। एक व्यक्ति बच गया है और उसका इलाज चल रहा है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा, अहमदाबाद विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी, पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के संपर्क में हैं। इस दुख की घड़ी में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

### अहमदाबाद विमान हादसा



### सिंगापुर, जापान और चीन ने व्यक्त की संवेदना

सिंगापुर/तोक्यो/बीजिंग। कई देशों के प्रधानमंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने भी विदेश मंत्री एस जयशंकर को शोक पत्र भेजा है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान की दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। इशिबा ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजे शोक संदेश में कहा कि दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने की खबर सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को संदेश भेजकर विमान दुर्घटना से हुए जानमाल के नुकसान पर संवेदना व्यक्त की।

### भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली हादसे में जान गंवाने वाली एकमात्र कनाडाई नागरिक

ओटावा। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों में भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली पटेल भी हैं, जोकि इस उड़ान में एकमात्र कनाडाई नागरिक थीं। सीटीवी न्यूज टोरंटो ने बताया कि टोरंटो के एटोबिकोक में रहने वाली 32 वर्षीय निराली पटेल भारत में सामाजिक यात्रा से कनाडा वापस जा रही थीं, लेकिन दुर्घटना का शिकार हो गईं। इसमें कहा गया कि निराली के पति अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ भारत जाने की योजना बना रहे हैं। निराली चार या पांच दिन के लिए भारत आई थीं।

### गूगल होमपेज पर दुर्घटना में जान गंवाने वालों की याद में काला फीता किया गया प्रदर्शित

नई दिल्ली। इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए अपने सर्च इंजन के होमपेज पर काले फीते की तस्वीर प्रमुखता से दर्शाई है। इस तस्वीर को सर्च बार के ठीक नीचे रखा गया है। फीते की छवि पर माउस घुमाने पर एक संदेश दिखाई देता है, विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों की याद में। अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए इस विमान में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा

स्पेन ने पेश किया प्रस्ताव, 19 देशों ने मतदान से किया परहेज जबकि 12 देश रहे खिलाफ

## गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव से भारत ने किया किनारा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने परहेज किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्पेन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस प्रस्ताव में तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्धविराम और हमास तथा अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई।

भारत समेत 19 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया, जबकि 12 देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और पक्ष में 149 वोट पड़े। 'नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखना' शीर्षक वाले प्रस्ताव पर मतदान की व्याख्या में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह प्रस्ताव गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति की पृष्ठभूमि में लाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत गहराते मानवीय संकट से बहुत चिंतित है और नागरिकों की मौत की घटना की निंदा करता है।

हरीश ने कहा कि भारत पहले भी इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर प्रस्तावों से दूर रहा है। उन्होंने कहा कि आज मानना है कि संघर्षों को बातचीत और कूटनीति से ही हल किया जा सकता है। दोनों पक्षों को करीब लाने के लिए एक संयुक्त प्रयास किया जाना चाहिए। इन कारणों से हम इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहेंगे। प्रस्ताव में मांग की गई कि इजराइल तुरंत नाकाबंदी खत्म करे, सभी सीमा पार मार्ग खोले और यह सुनिश्चित करे कि अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय सिद्धांतों के तहत दायित्वों के अनुरूप गाजा पट्टी में फलस्तीनी नागरिकों तक तुरंत और बड़े पैमाने पर सहायता पहुंचाई जाए।



### गाजा में इंटरनेट ठप होने से सहायता बाधित

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के ठप होने से गाज़ा पट्टी में मानवीय सहायता बाधित हो गयी है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने यह जानकारी दी। हक ने गुरुवार को कहा, मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के पूरी तरह बंद होने से गाज़ा में राहत कार्य ठप हो गए हैं। संचार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों के अनुसार ये बाधा गंभीर सैन्य गतिविधियों से उत्पन्न हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पक्ष पर दोष नहीं लगा रहा है, लेकिन ये बात सही है कि इंटरनेट सेवाएं चालू रखने के लिए ईंधन की सख्त ज़रूरत है।

## न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

• अंबानी परिवार को जेड प्लस सुरक्षा दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका की खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वादी द्वारा बार-बार याचिका दायर करने पर उसे फटकार लगाई। साथ ही उद्योगपति मुकेश अंबानी तथा उनके परिवार के सदस्यों को प्रदान की गई 'जेड प्लस' सुरक्षा वापस लेने के अनुरोध वाली उसकी याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और मनमोहन की आंशिक कार्य दिवस वाली पीठ ने याचिकाकर्ता विकास साहा को इस मुद्दे पर एक के बाद एक तुच्छ और परेशान करने वाली याचिकाएं दायर करने के लिए चेतावनी दी और कहा कि यदि वह भविष्य में ऐसी याचिकाएं दायर करते हैं तो अदालत उन पर जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होगी।



साहा ने निस्तारित याचिका में एक आवेदन दायर कर फरवरी 2023 के आदेश के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा रद्द करने की उनकी याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि इस मामले में उनका कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने साहा के वकील से कहा, न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा मत कीजिए। यह बहुत गंभीर मुद्दा है और हम आपको चेतावनी दे रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि यहां कोई सोने की खान है जिसे छीना जा सकता है और हम आपकी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए यहां हैं। यह एक पवित्र चीज है, चाहे वह कोई राजनीतिक व्यक्ति हो या कोई व्यवसायी, राज्य को जो भी एहतियात बरतना होगा, वह करेगा। पीठ ने वकील से भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह निर्णय नहीं कर सकता कि किसे क्या सुरक्षा दी जानी है तथा यह केवल केंद्र और राज्य का काम है, जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा विश्लेषण किए गए खतरे पर निर्णय लेते हैं कि क्या एहतियाती कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।